GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-05-06-2024

# सहजनवा में पशु तस्कर गिरफ्तार

सहजनवां (एसएनबी)। पुलिस ने कुशीनगर निवासी एक पशु तस्कर को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बीते अप्रैल के प्रथम सप्ताह में गो तस्करों ने पिकअप में गो वंशों को कसरवल के पास छोड़ फरार हो गए थे। पुलिस अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही थी। मंगलवार को भोर में हाइवे से कुशीनगर के तरयासुजान थाना क्षेत्र के दनियाडी निवासी राकेश यादव पुत्र लल्लन यादव को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार की है।



# वोट डालकर वीडियो वायरल करने पर केस

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरसिहां निवासी अनूप यादव पुत्र राम भवन यादव के खिलाफ हरपुर-बुदहट थाने में उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार कश्यप ने आचार संहिता का उलंघन करते हुए अपने मत का प्रयोग कर वीडियो बनाकर इंटरनेट पर वायरल करने के आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। हरपुर-बुदहट के उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार कश्यप को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि स्थानीय थाना क्षेत्र के अनूप यादव पुत्र राम भवन यादव ग्राम पंचायत बरसिहां निवासी ने 1 जून को अपने बूथ पर मत का प्रयोग कर मोबाइल फोन द्वारा वीडियो बनाकर इंटरनेट पर वायरल वायरल किया गया है, जो आचार संहिता का उलंघन करना है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष आलोक सिंह ने बताया कि अनूप यादव ग्राम पंचायत बरसिहां के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम धारा 128,188 आईपीसी मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सब्जी की फसल बर्बाद होने पर दो पक्षों में मारपीट

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र खुटहन खास के दमकी टोला में रविवार की शाम चार बजे पुरानी रंजिश में सब्जी फसल बर्बाद करने को लेकर पटीदारों में मारपीट हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस तीन के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी है। पीड़िता विन्द्रावती देवी पति राजदेव के मुताबिक अपने खेत में सब्जी की खेती करती है। रविवार को उसके पटीदार पुरानी रंजिश को लेकर खेत से आ- जा रहे थे। सब्जी फसल नुकसान होने पर पीड़िता के मना करने पर लाठी डंडा से मारने लगे। उसकी बेटी छुड़ाने गई तो उसको भी मारेपीटे, जिससे काफी चोटे आई है। तहरीर के आधार पर पुलिस गोरख, फोटो और फूला देबी के खिलाफ धारा 323, 504, 506 427 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है।



विवि. मतगणना स्थल नारेबाजी करते समर्थकों को हटाती पुलिस। फोटो : एसएनबी

# 11 गोवंश के साथ पशु तस्कर गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

जासं.गोरखपुर : सहजनवां थाना पुलिस ने सोमवार की रात 11 गोवंश के साथ पशु तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया। आर्म्स एक्ट व पशु तस्करी का मुकदमा दर्ज कर दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सहजनवां थानेदार मदन मोहन मिश्र ने सोमवार की रात कुशीनगर के तरयासुजान के दनियाड़ी गांव में रहने वाले राकेश यादव को 11 गोवंश के साथ गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से तमंचा मिला। राकेश के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

# मतगणना स्थल के अंदर व बाहर सुरक्षा का था पुख्ता इंतजाम

गोरखपुर (एसएनबी)। मंगलवार की सुबह आठ बजे से लोक सभा चुनाव की मतगणना शुरु हुई। गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था चौकस दिखी। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए विश्वविद्यालय परिसर से दूर गेट के सामने कोई उपद्रवी नजर नहीं आया।

विश्वविद्यालय के चारो तरफ बैरिकेडिंग की गई थी, जहां पुलिस के साथ ही एसएसबी के जवान चितकबरे वर्दी में तैनात नजर आए। कुछ मनबढ़ बिना पास घुसने का प्रयास किए। तो सुरक्षा में तैनात पुलिस से नोक झोंक किए लेकिन चितकबरी वर्दी में जब एसएसबी के जवान लाठियां पटकते हुए आगे बढ़े तो वे नौ दो ग्यारह हो गए। कुछ ही समय बाद पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए विश्वविद्यालय गेट के सामने वाली सड़क से लेकर डीएम कार्यालय के पास से ही आने जाने पर रोक लगा दी गयी थी। उधर विश्वविद्यालय रोड पर भी आवागमन पर रोक लगा दी गयी थी। तमाम दलों के समर्थक मतगणना स्थल पर जाने के लिए एजेंट बने थे, वह अपना पास बाहर लटकाए हुए थे लेकिन गेट पर चेकिंग कराकर आगे बढ़े। सुरक्षा को देखकर वह भी सहमे हुए थे। इसलिए हर कदम अपना पुलिस और सुरक्षा कर्मियों से पूछ कर आगे बढ़ा रहे थे।

**विश्वविद्यालय में लगे सुरक्षाकर्मी**

1300 अर्ध सैनिक बल, पीएसी और पुलिस के जवान की लगी थी ड्यूटी।

विश्वविद्यालय की बाउंड्रीवाल के किनारे तैनात थे सशस्त्र अर्ध सैनिक बल।

एसपी क्राइम को स्ट्रांग रूम और बाह्य स्थल के सुरक्षा एसपी सिटी ने संभाली।

धारा 144 लागू कर विश्वविद्यालय के आस-पास नहीं लगने दी भीड़।

मतगणना में लगे कर्मचारी नहीं ले जा सके मोबाइल, बिना पास नहीं मिला प्रवेश।



विश्वद्यालय में मतगणना के दौरान मुख्य द्वार पर तैनात सुरक्षा के जवान।

# चोरी के लोडर आटो के साथ युवक गिरफ्तार

जासं. गोरखपुर : कैंट थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का लोडर आटो बरामद किया। एएसपी/सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने बताया कि दो दिन पहले सिंघड़िया स्थित इंडेन पेट्रोल पंप के पास से लोडर आटो चोरी हो गया था। सीसी कैमरा फुटेज की मदद से कैंट थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह सिंघड़िया के रहने वाले अजय चौधरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी हुआ लोडर आटो बरामद किया।

# मतदान का वीडियो प्रसारित करने के आरोप में युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं, हरपुर बुदहट : थाना क्षेत्र के बरसिहा निवासी अनूप यादव के विरुद्ध हरपुर बुदहट पुलिस ने मंगलवार को आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई थाने के दारोगा प्रवीण कुमार कश्यप की तहरीर पर की। दारोगा ने तहरीर में बताया कि आरोपित अनूप यादव ने एक जून को अपने बूथ पर मत का प्रयोग करते समय मोबाइल फोन से वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया, जो आचार संहिता के विरुद्ध है।

# पति समेत छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल एकला नंबर दो की एक महिला पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न मारपीट आदि धाराओं मुकदमा दर्ज कराया है। **भटहट प्रतिनिधि** से मिली जानकारी पीड़िता रुखसार खातून पत्नी फिरोज अहम के मुताबिक उसका विवाद दो वर्ष पहले हुआ है। एक वर्ष की बच्ची खाने पीने को मुहताज रहती है। विवाह में जहेज की रकम 30 हजार रुपया कम मिलने के कारण पति समेत ससुराल वाले दुर्व्यवहार करते हैं। दो जून को पति फिरोज द्वारा इतना मारा गया कि उसका सर नहीं घुम रहा है। ससुराल वाले प्रतिदिन गाली-गुप्ता जान से मारने को धमकी देते रहे है। दहेज के लिए सास शाहजहां, ननद नसीरुन, नसीबुन और सीमा, देवर आफताब मिल कर मीरपीट कर मंगलसूत्र और मयके से मिला जेवरात छीन लिए। ससुर अलाउद्दीन भी गाली गलौज करते रहते है। तहरीर के आधार पर पुलिस उक्त छह के खिलाफ धारा 498ए, 323, 504, 506, आईपीसी, 3/4 दहेज प्रतिशोध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# उपद्रवियों से निपटने को सख्त दिखी पुलिस

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : मतगणना की सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मी मंगलवार सुबह छह बजे से ही अपने ड्यूटी प्वाइंट पर मुस्तैद हो गए। रूट डायवर्जन का सख्ती से पालन कराने के साथ ही विश्वविद्यालय गेट के आसपास जुटे नेताओं व उनके समर्थकों को हटा दिया गया। मतगणना शुरू होते ही एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने सुरक्षा की कमान खुद संभाली।

परिसर में भ्रमणशील रहने के साथ ही सीसी कैमरा व ड्रोन से पूरे दिन निगरानी करते रहे। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पर सवाल खड़े करते हुए इंडी गठबंधन के नेता एक जून को मतदान होने के बाद से ही गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में जमे थे। सुरक्षा में लगे अर्द्धसैनिक बल, पीएसी के जवान व पुलिसकर्मी सुबह छह बजे ड्यूटी प्वाइंट पर पहुंच गए। प्रत्याशी व उनके मतगणना अभिकर्ता के अलावा किसी को भी अंदर जाने नहीं दिया गया। विश्वविद्यालय के आसपास भीड़ न जुटे इसके लिए जागरण तिराहे से छात्रसंघ चौराहा, आयकर तिराहा से विश्वविद्यालय मार्ग पर आवागमन बंद कर दिया गया। पांडेय पेट्रोल पंप से विश्वविद्यालय चौराहा की तरफ आने वाली सड़क की लेन से सटे विश्वविद्यालय की चहारदीवारी के पास अर्द्धसैनिक बलों की ड्यूटी लगाई गई थी ताकि कोई अंदर प्रवेश न कर सके। दोपहर में एडीजी जोन डा. केएस प्रताप कुमार, डीआइजी रेंज आनंद कुलकर्णी ने मतगणना स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

# हम भी आएंगे आपके काम, खड़े रहने दीजिए

## मतगणना शुरू होते ही आरटीओ मार्ग पर जुटने लगे गठबंधन व भाजपा के समर्थक

जितेन्द्र पाण्डेय • जागरण

गोरखपुर : लोकसभा चुनाव की मतगणना शुरू होते ही गठबंधन और भाजपा के समर्थकों का भी जमावड़ा पुराने आरटीओ व छात्रसंघ भवन मार्ग की तरफ होने लगा। विवाद न हो इसके लिए एसएसबी के जवान और पुलिसकर्मी भी विश्वविद्यालय के चारों तरफ चौराहों पर तैनात रहे। दोपहर एक बजे बजे के बाद आरटीओ पर गठबंधन के कार्यकर्ताओं की भीड़ बढ़ गई। हटाने के लिए एएसपी अंशिका वर्मा व एएसपी राहुल भाटी वहां पहुंचे। एक जगह जमा कार्यकर्ताओं को देख अधिकारियों ने हटने के लिए कहा। इस पर भीड़ से एक पदाधिकारी ने हाथ जोड़कर कहा मैडम हमें यहां खड़े रहने दें। कोई विवाद नहीं करेंगे। अब हम लोग भी आपके काम आएंगे।

मंगलवार को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरु हुई। छात्रसंघ, आयकर चौराहा, विश्वविद्यालय चौराहे पर बैरियर लगाकर लोगों को अंदर जाने से रोका गया था। सिर्फ एक आरटीओ मार्ग को खाली छोड़ा गया था। मतगणना शुरु होते ही गठबंधन व भाजपा के कुछ समर्थक अलग-अलग जगहों पर खड़े दिखे। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया भीड़ भी बढ़ती गई। दोपहर एक बजे के करीब भाजपा के समर्थकों की संख्या कम हो गई तो गठबंधन के कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ने लगी। जानकारी होने पर दोनों एएसपी भी एसएसबी के जवान, कैंट, रामगढ़ताल और एम्स थानेदार के साथ पुराने आरटीओ मार्ग पर पहुंच गये और भीड़ को हटाने की कोशिश की।

आयकर तिराहे की तरफ से जब अधिकारी भीड़ को हटाते हुए पीडब्लूडी कार्यालय की तरफ जाते तो भीड़ दोबारा जुट जाती।

यह क्रम शाम चार बजे तक चलता रहा। अंत में अधिकारियों ने ड्रोन मंगवाया और चेतावनी दी कि अगर नहीं हटेंगे तो धारा 144 के तहत कार्रवाई करनी पड़ेगी। इसके बाद कुछ कार्यकर्ता तो चले गये लेकिन कांग्रेस व सपा के कुछ कार्यकर्ता चार से पांच की संख्या में अलग-अलग जगहों पर जमे रहे।



आरटीओ के पास जुटे कार्यकर्ताओं को हटाती पुलिस • जागरण

### 30 माला बिकने से मायूस दिखे अमन

हर बार की तरह इस बार भी आरटीओ मार्ग पर फूल की माला लेकर पहुंचे दुकानदारों को मायूसी हाथ लगी। जब वह माला लेकर पहुंचे और भीड़ देखी तो उन्हें लगा कि उनका पूरा माला बिक जाएगा। लेकिन अधिकारियों द्वारा भीड़ को हटाने के क्रम में उन्हें भी हटाया गया। इसमें ट्रांसपोर्ट नगर के दुकानदार अमन ने बताया कि वह 150 माला लेकर आए थे लेकिन 30 माला ही बेच सके। वहीं जिलाधिकारी आवास के पास माला की दुकान लगाए कोइल ने बताया कि वह 225 माला व फूल लेकर आए थे लेकिन सिर्फ 46 माला ही बिका।

तैनात रहे एसएसबी के जवान व पुलिसकर्मी, अधिकारियों के हटाने पर भी जमे रहे कार्यकर्ता

### जीत की सूचना पर डीजे लेकर पहुंचे कार्यकर्ता

दोपहर के समय भाजपा कार्यकर्ता पुराने आरटीओ मार्ग से चले गये, लेकिन शाम को जैसे ही उन्हें पता चला कि लोकसभा सदर की सीट पर भाजपा प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल जीत गये। वैसे ही कार्यकर्ता आयकर के पास लगे बैरियर को तोड़ते हुए डीजे, गुलाल और माला लेकर विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन तक पहुंच गये। वहां पर तैनात एसएसबी और पीएसी के जवानों ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद कार्यकर्ता वहीं पर जीत का जश्न मनाने लगे। कुछ देर बाद मतगणना स्थल से आए एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने डीजे को बंद कराया तो कार्यकर्ताओं से उनकी नोकझोंक भी हुई। लेकिन यह कुछ ही देर तक रहा। जैसे ही रविकिशन बाहर आए एक बार फिर कार्यकर्ता ढोल और बाजे के साथ झूम उठे। यही क्रम बांसगांव प्रत्याशी कमलेश पासवान की जीत के बाद भी रहा।

# युवक को बंधक बना वसूले रुपये

## बिहार के युवक को नौकरी का लालच दे अंजाम दी घटना

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से रुपये लेने के बाद जालसाजों ने उसे बंधक बना लिया।

विरोध करने पर उसे मारते-पीटते थे। जानकारी होने पर पहुंचे परिवार के लोगों ने युवक को मुक्त कराया। पीड़ित की तहरीर पर दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गुलरिहा थाना पुलिस जांच कर रही है।

बिहार के बक्सर के बेगन थाना क्षेत्र स्थित घनश्यामपुर के रहने वाले सूरज कुमार तिवारी ने गुलरिहा थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि बायो रिसर्च आयुर्वेदा प्रा.लि. कंपनी के कर्मचारी गणेश और धर्मेंद्र ने 16 मई 2024 को फोन करके नौकरी दिलाने का लालच देकर गुलरिहा के रुद्रपुरम कालोनी सेमरा नंबर-एक में बुलाया।

नौकरी के नाम पर 13600 रुपये आनलाइन ले लिए गए। उसके बाद मकान में बंधक बनाकर 10 हजार और मांगने लगे। विरोध करने पर पिटाई करने के साथ ही स्वजन को फोन करके रुपये लेकर आने का दबाव बनाते थे। युवक ने अपने चाचा को लोकेशन भेजकर बुलाया तो उन्होंने मुक्त कराया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोप की जांच कराई जा रही है। साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# मतगणना को लेकर पुलिस पूरी तरह रही मुस्तैद

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (4 June):** लोकसभा की मतगणना को लेकर गोरखपुर यूनिवर्सिटी में मंगलवार को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम देखने को मिला. सड़क से लेकर डीडीयू के मुख्य गेट तक पैरामिलिट्री के जवानों के अलावा पीएसी व पुलिस के जवानों सख्त पहरा रहा. सिविल लाइंस मुख्य मार्ग पर पार्टियों के कार्यकर्ताओं की काफी भीड़ जमा रही. वहीं, लोकसभा गोरखपुर और बांसगांव प्रत्याशी के मतगणना में कितने वोट मिले हैं. उसकी डिटेल्स लेते नजर आए. साथ ही आपस में एक जुट होकर सभी चर्चा करते दिखाई दिए. सीओ कैंट अंशिका वर्मा के साथ भारी पुलिस बल एनाउंस करते हुए लोगों को हटने की अपील करते नजर आए.



### ड्रोन से की गई निगरानी

सिविल लाइंस सड़क पर सुबह से ही लोगों की काफी भीड़ नजर आई जो दिनभर जमा रही. किसी प्रकार का बवाल ना हो और शांति व्यवस्था कायम रहे इसको देखते हुए पुलिस ने ड्रोन कैमरे के जरिए निगरानी की.



# गो तस्कर को पुलिस ने दबोचा

घघसरा। सहजनवा पुलिस ने मंगलवार को कुशीनगर निवासी एक गो तस्कर को तमंचा और कारतूस के साथ दबोच लिया। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में गो तस्कर पिकअप में गोवंशों को कसरवल के पास छोड़ फरार हो गए थे। पुलिस अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही थी। मंगलवार को भोर में हाइवे से कुशीनगर के तरयासुजान थाना क्षेत्र के दनियाडी निवासी राकेश यादव को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# नौकरी का लालच देकर युवक को बंधक बना वसूले रुपए, मुकदमा

**जालसाजी**

गुलरिहा, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा क्षेत्र के सेमरा में एक कंपनी के कर्मचारियों द्वारा एक युवक को नौकरी दिलाने का लालच देकर किराए के मकान में बंधक बनाकर जबरन रुपए वसूलने का मामला प्रकाश में आया है। कथित कंपनी के दो कर्मचारी युवक को कमरे में बंद करके रुपए के लिए मारते-पीटते थे। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने युवक को मुक्त कराया। पीड़ित की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक बक्सर बिहार के बेगन थाना क्षेत्र घनश्यामपुर निवासी सूरज कुमार तिवारी का आरोप है कि डीबीआर द्वारा बायो रिसर्च आयुर्वेदा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी गणेश और धर्मेंद्र ने 16 मई 2024 को फोन करके नौकरी दिलाने का लालच देकर गुलरिहा के रूद्रपुरम कालोनी सेमरा नम्बर एक स्थित ऑफिस पर बुलाया था। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा नौकरी के नाम पर 13600 रुपए ऑनलाइन लेने के बाद एक किराए के मकान में बंधक बनाकर 10 हजार और जबरदस्ती मांग रहे थे।

आरोपी युवक को कहीं बाहर नहीं जाने दे रहे थे। उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर और युवकों को फोन करके बुलाने का दबाव बनाया जा रहा था। विरोध करने पर युवक को मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते रहे। इसी बीच युवक ने मौका पाकर अपने चाचा को लोकेशन शेयर कर बुलाया तो मामला सामने आया। पीड़ित की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस दोनों आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# चोरी का लोडर बरामद, एक गिरफ्तार

गोरखपुर। चोरी के लोडर ऑटो के साथ कैंट थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह एक चोर को गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। एएसपी/ सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने बताया कि दो दिन पहले सिंघड़िया स्थित इंडेन पेट्रोल पंप के पास से लोडर ऑटो चोरी हो गया था।

सीसी कैमरा फुटेज की मदद से कैंट थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह सिंघड़िया के रहने वाले अजय चौधरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी हुआ लोडर ऑटो बरामद किया।

# हर कदम पर रहा सख्त पहरा अधिकृत को ही मिला प्रवेश

- हर गेट पर थी पुलिस जांच के बाद मिला प्रवेश
- बांसगांव मतगणना को लेकर रही गहमागहमी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। मतगणना स्थल डीडीयू परिसर के चारों ओर पुलिस वालों ने सुरक्षा का आवरण बना दिया था। बिना पास के किसी को प्रवेश नहीं मिला तो मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति भी नहीं थी। नियमों का पालन कराते हुए पूरे दिन शांति व्यवस्था पुलिस ने कायम रखी। शाम में लोकसभा बांसगांव के मतगणना स्थल और बाहर डीजे को काबू करने में ही पुलिस को सख्ती बरतनी पड़ी। बाकी समय मुस्तैद पुलिस का लोगों ने भी सहयोग किया।

मतगणना स्थल को लेकर पुलिस ने पहले ही डायवर्जन लागू कर दिया था। आयकर भवन के पास बैरीकेडिंग कर दी गई थी तो दूसरी ओर यूनिवर्सिटी चौक, छात्रसंघ चौक के पास बैरीकेडिंग की गई थी, ताकि कोई भी बाहरी या शरारती तत्व अंदर न दाखिल हो सके। अपने इस प्लान में पुलिस पूरी तरह से कामयाब रही।

बांसगांव लोकसभा के मतगणना में अचानक गहमा-गहमी बढ़ी तो पुलिस ने दोनों पार्टी के कार्यकर्ता को बाहर जाने को कह दिया। बूथ से दूर किया गया, ताकि विवाद न हो। समझा-बुझाकर बाहर कर बिगड़े माहौल को भी शांत करा लिया।



पुराने आरटीओ कार्यालय रोड पर जुटे इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं को हटाती सीओ कैंट अंशिका वर्मा और साथ में मौजूद फोर्स।

# चितकबरी वर्दी देखकर घबराए, पुलिस से होती रही नोकझोंक

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को सुबह आठ बजे शुरू हुई। कड़ी सुरक्षा की वजह से विश्वविद्यालय परिसर तो दूर गेट के सामने भी कोई उपद्रवी नजर नहीं आया।

परिसर के चारों तरफ बैरिकेडिंग की गई थी, जहां पुलिस के साथ ही एसएसबी के जवान चितकबरी वर्दी में तैनात नजर आए। हालांकि कुछ मनबढ़ बिना पास के घुसने का प्रयास किए। वे पुलिस से तो नोकझोंक किए, लेकिन जब चितकबरी वर्दी वाले जवान लाठियां पटकते हुए आगे बढ़े तो भाग खड़े हुए। तमाम दलों के समर्थक जो एजेंट बने थे, वह पास के साथ चेकिंग कराकर आगे बढ़े।

## विश्वविद्यालय परिसर में तैनात सुरक्षाकर्मी

- 1300 अर्द्धसैनिक बल, पीएसी और पुलिस के जवानों की लगी थी डयूटी
- विश्वविद्यालय की चहारदीवारी के किनारे तैनात किया गया था अर्द्धसैनिक बल
- एसपी क्राइम को स्ट्रांग रूम और बाह्य स्थल की सुरक्षा एसपी सिटी ने संभाली
- धारा 144 लागू कर विश्वविद्यालय के आसपास नहीं लगने दी गई भीड़
- मतगणना में लगे कर्मचारी नहीं ले जा सके मोबाइल, बिना पास नहीं मिला प्रवेश
- पहली बार पुलिस बॉडी वार्मर कैमरे के साथ कर रही थी डयूटी
- विश्वविद्यालय परिसर में ड्रोन उड़ाकर की गई निगरानी
- नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा के लिए लगी थी जवानों की डयूटी
- विश्वविद्यालय चौक, छात्रसंघ चौक और आरटीओ तिराहे पर की गई थी बैरिकेडिंग
- एक एसपी 25 जवानों के साथ परिसर में करते रहे फ्लैग मार्च
- पूरे दिन विश्वविद्यालय के चारों तरफ पुलिस करती रही पेट्रोलिंग

विश्वविद्यालय के चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे एलआईयू कर्मी

दो सौ अधिक जवान करंट वाली लाठियां लेकर रहे तैनात

सुरक्षा को देखकर वह भी सहमे हुए थे। इसलिए हर कदम पुलिस और सुरक्षा कर्मियों से पूछकर बढ़ा रहे थे।



मतगणना के दौरान एडीजी डॉ. केएस प्रताप कुमार। साथ में डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई। अमर उजाला



गोरखपुर विश्वविद्यालय के पास की गई ड्रोन कैमरे से निगरानी। संवाद



देर रात पुलिसकर्मियों के साथ गश्त करते एसपी सिटी व अन्य। संवाद

# गो तस्कर गिरफ्तार, 11 गोवंश और तमंचा बरामद

गोरखपुर। सहजनवां पुलिस ने मंगलवार को एक गो तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 11 गोवंश, तमंचा और एक कारतूस बरामद किया। तस्कर की पहचान कुशीनगर जिले के तरयासुजान दनियाड़ी निवासी राकेश यादव के रूप में हुई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेशकर जेल भिजवा दिया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एक पिकअप को रोका गया। उसके अंदर 11 गोवंश लदे थे। ब्यूरो

# नजदीकी हार-जीत पर भिड़े कांग्रेसी-भाजपाई

## मतगणना में हेराफेरी का आरोप, कांग्रेसियों ने रास्ता रोका

संवाद न्यूज एजेंसी



मतगणना स्थल पर रिकाउंटिंग की मांग करते इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सदल प्रसाद और समर्थक। संवाद

गोरखपुर। बांसगांव संसदीय सीट के लिए मतगणना काफी हंगामेदार रही। दिनभर गहमागहमी और नजदीकी मुकाबले से गरमाया माहौल शाम होते-होते उग्र हो गया। शाम करीब पांच बजे 33 वें चक्र की मतगणना के दौरान वोटों की संख्या पर आपत्ति को लेकर भाजपा और गठबंधन के कार्यकर्ता आमने-सामने हो गए। दोनों पक्ष से जमकर नारेबाजी हुई।

माहौल को देखते हुए मौके पर बड़ी मात्रा में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया। अधिकारियों के आश्वासन पर करीब दो घंटे बाद चक्रवार घोषणा कर बीजेपी प्रत्याशी को 3,150 मतों से विजेता घोषित कर दिया गया। इसके विरोध में कांग्रेस प्रत्याशी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिख कर पुनर्मतगणना की मांग की है। देर शाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीएम आवास के सामने सड़क जाम कर दिया। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए उनको वहां से हटा दिया। सुबह करीब 8.30 बजे शुरू हुई पहले राउंड से ही बीजेपी और कांग्रेस की बीच कड़ी टक्कर दिखी। कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद और भाजपा प्रत्याशी कमलेश के बीच वोट का अंतर काफी कम रहा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धीमी गति से मतगणना का आरोप लगाया। शाम पांच बजे 32 वें चक्र की घोषणा करते हुए बीजेपी को 4,24,027 वोट और कांग्रेस को 4,18,814 वोट मिलने की घोषणा की गई। इसके बाद 33 वें चक्र में बीजेपी को 4,22,090 वोट और कांग्रेस को 4,17,685 वोट मिलने का एलान हुआ। अगले चक्र में वोट कम होने पर कांग्रेसियों ने मनमानी का आरोप लगाते हुए आपत्ति की। इस पर बीजेपी कार्यकर्ता मतगणना स्थल पर नारेबाजी करने लगे। हंगामा को देखते हुए पुलिस को बुला लिया गया। इसके बाद आंकड़ों को दोबारा दुरुस्त कर चक्रवार घोषणा की गई। इसमें बीजेपी प्रत्याशी को 3,150 मतों से विजयी घोषित किया गया। >> जीतते-जीतते हारे तो फफक पड़े सदल प्रसाद : पेज 3

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2024

# शांतिपूर्ण मतगणना पर डीएम व एसपी ने जताया आभार

**देवरिया(एसएनबी)।** 18 वीं लोकसभा के गठन के लिए जिला मुख्यालय पर हुई शांतिपूर्ण मतगणना के लिए जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने जिला प्रशासन की तरफ से सभी प्रत्याशियों, मतगणना में लगे अभिकर्ताओं एवं जिले की आम जनता के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया है। इन अधिकारियों ने कहा कि चुनाव एवं मतगणना ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी धन्यवाद है जिन्होंने रात दिन एक कर लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराया।

# भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई मतगणना

**देवरिया(एसएनबी)।** लोकसभा चुनाव की मतगणना शहर में दो मतगणना केन्द्रों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई। महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज मतगणना केन्द्र एवं डीएसएस मतगणना केन्द्र को मिलाकर करीब 400 पैरामिलिट्री फोर्स एवं यूपी पुलिस तैनात की गयी थी। इस दौरान शहर में रूट डायवर्जन था। वाहनों को खड़ी करने के लिए स्थल निर्धारित किए गये थे। जिले के डीएम, एसपी, दो एएसपी, एडीएम एवं एसडीएम मतगणना केन्द्रों पर चक्रमण कर रहे थे। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के मुताबिक कार्य कर रह थे।



शहर के महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज के मतगणना स्थल गेट पर तैनात पुलिस • जागरण

# मतगणना को लेकर पुलिस दिखी मुस्तैद

जागरण संवाददाता, देवरिया: लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहा। दोनों मतगणना केंद्र पर एक-एक एएसपी, एक-एक सीओ के साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही, जबकि अर्द्ध सैनिक बल के जवान गेट के बार से लेकर अंदर तक की सुरक्षा व्यवस्था खुद संभाल रहे थे। डीएम अखंड प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा भी दिन भर मतगणना स्थलों पर भ्रमणशील रहे। सुबह छह बजे ही पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई। मतगणना स्थल महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज पर आने वाले सभी मार्गों पर जगह-जगह पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। कचहरी चौराहे से महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज जाने वाली सड़क पर सुरौली थानाध्यक्ष अनिल कुमार, उप निरीक्षक अखिलेश यादव की तैनाती रही। जबकि कोतवाली चौराहे पर थानाध्यक्ष बघौचघाट मृत्युंजय कुमार सुरक्षा की कमान संभाल रहे थे।

# किशोरी को अगवा करने में 3 पर केस

देवरिया। नाबालिग को भगाने और पूछताछ करने पर मारपीट करने के मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने एक महिला और दो पुरूषों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। शहर के एक मुहल्ला निवासी ने पुलिस को तहरीर दिया कि 25 मई को तरकुलवा थाना क्षेत्र के सेमरा बरवा निवासी उनकी रिश्तेदारी का एक लड़का विशाल राजभर उसके घर आया। वह बहला-फुसलाकर बाइक से उनकी 16 वर्षीय बेटी भगा ले गया।

# नाबालिग के अपहर्ताओं पर मुकदमा दर्ज

देवरिया। नाबालिग को भगाने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने दो महिलाओं समेत चार के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। सदर कोतवाली के एक मुहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दिया कि उसकी बहन कक्षा 9 की छात्रा है, वह 29 मई को शाम 7 बजे गांव से पूरब शौच को गयी थी, इसी दौरान मुहल्ले के अमरनाथ पटेल पुत्र जनार्दन उसे बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया।

# मारपीट में महिला समेत पांच पर केस दर्ज

खुखुन्दू। आपसी विवाद को लेकर चार दिन पूर्व हुई मारपीट में पुलिस ने महिला समेत पांच लोगों पर केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के रुपई गांव निवासिनी रुखी देवी पत्नी उमाशंकर प्रसाद ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि मैं नेवासे में रहती हूं। एक जून की रात आठ बजे कुछ लोग आपसी कहासुनी को लेकर मुझे लाठी डंडा लेकर गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगे। बचाव करने पहुंची मेरी बेटी बिंदू, सिंधु एवं बहू चंदा देवी को भी चोटें लगी।

# गो तस्कर के खिलाफ केस, भेजा गया जेल

देवरिया। गो तस्करी करने के मामले में पुलिस ने एक नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले में ग्रामीणों द्वारा पकड़े गये एक गो तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जिसे जेल भेज दिया गया। सदर कोतवाली के गोबराई निवासी विकास यादव ने पुलिस को तहरीर दिया कि उनके गांव निवासी अनिरूद्ध प्रसाद पुत्र टिमल प्रसाद पिछले 6 महीने से गो तस्करी करता है।

# मोबाइल से बात करते समय युवक की मौत

कपरवार। बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम कपरवार में मंगलवार को दोपहर में मोबाइल से बात करते समय अचानक एक युवक गिर पड़ा। परिजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। नरवेश्वर सिंह (30) पुत्र स्व चिरंजीवी सिंह दोपहर को खाना खाने के बाद गाय को चारा डाल कर मोबाईल पर किसी से पैसे के लेन देन की बात कर रहे थे। इसी बीच अचानक अचेत होकर गिर गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया, मृतक की अभी कोई संतान नहीं है।

# मतगणना स्थलों पर रही अभेद्य सुरक्षा

**देवरिया, निसं।** जिले के तीन लोक सभा क्षेत्र के सात विधान सभाओं की मतगणना मंगलवार को महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज और डीएसएस स्कूल में हुआ। मतगणना केन्द्र को सुरक्षा का चक्रब्यूह बना हुआ था, जिसे भेद कर अंदर कोई नहीं जा सकता था। इसके लिए अर्द्ध सैनिक बल, पीएसी, पुलिस और होमगार्ड को तैनात किया गया था। वहीं सड़क पर बैरिकेटिंग और चौराहों पर पुलिस और होमगार्ड को तैनात किया गया था। शहर के सभी चौक चौराहों पर पुलिस मुस्तैद रही।

दो प्लाटून अर्धसैनिक बल पहले से ही डीएसएस और महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम की रखवाली कर रही थी। मंगलवार की सुबह छह बजे के करीब मतगणना के लिए लगे अर्द्धसैनिक बल और पुलिस अपनी ड्यूटी स्थल पर कमान संभाल लिए।



मतगणना केंद्र का जायजा लेते हुए एसपी संकल्प शर्मा।

मतगणना स्थल के चारों तरफ वैरिकेडिंग कर वाहनों को रोकने की व्यवस्था किया गया है। वहां पर एक दरोगा के साथ पुलिस कर्मी और होमगार्ड तैनात किया गया था। इसके साथ गेट से लेकर टेबल तक की सुरक्षा में सीओ, थानेदार, पुलिस, सीएसी और पैरा मिलिट्री फोर्स तैनात थी। प्रशासन ने सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को लगाया है। मतगणना स्थल पर स्ट्रांग रुम से लेकर टेबल तक की सुरक्षा अर्द्धसैनिक बलों के हवाले था। वहीं सभी थानों में एक एक क्यूआरटी को रिजर्व रखा गया था। इसके साथ पुलिस लाइन में भी क्यूआरटी को एलर्ट पर रखा गया था। दो प्लाटून बीएसएफ भी पुलिस के सहयोग में रही।

# सीसीटीवी कैमरे से लैस रहा मतगणना स्थल

## चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस, सुबह आठ बजे से शुरु हुई मतगणना छह बजे तक जीत-हार के निर्णय तक पहुंची



डीएसएस मतगणना केंद्र के बाहर गेट पर मुस्तैद एसएसबी के जवान। संवाद



डीएसएस स्थित मतगणना केंद्र में वोट की गिनती करते कर्मचारी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। सुबह आठ बजे से शुरू हुई मतगणना क़रीब छह बजे तक जीत-हार के निर्णय तक पहुंची। निगरानी के लिए दोनों मतगणना स्थलों को पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरे से लैस किया गया था, वहीं, सुरक्षा के दृष्टिगत बड़ी संख्या में पुलिस व एसएसबी के जवान तैनात किए गए थे।

### मतगणना स्थल में तलाशी के बाद प्रवेश दिया जा रहा था

देवरिया लोकसभा, आंशिक लोकसभा बांसगांव व सलेमपुर की भी मतगणना मंगलवार को जिले में हुई। देवरिया लोकसभा क्षेत्र के पथरदेवा विधानसभा, रामपुर कारखाना व देवरिया सदर विधानसभा की मतगणना देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल पुरवा में हुई। वहीं, सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के भाटपार रानी, सलेमपुर विधानसभा व बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के बरहज, रुद्रपुर विधानसभा की मतगणना महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में हुई। मतगणना के दौरान निगरानी के लिए दोनों ही मतगणना स्थलों पार बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। मतगणना के लिए लगे टेबल से लेकर मतगणना स्थल के बाहर तक निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे।

मतगणना स्थल में प्रवेश करने पर सभी लोगों की बाकायदा तलाशी ली जा रही थी, तभी अंदर प्रवेश दिया जा रहा था। तलाशी के लिए पुलिस कर्मी लगाए गए थे।

### डीएम व एसपी मतगणना स्थल का लेते रहे जायजा

डीएम अखंड प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा सुबह से ही मतगणना स्थल का जायजा लेते रहे। वे हर पल की स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। मतगणना स्थल डीएसएसएस व महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज पहुंचकर वहां की सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना। इसके बाद स्ट्रांग रूम के अंदर पहुंचकर वहां चल रही मतगणना को देखा। इसके बाद मौके पर तैनात एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएसएसएस मतगणना केंद्र पर एएसपी के अलावा सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी, सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला, कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा, सलेमपुर कोतवाल उमेश वाजपेयी, भलुअनी इंस्पेक्टर अर्चना सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी व अर्धसैनिक बल के जवान मुस्तैद रहे।

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2024

पूरे दिन लोगों की नजर मतगणना पर रही, घरों में टीवी से चिपके रहे लोग, शहर में आम तौर पर दिखने वाली चहल-पहल गायब रही

# मतगणना के दौरान चप्पे-चप्पे पर तैनात रही फोर्स

जनादेश 2024



मतगणना परिसर की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने कड़े इंतजाम किए गए थे। • हिन्दुस्तान

- सुबह-सुबह हुई बारिश के चलते गणना स्थल पर कम रही भीड़
- बिना पास किसी की नहीं हो पा रही थी परिसर में इंट्री



मतगणना स्थल का निरीक्षण करते मंडलायुक्त अनिल ढींगरा व आईजी रेंज आनंद उमेश राव कुलकर्णी। • हिन्दुस्तान

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। मतगणना परिसर की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने कड़े इंतजाम किए थे। परिसर तक जाने वाली सड़क को तीनों ओर से बैरिकेडिंग कर सुरक्षित कर लिया गया था। बड़ी मात्रा में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। आलम यह था पूरे दिन कोई परिसर के आसपास तक नहीं फटका। मतगणना को लेकर लोग पूरे दिन अपनी नजर टीवी व मोबाइल पर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर टिकाए रहे।

शहर में आम तौर पर दिखने वाली चहल पहल भी गायब रही। बहुत जरूरी होने ही कोई घर से निकला वरना घर से मतगणना का हाल मोबाइल पर लेते रहे। लोगों के नहीं आने पर अधिकतर दुकानें भी बंद रही। फल मालाओं की दुकानें गुदरी बाजार में खुली रहीं। शाम को माला खरीदने वालों की भीड़ देखी गयी। मतगणना शुरू होने से पहले ही डीएम उमेश मिश्र व एसपी धवल जायसवाल ने मतगणना प्रेक्षक गण के साथ परिसर का निरीक्षण किया। सभी को आयोग की गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। सुरक्षाकर्मियों को अलग-अलग टुकड़ों में बांट कर एसपी ने सभी को उनकी ड्यूटी समझायी। समझाया कि बिना पास किसी की इंट्री नहीं होनी चाहिए वरना लापरवाही मानकर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद मतगणना शुरू हुई। सुरक्षाकर्मी इस कदर मुस्तैद थे कि बारिश आने के बाद भी अधिकतर ने जगह नहीं छोड़ी। जो कुछ मिनट के हटे भी थे, बारिश बंद होते ही अपनी जगह पर मुस्तैद हो गए। मेन गेट से लेकर अंदर तक मतगणना स्थल के हर हिस्से में सुरक्षाकर्मी मुस्तैद थे।

**सुबह बारिश ने आसान की सुरक्षा:** सुबह जब लोग मतगणना परिसर के बाहर जमा होने की तैयारी में थे तभी बारिश आ गयी। बारिश ने सुरक्षा व्यवस्था बनाने में मदद की। लोग इसके बाद पुलिस के डर से परिसर के आस पास तक नहीं दिखे। तीनों ओर से सड़क पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी थी। इसका भी काफी फायदा दिखा। पुलिस ने कॉलेज रोड की दुकानें पहले ही बंद करा दी थी ताकि इस बहाने भी कोई जमावड़ा न हो।

## मंडलायुक्त व आईजी ने मतगणना का जाना हाल

गोरखपुर के मंडलायुक्त अनिल ढींगरा व आईजी रेंज आनंद उमेश राव कुलकर्णी मतगणना का हाल जानने मंगलवार को दोपहर बाद पडरौना पहुंचे थे। डीएम व एसपी से वार्ता के बाद उन्होंने पूरे परिसर में का भ्रमण किया। सुरक्षा के इंतजाम आदि देखे और मतगणना वाले काउंटरों पर कार्मिकों की प्रक्रिया देखी। सब कुछ बिल्कुल शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था। कुछ देर रहने के बाद दोनों अधिकारी निकल गए।



बारिश के कारण मतगणना स्थल पर टेंट में लगा पानी।

# बारिश ने आधा घंटा के लिए डाली खलल

पडरौना। उदित नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज पडरौना में मतगणना सुबह आठ बजे शुरू हुआ। जैसे मतगणना शुरू हुई। इसके आधा घंटा बाद तेज हवा के साथ पूरे पडरौना में झमाझम बारिश हुई। सुरक्षा में जमे सुरक्षा कर्मी समेत अन्य कर्मचारी बारिश से बचने के लिए सुरक्षित स्थान पहुंच गये। हवा के कारण बाहर लगे टेंट गिर गये तथा कुर्सियां भींग गईं।



भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ विजयी मुद्रा में सांसद विजय कुमार दुबे। • हिन्दुस्तान




मतगणना स्थल के भीतर जाने की जिद कर रहे समर्थकों को रोकती पुलिस।। • हिन्दुस्तान

### भाजपा प्रत्याशी ने इंडिया गटबंधन के प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार को 91790 वोटों से हराया, बसपा तीसरे स्थान पर रही

# भाजपा की हैट्रिक, विजय लगातार दूसरी बार सांसद

कुशीनगर। कुशीनगर लोकसभा से भाजपा ने हैट्रिक लगा दी है। विजय दुबे लगातार कुशीनगर के सांसद निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सपा के अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार को 91790 वोटों से हरा दिया है। बसपा यहां से तीसरे नंबर पर रही। स्वामी प्रसाद मौर्य को चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। बसपा व स्वामी प्रसाद अपनी जमानत तक नहीं बचा पाए हैं।



विजय दुबे को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंपते जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्र।

जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्र ने भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दुबे के निर्वाचन की घोषणा करते हुए बताया कि कई चक्रों की मतगणना के बाद श्री दुबे को 516345 मत प्राप्त हुए हैं। दूसरे नंबर पर रहे सपा प्रत्याशी अजय प्रताप उर्फ पिंटू सैंथवार को 434555 मत मिले हैं। परिणाम घोषित करने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने विजय दुबे को प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान उनके समर्थकों ने उन्हें अबीर गुलाल व फल मालाओं से लाद दिया। विजय दुबे वर्ष-2019 में भी कुशीनगर से सांसद निर्वाचित हुए थे। तब सपा व बसपा गठबंधन उनके सामने मैदान में था। तब वह सवा तीन लाख से अधिक वोटों से जीते थे। 2014 में भी भाजपा यहां से जीती थी। राजेश पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय सांसद निर्वाचित हुए थे। भाजपा ने लगातार तीसरी बार यहां से जीत दर्ज की है। 1971 में लोकसभा सीट का गठन होने के बाद अब तक इस सीट से भाजपा के प्रत्याशी कुल सात बार निर्वाचित हुए हैं। भाजपा ने जीत का श्रेय कुशीनगर की जनता व पीएम नरेन्द्र तथा यूपी के सीएम योगी के कुशल नेतृत्व को दिया है।

#### कुशीनगर लोस का चुनाव परिणाम

- विजय कुमार दुबे भाजपा जीते 516345
- अजय प्रताप उर्फ पिंटू सैंथवार सपा 434555
- शुभ नारायण चौहान बसपा 67208
- स्वामी प्रसाद मौर्य आरएसएसपी 36575
- हरिकेश निर्दल 4097
- रामचंद्र सिंह निर्दल 3621
- सुनील शुक्ला निर्दल 3532
- अमिय उपाध्याय निर्दल 2433
- वेद प्रकाश मिश्र निर्दल 2335
- नोटा 9,775

#### जमानत तक नहीं बचा सके स्वामी प्रसाद मौर्य

कुशीनगर। कुशीनगर से लोकसभा चुनाव से चुनाव लड़ने के लिए स्वामी प्रसाद मौर्य ने अलग दल आरएसएसपी बनाया। खुद के साथ देवरिया से लोकसभा उम्मीदवार घोषित कर दिया। यह अलग बात है कि उसी दिन देवरिया से प्रत्याशी का नाम वापस लेना पड़ा। तामझाम के साथ चुनाव लड़ने पहुंचे और दावा किया कि सपा का उम्मीदवार डमी साबित होगा। वह भाजपा को हराएंगे। 2022 विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने भाजपा छोड़ दी। सपा में गए। सपा ने उन्हें फाजिलनगर से विधानसभा चुनाव का चुनाव लड़ाया मगर वह हार गए। सपा ने उन्हें अपने कोटे से एमएलसी बनवा दिया। कुछ दिन बाद उनका मन वहां से ऊब गया। इस बार उन्हें कुल मिलाकर 36574 वोट मिले हैं।

पटहेरवा संवाद के अनुसार देवरिया संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी की जीत पर पटहेरवा भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर पटाखा फोड़ तथा मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान अमलेश तिवारी, शुभकर शुक्ला, योगेश गुप्ता, अभिषेक तिवारी, उमेश गोंड, राहुल पांडेय, चन्दन, सूरज, वीरेश शर्मा, हरेंद्र तिवारी, चंद्रभान कुशवाहा रहे।

सेवरही संवाद के अनुसार लोकसभा चुनाव में देवरिया से भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी व कुशीनगर से विजय दुबे की जीत पर नगर पंचायत सेवरही के मालगोदाम तिराहे पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं प्रत्याशियों के समर्थकों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर आतिशबाजी कर जश्न मनाया।

इस दौरान नगर पंचायत प्रतिनिधि त्रिभुवन जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय तिवारी, भाजपा नेता रमेश ब्याहुत, जेपी मिश्रा, सुबोध मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# मतगणना स्थल पर पहुंचे आयुक्त व डीआइजी

- शांति-व्यवस्था में न पड़ने पाए खलल, दिया निर्देश
- एक जगह अधिक संख्या में एकत्र न होने के आदेश

जागरण संवाददाता, पडरौनाः आयुक्त गोरखपुर अनिल ढींगरा व पुलिस उपमहानिरीक्षक आनंद सुरेश राव कुलकर्णी ने उदित नारायण इंटर कालेज में मतगणना स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उच्चाधिकारियों ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए।

कमिश्नर व डीआइजी दोपहर में उदित नारायण इंटर कालेज पहुंचे। डीएम उमेश मिश्र, एसपी धवल जायसवाल से मतगणना का अपडेट लिया। अधिकारियों ने बताया कि विधानसभावार टेबल बनाए गए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों के अभिकर्ताओं की मौजूदगी में ईवीएम से वोटों की गिनती जारी है। परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। महत्वपूर्ण स्थलों पर तैनात सुरक्षाकर्मी बाडी वार्न कैमरे से लैस हैं। कमिश्नर ने कहा कि मतगणना के दौरान आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन कराएं। डीआइजी ने कहा कि परिसर में मौजूद सुरक्षाकर्मी अपने दायित्वों को लेकर हर समय चौकन्ना रहें। एक जगह पर अधिक लोगों को इकट्ठा न होने दिया जाए। एसपी ने बताया कि जीत-हार के नाम पर शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।



उदित नारायण इंटर कालेज में मतगणना स्थल का जायजा लेते बाएं से दूसरे कमिश्नर अनिल ढींगरा, डीआइजी आनंद सुरेश राव कुलकर्णी, एसपी धवल जायसवाल• जागरण

# हर स्थिति से निपटने को तैयार रही पुलिस

## मतगणना स्थल पर रहा सुरक्षा बलों का जमावड़ा, हर गतिविधि से अवगत होते रहे अधिकारी

- सादे कपड़ों में भी तैनात रहे पुलिसकर्मी, रहे चौकन्ने
- देर रात तक पुलिस जीत-हार की प्रतिक्रिया को लेकर रही सजग

जागरण संवाददाता, पडरौना : लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर सुरक्षा का चाक-चौबंद इंतजाम रहा। हार-जीत की प्रतिक्रिया में होने वाले विवादों को रोकने के लिए भी इस बार खास कदम उठाए गए थे। मतगणना स्थल के आसपास समर्थक व कार्यकर्ताओं का हुजूम इकट्ठा नहीं होने दिया गया। सादे कपड़ों में भी जगह-जगह पुलिस तैनात रही।

आयोग की मंशा के अनुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतगणना से ठीक पूर्व बने माहौल को देखते हुए पुलिस पहले से ही चौकन्ना थी। ताकि कहीं कोई अप्रिय स्थिति न उत्पन्न होने पाए। नगर स्थित मतगणना स्थल उदित नारायण इंटर कालेज से दो मीटर की परिधि में एक साथ बड़ी संख्या में लोगों के इकट्ठा होने पर सख्ती से रोक रही। सिर्फ अधिकृत व्यक्ति ही मगणना स्थल में प्रवेश पा सके। राजनीतिक दलों के अभिकर्ता भी सघन जांच-पड़ताल के बाद ही अंदर प्रवेश पा सके। कालेज के मुख्य गेट से लेकर जलकल चौराहे तक सुरक्षा बलों का जमावड़ा रहा। उद्देश्य था कि असमान्य स्थिति उत्पन्न होने पर सुरक्षा बल तत्काल मौके पर पहुंच सकें। मतगणना स्थल पर पैरामिलिट्री फोर्स तथा पुलिस व पीएसी के जवान मुस्तैदी से डटे रहे। मीडिया गैलरी के अलावा अन्य जगहों पर आने-जाने के लिए मीडियाकर्मियों के भी मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों पर रोक थी। सुरक्षा की कमान एसपी धवल जायसवाल स्वयं संभाले रहे। देर रात तक पुलिस जीत-हार की प्रतिक्रिया को लेकर सजग रही। एएसपी रितेश कुमार सिंह, अभिनव त्यागी, सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा थानेदार मुस्तैदी से जुटे रहे।



मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते दाएं से एएसपी रितेश कुमार सिंह, एसपी धवल जायसवाल, एएसपी अभिनव त्यागी ● जागरण

**माहौल विगाड़ने की आशंका में बढ़ा दी गई सुरक्षा :** सपा की ओर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को मतगणना स्थल पर पहुंचने की अपील से जुड़ा मैसेज इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस चौकन्ना हो गई थी। मतगणना स्थल व आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। उच्चाधिकारी भ्रमणशील रह कर पल-पल की गतिविधि पर नजर रखे हुए थे।

एसपी,-धवल जायसवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद मतों की गिनती का कार्य निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इसे लेकर सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम किए गए थे। मतगणना स्थल व आसपास के क्षेत्रों में सीसी कैमरे के अलावे ड्रोन से भी निगरानी की गई। ताकि किसी तरह से कहीं व्यवधान न उत्पन्न होने पाए।

### माहौल विगाड़ने वालों से सख्ती से निपटने के थे निर्देश

जासं, पडरौना : शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से मतदान संपन्न कराने को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में रही। आशंका जताई जा रही थी कि चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवारों के बीच हार-जीत का अंतर कम हो सकता है। ऐसे में कुछ प्रत्याशियों के समर्थक और करीबी माहौल खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। मतगणना प्रभावित न हो इसको ध्यान में रखते हुए तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया था। अलग-अलग सुरक्षा घेरे में पैरामिलिट्री, सीआरपीएफ, पीएसी व सिविल पुलिस के जवान तैनात रहे। सुरक्षाकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे, कि माहौल बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटें। ऐसा करने वाले किसी भी दशा में बच न सकें। मतगणना के ठीक एक दिन पूर्व चुनाव परिणाम को लेकर जिले में राजनीतिक दलों के बयान सामने आने लगे। इन बयानों से इस बात की आशंका बढ़ गई कि अपने प्रत्याशी के पक्ष में परिणाम न आने पर समर्थक व कार्यकर्ता जानबूझकर विवाद की स्थिति उत्पन्न की जा सकती है। यह देखते हुए पुलिस और भी चौकन्ना हो गई। पुलिस अधीक्षक ने माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। ऐसे में मतगणना स्थल व आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और भी कड़ी कर दी गई।

# आंधी-वर्षा की वजह से मतगणना में आई बाधा



तेज हवा व वर्षा के चलते पडरौना नगर के उदित नारायण इंटर कालेज स्थित मतगणना स्थल पर उत्पन्न अव्यवस्था के कारण अफरा तफरी मच गई● संतोष शंकर मिश्र

जासं, पडरौनाः उदित नारायण इंटर कालेज परिसर में मंगलवार को कुशीनगर लोकसभा सीट की मतगणना चल रही थी। सुबह लगभग साढ़े नौ बजे आई आंधी व वर्षा के कारण व्यवधान उत्पन्न हो गया। लगभग आधा घंटा तक मतगणना का कार्य बाधित रहा। धूल भरी आंधी के कारण अधिकारी, कर्मचारी और पुलिस के जवान परेशान हो उठे।

वर्षा से बचने के लिए कक्षों के बरामदा और साइकिल स्टैंड में शरण लेनी पड़ी। परिसर में मीडिया सेंटर के लिए लगाया गया पंडाल उड़ गया। पानी से कुर्सियां भींग गईं। कई घंटे तक मीडिया कर्मी खड़े होकर मतगणना की कवरेज किए।

# मतगणना की झलकियां

• उदित नारायण इंटर कालेज मतगणना स्थल पर पडरौना, कुशीनगर, रामकोला, कप्तानगंज, खड्डा विधानसभा क्षेत्रों की गणना हुई। • उदित नारायण पीजी कालेज मतगणना स्थल पर देवरिया लोकसभा आंशिक क्षेत्र के तमकुहीराज व फाजिलनगर विस क्षेत्रों की हुई गणना। • रेलवे स्टेशन रोड पर जगह-जगह बैरिकेडिंग कर सामान्य आवाजाही पर लगा गया था प्रतिबंध, चप्पे-चप्पे पर तैनात थे पुलिसकर्मी। • बगैर पास धारी को जाने से रोक रहे थे पुलिसकर्मी, ट्रेन से आने-जाने वाले यात्रियों की आवाजाही पर नहीं था प्रतिबंध। • मतगणना स्थल पर प्रेक्षक, डीएम, एसपी, सभी सीओ, एसडीएम, तहसीलदार समेत सभी अधिकारी थे मौजूद। • मतगणना स्थल पर सुरक्षा का था पुख्ता इंतजाम, परिंदा भी पर नहीं मार सका। सफाईकर्मी सफाई कार्य में जुटे रहे। • हर राउंड के रुझान व बढ़त की होती रही घोषणा, एनआइसी पर आनलाइन लोड किए जाते रहे नतीजे। • नतीजा जानने के लिए इंटरनेट मीडिया का जमकर हुआ प्रयोग, देर शाम तक होती रही समीक्षा ।

# अजय को हरा फिर 'जीत के रथ' पर सवार हुए विजय

## पिछले चुनाव में 337560 मत तो इस बार 81796 से दर्ज की जीत, 2019 के मुकाबले कम रहा मतप्रतिशत

जागरण संवाददाता, पडरौना: भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे ने 5,16,345 मत प्राप्त कर 4,34,555 मत पाने वाले अपने प्रतिद्वंदी सपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह को 81990 मतों से हराकर लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की है। 2019 के चुनाव में उन्होंने 3,37,560 मतों से जीत दर्ज की थी, तब उनको 5,97,039 मत मिले थे। इस जीत से उनकी राजनीतिक ताकत भी बढ़ी है, हालांकि मत प्रतिशत कम होना चिंता का विषय भी है।

देर शाम बजे तक चली मतगणना के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम उमेश मिश्र ने उनको जीत का प्रमाण पत्र दिया तो समर्थक खुशी से झूम उठे। प्रमाण पत्र लेने के बाद भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे समर्थकों के साथ मतगणना परिसर से निकले तो जगह-जगह उनका लोगों ने स्वागत किया। चौक चौराहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने पटाखा फोड़ व अबीर गुलाल उड़ा खुशी मनाई। ढोल नगाड़ों के साथ पडरौना नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने स्वागत किया तो खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय, सदर विधायक मनीष जायसवाल ने माला पहनाकर जीत की बधाई दी। इस दौरान हाटा विधायक मोहन वर्मा, उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, ब्लाक प्रमुख खड्डा शशांक दूबे, पप्पू पाण्डेय, राजन जायसवाल, सूर्य प्रकाश शुक्ल, बुलबुल जायसवाल, रामानुज मिश्र, निखिल उपाध्याय, विजय तिवारी, संतोष तिवारी आदि उपस्थित रहे।

**जनता ने पुनः आशीर्वाद देकर बढ़ाई जिम्मेदारी :** जीत दर्ज करने के बाद भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे ने कहा कि जनता पुनः जीत का आशीर्वाद देकर मेरी जिम्मेदारी और बढ़ा दी है। मैं उनके इस आशीर्वाद की ताकत से क्षेत्र को विकास के शिखर पर ले जाऊंगा। अधूरे पड़े विकास कार्य को पूरा करूंगा तो जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र को दिलाने का कार्य करूंगा। जनता के विश्वास को कटी टूटने नहीं दूंगा।

**जनता का निर्णय सर्वोपरि, जारी रहेगी जनहित की लड़ाई :** हार के बाद सपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का निर्णय ही सर्वोपरि होता है। जनादेश का सम्मान सबको करना चाहिए। जनता ने अपना पूरा स्नेह मुझे दिया है, इसका कर्ज उनकी सेवा से चुकाऊंगा।

जनहित को लेकर मेरी लड़ाई अनवरत जारी रहेगी। किसी भी गरीब के हक व हकूक पर डाका नहीं डालने दूंगा। कुशीनगर में रहकर सेवा करता रहूंगा।



भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे को प्रमाण पत्र देते बाएं पहले डीएम उमेश मिश्र • जागरण

- जीत के साथ ही बढ़ी राजनीतिक ताकत, मनाया गया जश्न
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिया जीता का प्रमाण पत्र



भाजपा की जीत पर मतगणना स्थल में नारेबाजी कर बाहर निकलते कार्यकर्ता • जागरण

## बढ़त के साथ हुई शुरुआत, जीत के बाद मिला विराम

जागरण संवाददाता,पडरौना: मतगणना के दौरान पहले चरण से लगातार आगे चल रहे भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे को जीत के बाद विराम मिला। इंडी गठबंधन से सपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह व भाजपा प्रत्याशी के एजेंट प्रत्येक टेबल पर डट गए।

पहले चरण की मतगणना में सपा को 15630 व भाजपा को 19937 मत मिलने की रुझान आते ही दूसरे खेमे की भाव भंगिमा बदल गई। इसके बाद लगातार बढ़त ने गठबंधन प्रत्याशी के समर्थकों की बेचैनी बढ़ा दी। हालांकि दोनों के बीच कांटे का मुकाबला चलता रहा। दोपहर बाद जीत-हार के बीच के अंतर का 50 हजार का आंकड़ा पार होते ही सपाइयों में निराशा छाने लगी। इस दौरान उनके चेहरे का भाव बदलता रहा, लेकिन समर्थक शांत रहे। अंतिम चरण में भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे ने 516345 मत प्राप्त कर 434555 मत पाने वाले अपने प्रतिद्वंदी सपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह को 81990 मतों से पराजित किया। बसपा प्रत्याशी शुभनारायण चौहान को 67208 व राष्ट्रीय शोषित पार्टी के प्रत्याशी स्वामी प्रसाद मौर्य को 36575 मत मिले।

**चक्रवार मिले वोट :** भाजपा से विजय कुमार दूबे-पहले चक्र में 19937, दूसरे चक्र 40925, तीसरे चक्र 60125, चौथे चक्र में 79863, पांचवें 100482, छठवें चक्र में 118354, सातवें चक्र में 137784, आठवें चक्र में 156640, नौवें 174970, 10 वें चक्र 193617, 11 वें चक्र में 214453,12 वें चक्र 234936, 13 वें चक्र में 255055,14 वें चक्र में 273018, 15 वें चक्र में 292740, 16वें चक्र में 313770, 17 वें 335014, 18 वें चक्र में 355155, 19 वें चक्र में 372203, 20 वें चक्र में 391880, 21 वें चक्र में 410758, 22 वें चक्र में 432006, 23 चक्र में 450709,24 वें चक्र में 469497, 25 वें चक्र में 490568 और अंतिम चक्र में 516006 मिले।

### बसपा से शुभनारायण चौहान को क्रमश

2750, 5616, 8223, 11118, 13938, 16082, 19746, 23268, 25967, 27817, 30633, 33433, 36477, 39173, 42209, 44513, 46832, 49059, 50743, 51916, 53931, 56235, 58955, 61598, 64486 अंतिम चक्र में 67208 वोट हो गया।

### स्वामी प्रसाद मौर्य को क्रमश

1474, 2858, 3982, 4742, 5699, 6878, 8433, 9825, 11419,12533, 13929,15001,16261, 17133, 18702, 19724, 20974, 22736, 25258, 27110, 28267, 29423, 31573, 33017, 34240, अंतिम चक्र में 36575 वोट हो गया।

### सपा से अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह को क्रमश

15630, 31490,47948, 66773, 83720, 101079, 117593,133563, 151154, 166378, 182392, 197599, 213491, 231685, 248813, 264894, 282326, 298079, 315166, 332034, 349835, 367137, 383387, 398478, 413806, अंतिम चक्र में 434210 वोट रहा।

# ड्रोन कैमरे से मतगणना स्थल की हुई निगरानी

**पडरौना।** पूर्व सीएम अखिलेश यादव के बयान के बाद यूएन इंटर और पीजी कॉलेज में अचानक तीन हजार सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ा गई। मतगणना स्थल की ड्रोन कैमरे से निगरानी शुरू करा दी गई।

मुख्य गेट के बाहर रेलवे स्टेशन रोड पर पूरी तरह से बैरियर लगाया गया था। जीआरपीएफ की भी तैनाती यहां पर की गई थी। रेलवे स्टेशन पर भी पुलिसकर्मियों की तैनाती रही। सुरक्षा इतनी तगड़ी थी कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। सुरक्षा एजेंसियां भी अंदर से लेकर बाहर तक सक्रिय दिखीं।

कुशीनगर लोकसभा सीट के अलावा देवरिया लोकसभा सीट के फाजिलनगर और तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र की गणना यूएनपीजी कॉलेज में हो रही थी। संवाद

# शांति भंग में 35 अभियुक्तों पर कार्रवाई

**पड़रौना।** कुशीनगर जिले के विभिन्न थानों की पुलिस शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए मतगणना के दिन मंगलवार को शांति भंग में निरोधात्मक कार्रवाई की गई। जिसमें 35 नफर अभियुक्तों को शांति भंग में गिरफ्तार किया। संवाद

# मतगणना स्थल पर रही दोपहर तक गहमागहमी

## सुबह छह बजे से मतगणना स्थल पर पहुंचने लगे प्रत्याशियों के एजेंट, दोपहर बाद खाली खाली हो गया पंडाल

संवाद न्यूज एजेंसी





परिणाम घोषित होने के बाद मतगणना स्थल से मायूस लौटते गठबंधन प्रत्याशी पिंटू सिंह के समर्थक। मतगणना काउंटर पर जमे रहे एजेंट व कार्यकर्ता। संवाद

**पडरौना।** मतगणना को लेकर मंगलवार की सुबह से ही गहमा-गहमी का माहौल रहा। उदित नारायण इंटर कॉलेज में मतगणना स्थल पर प्रत्याशियों के एजेंट पहुंचने लगे। बैलेट पेपर की काउंटिंग शुरू होने के बाद भीड़ और बढ़ने लगी। थोड़ी देर बाद अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश होने से मतगणना स्थल पर लोग इधर-उधर भागने लगे।

बारिश थमने के बाद फिर काउंटिंग टेबल के आगे एजेंट अपने प्रत्याशियों के मतों की गिनती कराने में व्यस्त हो गए। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया तो भाजपा प्रत्याशी हर राउंड में बढ़त बनाने लगे। भाजपा प्रत्याशी के लंबी छलांग लगाने के बाद दोपहर बाद से ही मतगणना स्थल खाली होने लगा। सपा, बसपा और राशोसपा के समर्थक मतगणना स्थल से जाने लगे। शाम छह बजे तक मतगणना स्थल पर सिर्फ भाजपा के ही समर्थक जमे रहे।

सातवें चरण में मतदान संपन्न होने के बाद लोगों की निगाहें मतगणना पर जा टिकीं थीं। सभी चार जून के उस समय का इंतजार कर रहे थे, जब ईवीएम में कैद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना था।

सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू की गई। इसको लेकर सुबह छह बजे से ही मतगणना स्थल पर प्रत्याशियों के समर्थक और एजेंट पहुंचने लगे। थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था के बीच से होकर एजेंट और मतगणना कार्य में लगे कार्मिकों को मुख्य प्रवेश द्वार से अंदर जाने की अनुमति मिली।

शुरुआती रुझानों में इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह सैंथवार ने जब पहले राउंड में बढ़त बनाई तो गठबंधन के खेमे में भारी उत्साह देखने को मिला। एजेंट अपने टेबल पर तब तक जमे रहे, जब तक गठबंधन प्रत्याशी भाजपा पर भारी पड़ते नजर आए।

दूसरे और तीसरे राउंड की गणना में भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दुबे को बढ़त मिली और इसके बाद सभी राउंड की गणना में वह जीत की तरफ लंबी छलांग लगाने लगे। जैसे-जैसे उन्हें बढ़त मिलती गई तो गठबंधन समेत सभी दल के प्रत्याशियों के समर्थक मतगणना स्थल से वापस होने लगे।

### मतगणना स्थल की जबरदस्त नाकाबंदी

**पडरौना।** मतगणना के एक दिन पहले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ईवीएम में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए कार्यकर्ताओं को मतगणना स्थल पर मुस्तैद करने को कहा था। इसके बाद प्रशासन अलर्ट हो गया और मतगणना स्थल के चारों तरफ सुरक्षा बढ़ा दी गई। मंगलवार को जब नतीजे आने शुरू हुए तो विपक्षी दलों के लोग शांत पड़ गए। कुशीनगर में खुफिया विभाग ने नतीजे खिलाफ जाने पर गैरभाजपाई दलों के हंगामा करने की साजिश का अंदेशा जताया था, लेकिन मतगणना शुरू होने के बाद शाम तक कुछ नहीं हुआ। हालांकि, इन सूचनाओं पर पुलिस पूरी तरह अलर्ट रही। मतगणना स्थल पर जगह-जगह बैरियर लगाकर जबरदस्त नाकाबंदी की गई थी। अंदर ईवीएम के पास अर्धसैनिक बल के जवान मुस्तैद रहे। बाहर की सुरक्षा पुलिस के हाथों में थी। बगैर पास और चेकिंग के किसी को मतगणना स्थल पर जाने नहीं दिया गया। डीएम और एसपी मतगणना स्थल पर भ्रमण करते दिखे। संवाद

### फोन पर परिणाम जानने को उत्सुक दिखे लोग

**लोकसभा** चुनाव का परिणाम जानने के लिए हर कोई उत्सुक नजर आया। मतगणना स्थल पर मौजूद परिचितों को फोनकर लोग परिणाम जानने की कोशिश करते रहे। कुछ लोग गूगल प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर परिणाम जानने में जुटे रहे। पहले राउंड में गठबंधन प्रत्याशी की बढ़त के बाद लोगों को परिणाम जानने की उत्सुकता और बढ़ गई।

# कड़े मुकाबले में दोबारा सांसद बने भाजपा के विजय दुबे

## 27 चरण की मतगणना में भाजपा उम्मीदवार ने इंडिया गठबंधन के अजय प्रताप को 81,790 मतों के अंतर से हराया

संवाद न्यूज एजेंसी



जीत के बाद सांसद विजय कुमार दुबे को प्रमाण पत्र देते डीएम उमेश मिश्रा। संवाद

**कुशीनगर।** कड़े मुकाबले में भाजपा के उम्मीदवार विजय कुमार दुबे ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी इंडिया गठबंधन के अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू को 81,790 मतों के अंतर से पराजित किया। भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दुबे को 5,16,345 मत मिले जबकि गठबंधन उम्मीदवार को 4,34,555 वोट हासिल हुए।

बुद्ध की धरा कुशीनगर लोकसभा सीट का मिजाज पल-पल बदलता रहा। इस सीट पर शुरू से ही बढ़त लेकर भले ही भाजपा ने जीत दर्ज कर ली हो, लेकिन अंत तक भाजपाइयों की सांसें अटकी रहीं। मुकाबला अंत तक चला और 81,790 मतों के अंतर से भाजपा ने जीत दर्ज की।

कुशीनगर लोकसभा सीट पर लगातार दूसरी बार जीत दर्ज करने वाले भाजपा उम्मीदवार विजय कुमार दुबे को गठबंधन के प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह सैंथवार ने जबरदस्त टक्कर दी, लेकिन विजय दुबे ने शुरू में ही जो बढ़त बनाई वह अंतिम चक्र तक कायम रही। बीच-बीच में पिंटू सिंह को मिल रहे मतों से भाजपाइयों की धड़कनें बढ़ रही थीं।

प्रथम चक्र में भाजपा उम्मीदवार विजय कुमार दुबे को 19937 मत पाए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सपा उम्मीदवार अजय उर्फ पिंटू सैंथवार को 15630 मत पाकर भाजपा उम्मीदवार से 4307 मत से पीछे रहे।

दूसरे चक्र में भाजपा प्रत्याशी को 20988, सपा प्रत्याशी को 15860 और बसपा प्रत्याशी शुभ नारायण चौहान को 5616 मत मिले थे। इसके बाद तो विजय दुबे के मतों का ग्राफ बढ़ता ही गया। छठे चक्र में जरूर सपा प्रत्याशी ने भाजपा प्रत्याशी को टक्कर देने की कोशिश की। भाजपा प्रत्याशी को 17,875 तो सपा के प्रत्याशी को 17,359 मत प्राप्त हुए। इस चक्र का मार्जिन बहुत कम होने से भाजपाइयों की धड़कनें बढ़ गईं।

इसके बाद हुए विभिन्न चक्र की मतगणना में विजय दुबे लगातार बढ़त बनाते चले गए। लेकिन 14 वें चक्र में सपा के प्रत्याशी ने 18,194 मत हासिल किए, जबकि इस चक्र में भाजपा को 17,963 मत मिले थे।

इस चक्र की मत गणना में भाजपा थोड़ी कमजोर जरूर हुई, लेकिन तब तक अंतर बहुत बढ़ चुका था। इस चक्र तक विजय दुबे को 41,333 वोटों की बढ़त मिल चुकी थी। इसके बाद कुल 27 चक्र में हुई मतगणना में भाजपा उम्मीदवार ने 81,796 मतों के अंतर से जीत हासिल कर ली।

### जनादेश का स्वागत लाएंगे नई परियोजनाएं

**पडरौना।** सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है। जनादेश का स्वागत करते हैं। कार्यकर्ताओं के परिश्रम को मैं सलाम करता हूं। दोबारा पांच वर्षों के लिए सेवा करने का अवसर जनता ने दिया है तो इस बार कुशीनगर में नई परियोजनाएं लाएंगे। सांसद विजय दुबे ने कहा कि कुशीनगर की जनता ने जो मान सम्मान दिया है। उसका आजीवन आभारी रहूंगा। कुशीनगर को विकास की गति दूंगा। कुशीनगर बुद्ध स्थली को पर्यटन का विस्तार रूप दूंगा, जो भी विकास की परियोजनाएं अधूरी हैं, उसे पूरा कराऊंगा। संवाद

| पार्टी का नाम | प्रत्याशी का नाम | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| समाजवादी पार्टी | अजय प्रताप सिंह | 4,34,555 |
| भाजपा | विजय कुमार दुबे | 5,16,345 |
| बसपा | शुभनारायन चौहान | 67,208 |
| सुभासपा | वेदप्रकाश मिश्र | 2335 |
| भालोपा | सुनील कुमार शुक्ल | 3532 |
| आरएसएसपी | स्वामी प्रसाद मौर्य- | 36575 |
| आजाद अधिकार सेना | हरिकेश | 4097 |
| निर्दलीय | अमिष उपाध्याय | 2433 |
| निर्दलीय। | रामचन्द्र सिंह | 3621 |
| नोटा | | 9782 |

*कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र में टोटल पोल वोट -1070701*

# जातीय समीकरण टूटा

आदित्य शाही

**पकवा इनार।** लोकसभा कुशीनगर के चुनाव में शुरुआत में जातीय समीकरण प्रभावी दिखाई दिया। लेकिन, मतदान की तिथि के घटने के साथ जातीय समीकरण टूटकर भाजपा के पाले में आकर जीत दिलाई है। गठबंधन की तरफ से कुशीनगर लोकसभा सीट पर खेले गए ओबीसी कार्ड भी काम नहीं आया। इसका नतीजा रहा कि जातीय समीकरण के आधार पर जीत पक्की मानने वाले इंडी गठबंधन व सपा प्रत्याशी को हार का मुंह देखना पड़ा है।

कुशीनगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दुबे के निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे इंडिया गठबंधन व सपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार जातीय समीकरण साधते हुए जीत पक्की करने चुनाव मैदान में उतरे थे। चुनावी प्रचार अभियान के शुरुआती दौर में लोकसभा सीट के पांच विधानसभा कुशीनगर, हाटा, रामकोला, खड्डा और पडरौना में यादव, मुस्लिम और सैंथवार समाज से चुनावी विजय रथ फहराने का आगाज काफी प्रभावशाली दिखाई दिया। देहात से लेकर शहर तक हर जगह चुनावी चर्चाओं के बीच जातीय गणित से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत समर्थक, कार्यकर्ता और पदाधिकारी मान रहे थे। लेकिन, शुरुआत की जातीय समीकरण व जोड़-तोड़ मतदान की तिथि एक जून तक आते-आते कमजोर पड़ गई।

### काम नहीं आया इंडिया गठबंधन का ओबीसी कार्ड

इसका नतीजा यह हुआ कि भाजपा ने जातीय समीकरण के प्रभाव से निकलकर जीत का परचम फहराया है। जबकि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की तरफ से जातीय समीकरण को साधने के भरपूर कोशिश की गई, लेकिन वह जीत में तब्दील नहीं हो सका। हालांकि जीत में पूर्व के चुनाव से भाजपा इस बार कम मतों के अंतर से जरूर जीत दर्ज की है। इसलिए भाजपा के विजयी उम्मीदवार को आगे राजनीतिक कार्ड खेलने के लिए आने वाले पांच वर्ष में और बेहतर कार्य करने होंगे। संवाद



मतगणना स्थल पर लगा बारिश का पानी। संवाद

## आंधी से मची भगदड़, फटे टेंट, उड़ीं कुर्सियां

**सुबह साढ़े आठ बजे तेज आंधी के साथ हुई बारिश, कॉलेज और दुकानों में छिपे पुलिसकर्मी**

संवाद न्यूज एजेंसी



आंधी-बारिश से उखड़ा टेंट व गिरीं कुर्सियां। संवाद

# स्टेशन रोड पर नो एंट्री

पडरौना। मंगलवार को मतगणना को लेकर स्टेशन रोड को सुबह छह से रात आठ बजे तक नो एंट्री जोन घोषित किया गया था। इससे कई यात्री रेलवे ट्रैक के रास्ते स्टेशन पहुंचे, जिससे उन्हें परेशानी उठानी पड़ी।

स्टेशन रोड स्थित उदित नारायण इंटर कॉलेज में मंगलवार की सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हुई। मतगणना के दौरान कोई गड़बड़ी न हो, इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने मतगणना स्थल की ओर जाने वाले सभी मार्गों पर सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक नो एंट्री जोन घोषित कर दिया था। चूंकि मतगणना स्थल की ओर जाने वाला मार्ग पर ही रेलवे स्टेशन है। इसलिए स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों को स्टेशन जाने में परेशानी उठानी पड़ी। क्योंकि स्टेशन रोड जाने वाले मार्ग पर जलकल मोड़ के पास तैनात पुलिस के लोग पैदल जाने वाले राहगीरों को भी रोक दे रहे थे।

इसके चलते ट्रेन पकड़ने के लिए लोगों को दो से तीन किलोमीटर दूरी तय कर दूसरे रास्ते से जाना पड़ रहा था। कई लोग स्टेशन जल्दी पहुंचने के लिए मुख्य रेलवे ढाला के पास से ही रेलवे ट्रैक पकड़ कर स्टेशन की तरफ जाते दिखे। इससे सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बच्चों को उठानी पड़ी। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2024

# 120 शीशी नेपाली शराब संग गिरफ्तार

ठूठीबारी। कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 120 शीशी नेपाली शराब बरामद किया है। पूछताछ में आरोपित की पहचान ठूठीबारी थाना क्षेत्र के राजाबारी निवासी धीरेन्द्र कुमार के रूप में हुई। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट का केस दर्ज करके पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि राजाबारी गांव के खलिहान के समीप एक व्यक्ति कन्धे पर बोरा लिए आता हुआ दिखाई दिया। संदेह पर उसे रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से नेपाली शराब बरामद हुई।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि

जागरण संवाददाता, लक्ष्मीपुर खुर्द, महराजगंज : ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द गांव में रविवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिली किशोरी के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि हुई है। अब पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

रविवार की शाम छह बजे ग्रामवासी दशरथ की पुत्री गोल्डी का शव घर पर पंखे में फंदे के सहारे लटकता मिला था। बगल के कुछ लोग जब छत पर गए तो देखा कि किशोरी का शव फंदे से लटका है। इसके बाद ग्रामीणों ने शोर मचाया। घटना के समय स्वजन खेत में काम करने गए थे। स्वजन की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। ठूठीबारी कोतवाल नीरज राय ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि हुई है। आत्महत्या करने की वजह का पता नहीं चल पाया है। मामले में जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 60 केन बीयर बरामद

भगवानपुर। बरगदवां पुलिस ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के पास से 60 केन बीयर बरामद किया है। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि 60 केन बीयर के साथ पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ आबकारी एक्ट तहत कार्रवाई की गई है।

# नाबालिग को भगाने का आरोप चार पर मुकदमा

मंगलपुर: श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को उसके ही गांव का रहने वाला एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी की मां की तहरीर पर आरोपित युवक, उसके दादा, मां व भाई के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। किशोरी की मां ने बताया कि मेरी पुत्री को गांव का ही एक युवक भगा ले गया। उसे भगाने में आरोपी युवक के दादा, मां व भाई भी शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश की जा रही है। (जासं)

# 120 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

ठूठीबारी : भारतीय सीमा में एक व्यक्ति को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर उसके पास से 120 शीशी नेपाली शराब बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी नीरज राय ने बताया राजाबारी के खलिहान के समीप एक व्यक्ति अपने कंधे पर सफेद रंग के प्लास्टिक का बोरा लिए आता हुआ दिखाई दिया। उसे रोक कर तलाशी ली गई जिसमें छिपाकर ले जाई जा रही नेपाली शराब हुई। (जासं)

# किशोरी ने की थी आत्महत्या, पुलिस कर रही जांच

ठूठीबारी। लक्ष्मीपुर खुर्द गांव में दो जून की शाम को एक बालिका की साड़ी के फंदे से झूलती लाश मिली थी। पोस्टमार्टम में किशोरी के सुसाइड करने की पुष्टि हुई है। पुलिस का कहना है कि किशोरी के सुसाइड करने की वजह सामने नहीं आ सकी है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द गांव निवासी दशरथ की तेरह वर्षीय पुत्री गोल्डी की घर के भीतर साड़ी के फंदे से झूलती लाश मिली थी। उसके घर पहुंचे पड़ोसियों ने शव झूलता देखकर लोगों को जानकारी दी। उस समय किशोरी के परिजन खेत में गए थे। परिजनों की सूचना पर पुलिस जांच में जुट गई। ठूठीबारी प्रभारी कोतवाल नीरज राय ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी के आत्महत्या करने की पुष्टि हुई है।

# हत्या के आरोप में दो का चालान

नौतनवा। थाना क्षेत्र के गांव धोतिअहवां में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की हुई मौत के मामले में पुलिस ने महिला के पति तथा सास को गिरफ्तार कर चालान कर जेल भेज दिया। नौतनवा थाना क्षेत्र के गांव धोतिअहवां निवासी अंजली उर्फ खुशबू की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

पिता हरिकेश यादव निवासी कम्हरिया खुर्द थाना फरेंदा ने पुलिस को तहरीर देकर बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा हत्या करने का आरोप लगाया था।

तहरीर के आधार पर पुलिस मृतका के पति शेषनाथ उर्फ गणेश यादव, सास गीता, ससुर बेचन तथा मृतका के देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न तथा हत्या की धारा में केस दर्ज कर आरोपियों के तलाश में जुटी थी। मंगलवार को शेषनाथ तथा गीता को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर जेल भेज दिया। संवाद

# 20 बोरी चावल, 10 बोरी प्याज बरामद

खनुआ, हिन्दुस्तान संवाद। एसएसबी 66 वीं वाहिनी के जवानों ने मंगलवार को भारत से ई रिक्शा पर लादकर नेपाल क्षेत्र में ले जाया जा रहा बीस बोरी चावल और दस बोरी प्याज बरामद किया। बरामद सामान और तीन ई रिक्शा को कब्जे में लेकर जांच के लिए नौतनवा कस्टम को सौंप दिया।



प्याज और चावल के साथ पकड़े गए आरोपी।

बीओपी सुंडी घाट के इंस्पेक्टर उत्तम सिंह मंगलवार को नौतनवा थाना क्षेत्र के सुंडी गांव के समीप भारत नेपाल सीमा के पिलर संख्या 526/10 पर एएसआई अर्जन कुमार, एचसी जीडी भामरे कृष्णा, सीटी जीडी सोनवीर सिंह, सीटी जीडी श्यामरे व सीटी जीडी गणेश यादव कांस्टेबल के साथ गश्त कर रहे थे।

इसी दौरान कुछ व्यक्ति ई रिक्शा पर सामान लेकर भारत से नेपाल सीमा में प्रवेश करते हुए नजर आए। जवानों ने जब उनको रुकने का इशारा किया तो वे ई रिक्शा छोड़ कर नेपाल की ओर भागने लगे। जवानों ने उनको पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान सुरेन्द्र उपाध्याय, शिवदास व सोनू निवासी सुंडी थाना नौतनवा के रूप में हुई।

# नाबालिग को भगाने का आरोप, चार पर केस

महराजगंज। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग को गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। मां की तहरीर पर पुलिस ने युवक, उसके दादा, मां और भाई के खिलाफ केस दर्ज किया है। नाबालिग की मां ने बताया कि मेरी पुत्री को गांव का ही एक युवक भगा ले गया। उसे भगाने में आरोपी युवक के दादा, मां व भाई भी शामिल हैं। संवाद

# BASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2024

संक्षिप्त खबरें

# चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद, दो गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना लालगंज पुलिस द्वारा चोरी की दो अदद मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को



गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थानाध्यक्ष लालगंज सुनील कुमार गौड़ के निर्देशन में उप निरीक्षक राम भवन प्रजापति मय हमराहियान के थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा 134/24 धारा 379/411 आईपीसी से सम्बन्धित 2 नफर अभियुक्त संजीत कुमार विश्वकर्मा पुत्र राम पलट विश्वकर्मा, प्रियांशु चौधरी पुत्र रामकेश चौधरी को गिरफ्तार किया गया एवं न्यायालय रवाना किया गया । उनके पास सेमोटरसाइकिल बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण संजीत कुमार विश्वकर्मा पुत्र राम पलट विश्वकर्मा ग्राम जिगिना देव (परसहिया) थाना लालगंज , प्रियांशु चौधरी पुत्र रामकेश चौधरी ग्राम जिगिना देव थाना लालगंज शामिल रहे।

# गड़बड़ी रोकने के लिए रहे सरक्षा के कडे इंतजाम

# गड़बड़ी रोकने के लिए रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**बस्ती (एसएनबी)।** मतगणना के दौरान कोई अप्रिय घटना न घटेइसे देखते हुए सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गयी थी। जगह-जगह स्थानीय फोर्स के



अलावा निर्वाचन आयोग नेरैपिड एक्शन फोर्स को तैनात किया था। मतगणना स्थल से पांच सौ मीटर दूर ही वाहनों को रोका गया और गोरखपुरया लखनऊ जानेवाले यात्रियों को एक लेन से ही आगे उनके गन्तव्य तक भेजने की व्यवस्था बनायी गयी। मैत्रेयी मैरेज हाल सेलेकर हड़िया पुलिस चौकी तक एक लेन पर आवागमन पूरी तरह से बंद रखा गया। इस मार्ग पर सिर्फ शासन द्वारा अनुमन्य पासधारी लोगो को ही जाने की अनुमति दी गयी।

# चौथी बार सांसद चुने जाने पर कमलेश को लोगों ने दी बधाई मिठाईयां

**लार रोड।** बांसगांव लोकसभा से कमलेश पासवान को चौथी बार चुनाव जीतने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कन्हैया तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं मिठाई बांटी बधाई दी है। खशी जताने वाले में कन्हैयालाल तिवारी, दीनबन्ध

# मतगणना को लेकर चप्पे-चप्पे पर रही चौकसी

बस्ती, निज संवाददाता। अर्धसैनिक व पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार को मंडी परिसर में लोकसभा चुनाव की मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतगणना को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मतगणना केंद्र तक पहुंचने वाले सभी रास्तों पर बैरियर लगाया गया था। जगह-जगह सुरक्षा बलों की तैनाती थी। सुबह साढ़े छह बजे से मतगणना कक्ष में प्रवेश से पूर्व मतगणना केंद्र के मुख्यद्वार पर चुनाव अभिकर्ताओं के कागजातों की जांच फिर मेटल डिटेक्टर से चेक करने के बाद ही उन्हें मतगणना केंद्र में प्रवेश करने दिया गया।

विधानसभा वार बनाए गए मतगणना केंद्र के अंदर एएसपी ओपी सिंह के नेतृत्व सीओ रुधौली सत्येन्द्र भूषण त्रिपाठी, सीओ हर्रैया अशोक मिश्र, कलवारी पीके राय तथा मंडी समिति के बाहर सीओ सिटी विनय सिंह चौहान के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम थे। प्रेक्षक बबिता, मायादेवी पटोले, डीएम अन्द्रा वामसी, एसपी गोपालकृष्ण चौधरी लगातार मतगणना कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे थे। कोई अप्रिय घटना घटित न हो, इसको लेकर भी पुलिस प्रशासन चौकस था। मतगणना केंद्र जाने वाले रास्तों पर लगाए गए बैरियर से उन्हीं वाहनों को प्रवेश करने दिया जा रहा था, जो अधिकृत थे। परिणाम घोषित होने के बाद भी प्रशासन सतर्क था। उत्साही समर्थक नियंत्रण में रहे, इसके लिए बस्ती-अयोध्या फोरलेन पर काफी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी।

## मौसम में बदलाव के चलते मतगणना में हुई देरी

बस्ती। मौसम में बदलाव के चलते लोकसभा चुनाव की मतगणना निर्धारित वक्त पर नहीं शुरू हो सकी। मंगलवार सुबह 6:30 बजे ही धूलभरी आंधी के कारण कई कर्मचारी और पुलिसकर्मी मतगणना स्थल पर देरी से पहुंचे। तेज आंधी से मतगणना स्थल पर लगा टेंट और दूसरे संसाधन भी प्रभावित रहे। ऐसे में निर्धारित समय आठ बजे गिनती नहीं शुरू हो पाई। इस दौरान डीएम और एसपी मतगणना स्थल पर मौजूद रहे।

# कमिश्नर की दखल के बाद मीडिया कर्मियों को मिला प्रवेश

जासं, बस्ती: मंडी परिषद में मतगणना के दौरान कवरेज को लेकर मीडिया कर्मियों की नाराजगी दिखी। जब वह मतगणना काउंटर के पास फोटो और वीडियो बनाने के लिए जाने लगे तो उन्हें भीतर बने गेट पर रोक दिया गया, जबकि निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी पास उनके पास मौजूद था। इस बात को लेकर सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों से मीडिया कर्मियों की बहस हो गई। जब इस बात की जानकारी उच्चाधिकारियों तक पहुंची तो उनके स्तर से भी मतगणना स्थल तक जाने के लिए मीडिया कर्मियों को अनुमति नहीं दी गई, लेकिन इसी बीच कुछ मीडिया कर्मियों ने कमिश्नर अखिलेश सिंह को फोन पर अवगत कराया और कहा मीडिया पास होने के बाद भी मतगणना स्थल तक नहीं जाने दिया जा रहा है। कमिश्नर ने तत्काल मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से बात किया और चार-चार लोगों का ग्रुप बनाकर मतगणना का कवरेज करने का निर्देश दिया, तब जाकर स्थानीय अधिकारी और सुरक्षा में लगे कर्मचारियों ने मीडिया कर्मियों को अंदर जाने की अनुमति दी। कमिश्नर के इस पहल की मीडिया कर्मी दिन भर सराहना करते दिखे।

# भाजपा–सपा समर्थकों के बीच नोकझोंक





मंडी परिषद में भाजपा–सपा समर्थकों में हुए नोकझोंक के बाद पंडाल में बिखरी कुर्सियां व सूचना मिलने पर फोर्स के साथ पहुंचे डीएम अन्द्रावामसी तथा एसपी गोपालकृष्ण चौधरी • जागरण

जागरण संवाददाता, बस्ती: मंडी परिषद में मतगणना के दौरान उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया जब नारेबाजी के आरोप को लेकर भाजपा और सपा समर्थक आमने-सामने आ गए।

आनन फानन जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी और पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने मोर्चा संभाला। पुलिस टीम और अर्ध सैनिक बलों के साथ शक्ति दिखाने के बाद मामला शांत हुआ।

दरअसल दोपहर बाद सपा कार्यकर्ता भाजपा समर्थकों पर यहां आरोप लगाते हुए नाराज हो गए कि भाजपा की ओर से उनके खिलाफ नारेबाजी की जा रही है। यही आरोप भाजपा समर्थक भी सपा के ऊपर लगाने लगे। सपा समर्थकों ने आरोप लगाया कि भाजपा के कुछ लोगों ने उनके एक साथी की पिटाई कर दी।

कुछ ही देर में दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। जैसे ही विवाद की खबर मतगणना केंद्र के अंदर मौजूद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को लगी तत्काल वो गेट से बाहर आए और बड़ी संख्या में पुलिस और अर्ध सैनिक बलों के जवानों के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने दबाव बनाया तो दोनों पक्षों के समर्थक तितर बितर हुए। पुलिस की सक्रियता और अधिकारियों की सूझबूझ के चलते बड़ा विवाद होने से टल गया।

**मतगणना पूरी होने तक मुस्तैद रहे सुरक्षाकर्मी:** संसदीय क्षेत्र के मतों की गिनती के दौरान सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था थी। करीब एक हजार सुरक्षाकर्मी मतगणना परिसर से लेकर बाहर तक वोटों की गिनती समाप्त होने तक सक्रिय रहे। मंडी समिति की ओर जाने वाले मार्गों पर बाइक तक जाने की अनुमति नहीं थी। यदि किसी ने जाने की कोशिश की तो उसे जवानों ने सख्ती से रोक दिया। मतगणना के दौरान सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी दो पाली में लगाई गई थी। पहली पाली में सुरक्षा की कमान आठ थाना प्रभारी, 84 उपनिरीक्षक, 338 मुख्य आरक्षी और 42 आरक्षी मोर्चा संभाले हुए थे। भीड़ को देखते हुए दोपहर बाद दूसरी पाली में 48 निरीक्षक- उपनिरीक्षक, 205 मुख्य आरक्षी और 32 आरक्षी की अतिरिक्त तैनाती की गई थी। इन्हें परिसर के दो सौ मीटर की परिधि में बिना पास के आवाजाही की अनुमति न देने का निर्देश था।



मोर्चा संभालते पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवान • जागरण

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुई मतगणना, सख्त रहा पहरा

- मतगणना स्थल व आसपास तैनात रहे पुलिस व एसएसबी के जवान
- पालीटेक्निक चौराहे से हड़िया चौक तक बंद रहा बस्ती-गोरखपुर लेन

जागरण संवाददाता, बस्ती: नवीन मंडी परिषद में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना कराई गई। मंडी परिषद के तीनों गेट पर पुलिस के साथ ही एसएसबी के भी जवान तैनात रहे। पहरा सख्त रहा। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को देखते हुए पालीटेक्निक चौराहे से लेकर हड़िया चौराहे तक बस्ती-गोरखपुर लेन बंद कर दिया गया था।

मतगणना स्थल पर आने वाले काउंटिंग एजेंट की इंट्री गेट नंबर दो से हुई। यहां पुलिस के साथ ही एसएसबी के जवान लगाए गए थे। मतगणना स्थल से 100 मीटर दूर पार्किंग की व्यवस्था कर वहां भी प्रभारी निरीक्षक रुधौली चंदन कुमार की अगुवाई में पुलिस बल तैनात किया गया था। कर्मचारियों की इंट्री गेट नंबर तीन से हो रही थी। इस गेट पर भी सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। मतगणना कक्ष की तरफ जाने वाले मार्ग पर प्रभारी निरीक्षक गौर राजकुमार राजभर अपने सह कर्मियों के साथ मौजूद रहे। वहीं गेट नंबर एक, जिससे अधिकारियों के वाहन प्रवेश पा रहे थे, उस पर निरीक्षक विनय कुमार पाठक के साथ पुलिस व एसएसबी के जवान तैनात रहे। सीओ एलआइयू प्रफुल्ल कुमार गुप्ता अपनी टीम के साथ मतगणना स्थल पर तैनात रहे। अपर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह, प्रभारी निरीक्षक छावनी राजेश तिवारी, थानाध्यक्ष लालगंज सुनील कुमार गौड़ संग पुलिस व एसएसबी के जवानों संग मतगणना स्थल पर भ्रमणशील रहे।



पुलिस व एसएसबी जवानों के संग भ्रमण करते एएसपी ओमप्रकाश सिंह व सीओ एलआइयू प्रफुल्ल कुमार गुप्ता। • जागरण



तेज धूप में वाहनों को डायवर्ट कराते पुलिस कर्मी। संवाद

## दोपहर तक हाईवे पर रही पैरा मिलिट्री फोर्स

**बस्ती।** मतगणना के दौरान शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए पैरा मिलिट्री फोर्स हाईवे पर कांबिंग करती नजर आई। दोपहर तक हाईवे के दोनों लेन में किसी प्रत्याशी के समर्थक नजर नहीं आए। बाद में चुनावी परिदृश्य साफ होने पर अन्य खेमों के लोग जाने लगे तब फोर्स ने कुछ ढील दिया। अंतिम दौर में ही सपाई खुशी का इजहार करने के लिए अपने कैंप से बाहर आए। संवाद



# सात प्रत्याशियों की जमानत हुई जब्त

बस्ती। 61-बस्ती लोकसभा चुनाव में वोटों की खूब बारिश हुई। सबसे भौंचक कर देने वाला नजारा प्रत्याशियों की जमानत बचाने को लेकर रहा। 2024 के लोकसभा चुनाव में नौ प्रत्याशियों में से सात की जमानत जब्त हो गई। इनमें बसपा प्रत्याशी लवकुश पटेल भी शामिल हैं। जमानत बचाने के लिए 179000 वोटों की दरकार थी, बावजूद इसके जनता ने सभी को नकार दिया।

# चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही पुलिस व पैरा मिलिट्री

## पत्रकारों को छोड़ अन्य के मोबाइल ले जाने पर थी रोक, पुलिस और पैरा मिलिट्री ने रखी पैनी नजर

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** मतगणना के दिन मंगलवार को जिला प्रशासन व पुलिस की तैयारी मंडी में नजर आई। पॉलिटेक्निक चौराहे से लेकर हड़िया चौराहे तक की सड़क पुलिस छावनी में तब्दील कर दी गई थी।

डायवर्जन के कारण हाईवे वन-वे कर दिया गया था। हर आने-जाने वालों पर पुलिस की नजर थी। सबसे खास बात यह रही कि इस बार मतगणना स्थल के सड़क से लेकर 100 मीटर परिधि में किसी दल का कोई समर्थक नजर नहीं आया।

करीब 3000 फोर्स पूरे इलाके को घेर रखा था। मोबाइल फोन पर प्रतिबंध का शत-प्रतिशत प्रशासन ने पालन कराया। यहां केवल मीडियाकर्मी ही मोबाइल लेकर आते-जाते नजर आए। डीएम अंद्रा वामसी ने व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए खुद कमान संभाल रखी थी। तमतमाती धूप में वह पूरे दिन मतगणना क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आए।



मतगणना केंद्र का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी। संवाद

निर्धारित समय पर सुबह 8 बजे मतगणना शुरू करा दी गई। इससे पहले पूरे क्षेत्र को पुलिस व पैरा मिलिट्री के हवाले कर दिया गया। पुलिस की ड्यूटी को लेकर सोमवार की देर रात तक प्रशासन व पुलिस के अधिकारी पूरी तैयारी की तैयार रूपरेखा का फीडबैक लिया। इसके बाद अल सुबह डीएम व एसपी मतगणना स्थल पर पहुंच गए। सभी को आवश्यक दिशा निर्देश देने के बाद डीएम मतगणना केंद्र में कर्मियों से मिले। एएसपी ओपी सिंह भी टीम के साथ हर पल पर नजर रखे रहे।



हर्रैया विधानसभा क्षेत्र की मतगणना



मतगणना केंद्र पर एसपी





# दोपहर होते-होते अंदर से बाहर तक बदला माहौल

## मतगणना स्थल : दोपहर बाद भाजपा के टेंट में कम हो गए समर्थक, बढ़त की खबर मिलने के बाद हाईवे पर दौड़ने लगे सपाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** मतगणना के शुरुआती दौर में सभी प्रत्याशियों के समर्थक और दलीय कार्यकर्ता हाईवे से दूर खेतों में टेंट के नीचे दिखाई पड़े। सपा-कांग्रेस गठबंधन, भाजपा और बसपा की ओर से समर्थकों के लिए अलग-अलग टेंट की व्यवस्था की गई थी।

सुबह सभी खेमों के कैंप कार्यकर्ताओं और समर्थकों से ठसाठस भरे रहे। वहीं, मतगणना स्थल के भीतर प्रत्याशियों के समर्थक गणना कराने में व्यस्त रहे। मगर, दोपहर होते-होते अंदर से बाहर तक का माहौल बदल गया।

सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी रामप्रसाद चौधरी के पक्ष में वोट का ग्राफ ज्यों-ज्यों बढ़ता गया सपाइयों का उत्साह उछाल मारने लगा। सुबह 11 बजे के बाद जैसे ही रामप्रसाद के बढ़त की खबर फैली हाईवे का नजारा देखने लायक था।

भाजपा समर्थक मायूस होकर कैंप से निकलकर घर लौटने लगे। वहीं सपा खेमों में समर्थकों की संख्या बढ़ने लगी। फोन के जरिए जानकारी होते ही मतगणना स्थल से दूर टीवी आदि के सहारे समय बिता रहे सपा के लोग जहां थे, वहीं से चल पड़े। देखते ही देखते सपा का कैंप कार्यकर्ताओं और समर्थकों से भर गया। वहीं भाजपा के कैंप में भीड़ कम हो गई। कुछ जिम्मेदार लोग ही अंत तक डटे रहे।

हाईवे से लेकर रामप्रसाद के कैंप तक सपाइयों का आना-जाना शुरू हो गया। 50 हजार से अधिक बढ़त के बाद उनके खेमे में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। लोग पूरे जोश में नारे लगाने शुरू कर दिए। दोपहर तीन बजे के बाद जैसे ही परिणाम घोषित हुआ सपाई मतगणना स्थल के गेट पर आ पहुंचे।

हालांकि, रामप्रसाद मतगणना के दौरान मौजूद नहीं थे। जीत की खबर पाकर वह अपने गाड़ी से मतगणना स्थल पर पहुंचे। आरओ से प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद वह बाहर आए और कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों से मुखातिब हुए।

जनसमर्थन देख अभिभूत रामप्रसाद ने सभी को बधाई देने के साथ उत्साह में जुलूस एवं नारे लगाने से लोगों को मना भी किया। इसके बाद सपाई वहां से चेहरों पर खुशी का भाव लिए वापस लौटे।



चुनाव हराने के बाद मतगणना केंद्र से जाते भाजपा कार्यकर्ता। संवाद



तेज धूप के कारण पेड़ की छांव में बैठे सपा कार्यकर्ता। संवाद

### सपा और भाजपा समर्थकों में चले ईंट-पत्थर

**बस्ती।** मतगणना के अंतिम क्षणों में तीन बजे अपने-अपने प्रत्याशी के समर्थन में जुटे भाजपा और सपा के समर्थकों के बीच ईंट-पत्थर चलने लगे। हालांकि, यह स्थिति मतगणना स्थल से थोड़ी दूरी पर पैदा हुई थी, मगर पुलिस के सख्त तेवर के बाद समर्थक वहां से खिसक लिए।

हुआ यह कि मतगणना का परिणाम आते ही सपा खेमा खुशी से झूम उठा। इसी बीच भाजपा का कोई समर्थक वहां से गुजरा तो सपा समर्थक ने उसे कुछ कह दिया। दोनों ओर से तू-तू मैं-मैं शुरू हो गई। समर्थकों ने गुस्सा जाहिर करते हुए विवाद शुरू कर दिया।

किसी ने ईंट चला दी, फिर दोनों ओर से खेत में मौजूद ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिए। पुलिस ने दोनों पक्षों पर दबाव बनाया। इसके बाद समर्थक भाग खड़े हुए। एएसपी ओपी सिंह ने कहा कि थोड़ी देर के लिए गरमागरमी हुई थी, मगर पुलिस ने मामले को ठंडा कर दिया। फिलहाल अब मामला पूरी तरह शांत है। संवाद

# चुनाव पर चर्चा में मशगूल दिखे कर्मचारी

बस्ती। लोकसभा चुनाव की मतगणना में लगाए गए रिजर्व ड्यूटी के कर्मचारी मतगणना के दौरान चुनावी परिणाम की चर्चा में मशगूल दिखे। मंडी समिति में हुई मतगणना में उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। मतगणना का रूझान आने के साथ ही कर्मचारियों के बीच चुनावी नतीजों को लेकर चर्चा जोरों पर चल रही थी। कुछ लोग नतीजे को अप्रत्याशित तो कुछ इसे स्वाभाविक परिणाम बता रहे थे।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2024

# न्यायालय के चार वारंटी धराए

इटवा। पुलिस ने मंगलवार को अगल-अलग गांवों से कोर्ट के चार वारंटियों को पकड़ने का दावा किया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार तिवार ने बताया कि क्षेत्र के शाहपुर निवासी मोनू उर्फ महासागर पुत्र शिव प्रसाद उर्फ चिल्लू व राजू पुत्र जितेन्द्र सोनी गैर इरादतन हत्या के एक मामले में कोर्ट के वारंटी थे और काफी दिनों से कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे।

मंगलवार को पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। इसी तरह अमौली एकडेंगा गांव निवासी कमलेश व दिनेश पुत्र भूक्खन भी कोर्ट के वारंटी थे। इन्हें भी पकड़ लिया गया है।

शहर स्थित नवीन मंडी समिति में मंगलवार को हुई मतों की गिनती

# मतगणना स्थल से लेकर सरहद तक रही चौकसी

जनादेश 2024

सिद्धार्थनगर, वरिष्ठ संवाददाता। डुमरियागंज संसदीय सीट के लिए चार जून को शहर के नवीन मंडी समिति में हो रही मतगणना को लेकर नेपाल सीमा से लेकर मतगणना स्थल तक कड़ी चौकसी रही। मतगणना स्थल के पास सुरक्षा कर्मियों का ऐसा बंदोबस्त था कि परिंदा भी पर नहीं मार सका। मतदान स्थल के आसपास कहीं भी कोई नहीं दिखा सिर्फ सुरक्षा कर्मी ही दिखे।

मंगलवार की सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हुई। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कर्मी मुस्तैद रहे। मतगणना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे से भी निगहबानी हो रही था। मतगणना के दौरान किसी प्रकार की आशांति न हो इसके लिए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। मतगणना स्थल पर प्रवेश सिर्फ पास धारकों को ही मिल सका।



नवीन मंडी समिति में मतगणना के दौरान विभिन्न स्थलों पर तैनात रहे सुरक्षा कर्मी।

**08** बजे सुबह मंगलवार को मतगणना शुरू हुई सुरक्षा कर्मी रहे मुस्तैद

- मतणना स्थल पर सिर्फ पासधारक ही जा सके, बाहरी का प्रवेश था वर्जित
- बगैर तलाशी किसी को नहीं मिला प्रवेश, बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला पर थी पाबंदी

## नेपाल सीमा पर एसएसबी रही चौकस

जिले के उत्तर में भारत,नेपाल सीमा है। जिले से लगी 68 किमी लंबी सीमा खुली होने से संवेदनशील है। उसकी सुरक्षा व आने,जाने वालों की गहन जांच के लिए एसएसबी सतर्क रही। बगैर सघन तलाशी के किसी को भी भारतीय सीमा में प्रवेश नहीं मिला। गैर परंपरागत मार्गों पर भी निगहबानी रही।



# चप्पे-चप्पे पर फोर्स, पास देखने के बाद प्रवेश

## छावनी में तब्दील रहा मतगणना स्थल, मुख्य रोड से नवीन मंडी तक तीन गेटों पर होती रही चेकिंग





मतगणना स्थल नवीन मंडी के बाहर तैनात पुलिस फोर्स। जांच के बाद ही पास वालों को परिसर में दाखिल किया गया। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। लोकसभा चुनाव की मंगलवार हुई मतगणना में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। मुख्य मार्ग से नवीन मंडी मतगणना स्थल तक तीन बैरियर लगाया गया था। वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित था। पुलिस के साथ ही अर्धसैनिक बल के जवान मुस्तैद दिखे। प्रशासन की ओर से जारी किए गए पास को देखने के बाद ही आगे बढ़ने दे रहे थे।

लोकसभा चुनाव के लिए नवीन मंडी को मतगणना स्थल बनाया गया था। मतगणना से पहले ही पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया था। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। नवीन मंडी तक उसी व्यक्ति को जाने दिया जा रहा था, जिसके पास प्रशासन की ओर से जारी पास था। शहर के मुख्य मार्ग से मंडी वाले रोड पर बिना पास वाले किसी व्यक्ति को नहीं जाने दिया जा रहा था।

मेन मार्ग पर अर्धसैनिक बल के जवान और पुलिस तैनात थी। इसके अलावा मंडी तक 200 मीटर के दायरे में हर 10 कदम पर फोर्स तैनात थी। वहीं, मंडी वाले मोड पर एक बैरियर लगा था। यहां भी चेकिंग करने और पास देखने के बाद आगे बढ़ने दिया जा रहा था।

### आंधी-बारिश में भी डटे रहे सुरक्षा व मतगणनाकर्मी

सुबह तकरीबन 6:30 बजे आंधी उठी और फिर झमाझम बारिश होने लगी। जिससे लोग इधर-उधर भागने लगे। बारिश के बीच सुरक्षाकर्मी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद दिखे। हालांकि, बारिश से मौसम बदल गया। लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान मतगणनाकर्मी भी बारिश से बचने की जुगत करते देखे गए।



बारिश से बचने का प्रयास करता मतगणनाकर्मी। संवाद

पुलिस के साथ अर्धसैनिक बल के जवान मौजूद रहे। इससे आगे मीडिया के लिए गेट नंबर दो बनाया गया था। जहां इलेक्ट्रॉनिक मशीन से चेकिंग की जा रही थी। इसके बाद प्रवेश दिया गया। यहां पर अपर पुलिस अधीक्षक खुद मोर्चा संभाले हुए थे। इसके आगे वाले मेन गेट से अधिकारियों और एजेंसी को जाने दिया जा रहा था।

पुलिस अधीक्षक पल-पल की जानकारी लेती रहीं। सभी सर्किल के सीओ और थानाध्यक्ष सहित एक हजार से अधिक फोर्स तैनात रही।

**मतगणना पूरी होने तक मुस्तैद रहे सुरक्षाकर्मी :** सिद्धार्थनगर : डुमरियागंज संसदीय क्षेत्र के मतों की गिनती के दौरान सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था थी। मंडी समिति की ओर जाने वाले मार्गों पर बाइक तक जाने की अनुमति नहीं थी। यदि किसी ने जाने की कोशिश की तो उसे जवानों ने सख्ती से रोक दिया। सुरक्षा की कमान आठ थाना प्रभारी, 84 उपनिरीक्षक, 338 मुख्य आरक्षी और 42 आरक्षी मोर्चा संभाले हुए थे। एसपी प्राची सिंह, एएसपी सिद्धार्थ, सीओ सदर सुजीत कुमार राय, सीओ डुमरियागंज अखिलेश कुमार वर्मा समेत अन्य अधिकारी जवानों को निर्देश देते रहे।



# पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा

**सिद्धार्थनगर।** इटवा पुलिस ने दो वारंटियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। इसमें मोनू उर्फ महासागर राजू निवासी शाहपुर थाना इटवा शामिल हैं। पुलिस ने उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया गया। संवाद

# दो आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** इटवा पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी कमलेश, दिनेश निवासी अमोली एकडेंगा थाना इटवा को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2024

# शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई मतगणना चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे सुरक्षाकर्मी

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** संतकबीरनगर लोकसभा-2019 की मतगणना को लेकर पुलिस प्रशासन ने पहले से ही चाक-चौबंद व्यवस्था कर रखी थी। पुलिस प्रशासन ने मतगणना स्थल पर कड़ी व्यवस्था की थी जिसके कारण मतगणना पूरी तरह से शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। किसी ने मतगणना में किसी तरह का गतिरोध पैदा करने का साहस नहीं किया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह मतगणना का लगातार जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों से उन्होंने समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। वहीं सीओ सिटी ब्रजेश सिंह मयफोर्स सुरक्षा में लगे रहे।

ज्ञात हो कि मतगणना स्थल को पूरी तरह सुरक्षा घेरे में करने की योजना पूर्व में ही बना ली थी और मतगणना स्थल पर अर्द्धसैनिक बल के जवानों सहित पुलिस व पीएसी के घेरे में थी। गहन तलाशी के बाद ही पास धारक को ही अंदर प्रवेश मिल सका। परिसर की भी व्यवस्था सख्त थी। चारों तरफ फोर्स की चाक-चौबंद व्यवस्था थी। हालत यह थी कि लगभग दोपहर तक कालेज तक जाने वाली सड़क पूरी तरह सन्नाटा पसरा था और सिर्फ पास धारकों का ही आवागमन रहा। दोपहर तक मतगणना का रूझान मिलने पर धीरे-धीरे भाजपा एजेंट निकलना शुरु कर दिए। जबकि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद को मिली जीत को लेकर कार्यकर्ता धीरे-धीरे बैरिकेटिंग के पास एकत्रित होना शुरु कर दिए। कार्यकर्ता विजय का जश्न मनाने के मूड में आ गए तो लेकिन पुलिस सक्रिय हो गई। बहरहाल पुलिस अपनी व्यवस्था में लगभग कामयाब रही और शांति व्यवस्था बनाई रखी।




मतगणना स्थल के मेन गेट पर सुरक्षा व्यवस्था में लगे जवान। फोटो : एसएनबी

# मण्डलायुक्त व आईजी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** मंगलवार को मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज ने हीरालाल रामनिवास पीजी कालेज खलीलाबाद में पहुंचकर चल रहे मतों की गणना के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर से जानकारी ली। उन्होंने मतगणना स्थल के अन्दर पहुंचकर कर्मचारियों से भी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

मंडलायुक्त ने कहा कि यदि किसी कर्मचारी को कोई समस्या सामने आती है तो संबंधित अधिकारी को तत्काल इसकी जानकारी दी। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर से मतों की गिनती में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली तो श्री तंवर ने कहा कि अभी तक किसी भी प्रकार की कोई समस्या सामने नहीं आई है। यदि कोई समस्या सामने आती है तो तत्काल प्रभाव से उसका निदान किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना को सम्पन्न कराने में अपनी अहम भूमिका अदा करें। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय परिसर के अन्दर कड़े सुरक्षा के इंतजाम किये गये है। इसके साथ ही महाविद्यालय के बाहर एवं शहर में जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया। वाहनों के प्रवेश को वर्जित करते हुए शहर के बाहरी रास्ते से वाहनों को उनके गनतव्य को भेजा जा रहा है। किसी भी प्रकार की यातायात में कोई समस्या नहीं है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, सीओ सिटी ब्रजेश सिंह, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



मतों की गिनती शुरु होने के पूर्व बाहर सुरक्षा व्यवस्था देखते जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता। फोटो : एसएनबी

**मतगणना में लगातार निगरानी बनाये रखे जिला निर्वाचन अधिकारी व एसपी :** मतों की गणना शुरु होने से लेकर अंत तक किसी भी प्रकार की कोई समस्या न आने पाये इसके लिए लगातार जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता निगरानी बनाये रखे। अधिकारीद्वय ने लगातार तीनों विधान सभाओं में चल रहे मतों की गिनती का जायजा लेते हुए कर्मियों की सुरक्षा के प्रति भी सचेत दिखे। उन्होंने कार्मिकों से ड्यूटी के दौरान धूप से बचाव की भी सलाह दी।

त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में लोकसभा चुनाव की सुबह 8 बजे से शुरू हुई मतगणना

# मतगणना के दौरान चप्पे-चप्पे पर सतर्क रहे पुलिस के जवान

जनादेश 2024

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम जानने के लिए हर कोई बेताब रहा। सभी लोगों की नजरें मतगणना चुनाव परिणाम जानने के लिए आतुर रहीं। लेकिन प्रशासन की चाकचौबंद व्यवस्था होने के कारण मतगणना शांति तरीके से हुई। कहीं से भी हल्ला व बवाल की बात सामने नहीं आई।

लोकसभा चुनाव की मतगणना जिले के हीरालाल रामनिवास डिग्री कालेज पर सुबह 8 बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच प्रारंभ हुई। मतगणना शांति पूर्ण कराने के लिए प्रशासन ने सुगर मिल तिराहे से सरैया बाईपास के बीच मार्ग को बंद कर दिया था। इस मार्ग से किसी भी को आने-जाने की इजाजत नहीं रही। कालेज के पूर्वी व पश्चिमी छोर पर पुलिस की कड़ी निगरानी रही। पुलिस ने पांच स्थानों पर बैरीकेडिंग की थी। मुख्य गेट पर पास देखने के बाद ही लोगों को प्रवेश की अनुमति मिल रही थी। मुख्य गेट पर सादी वर्दी में पुलिस कर्मी चेकिंग कर रहे थे। सुरक्षा को लेकर एक कंपनी पीएसी व एक कंपनी एसएसबी अतिरिक्त लगाई गई। इसके अलावा मोबाइल टीमें हर गतिविधि की निगरानी करती रहीं। पुलिस की मोबाइल टीमें हाईवे पर सरैया बाईपास से लेकर मेंहदावल बाईपास चौराहे तक और एचआरपीजी कॉलेज से मधुकुंज तिराहे तक भ्रमण करती रहीं।



एचआरपीजी कॉलेज गेट पर सुरक्षा के लिए तैनात केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान।

## शहर में पांच स्थानों पर की गई थी बैरिकेडिंग

मतगणना के दौरान एचआरपीजी कॉलेज गेट के पूरब डी थ्री रेस्टोरेंट के सामने, एक बैरियर उसके आगे, एक सुगर मिल तिराहा के पास, एचआरपीजी कॉलेज से पश्चिम बजाज की एजेंसी तक, एजेंसी से हाईवे की तरफ का स्थान पर बैरिकेडिंग की गई थी। हाइवे पर समाजवादीपार्टी के कार्य कर्ता अपने प्रत्याशी केसमर्थन में डेअे रहे। जैसे ही लाउडस्पीकर से मतगणना के चक्र का परिणाम एलाउंस होता था वैसे ही समाजवादी पार्टी के समर्थक नारेबाजी करने लग रहे थे। वहीं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सुबह के दस बजे के बाद से ही घर के तरफ जाने लगे थे।

## सोशल मीडिया पर लोगों ने निकाली भड़ास

संतकबीरनगर। लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारी हार मिलने के बाद लोगों ने सोशल मीडिया पर खूब भड़ास निकाली। मीडिया ग्रुप पर लोगों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने कैडर के लोगों को चुनाव के दौरान भूल जाती है। जो लोग जमीन पर कार्य करते हैं उन्हें चुनाव में नकार दिया जाता है। इस बार लोक सभा क्षेत्र की जनता ने भाजपा को करारा जवाब दिया है।

वैसे तो भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी घोषित होने के बाद चुनाव के दौरान ही लोगों का कहना था कि जब ये पांच वर्ष सांसद रहे तो कभी क्षेत्र में नजर नहीं आए। न ही इनका विकास दिखा। लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने अपनी हठवादिता के कारण जिले में प्रत्याशी को नहीं बदला। लेकिन मंगलवार को सुबह जब चुनाव परिणाम का रुझान आना शुरू हो गया तभी से ही सोशल मीडिया पर लोगों ने खूब भड़ास निकाली।

# प्रेक्षक, कमिश्नर व आइजी ने मतगणना कार्य का लिया जायजा

जासं, संतकबीर नगर : एचआरपीजी कालेज खलीलाबाद में मंगलवार को सुबह के समय प्रत्याशी व उनके अभिकर्ता की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम से इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) निकाला गया। सामान्य प्रेक्षक जनक प्रसाद पाठक के साथ मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, आइजी आरके भारद्वाज, डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही मतगणना की गतिविधियों का जायजा लिया। यहां पर पीएसी, सीपीएमएफ के जवानों व अन्य पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा की कमान संभाली थी।



मतगणना स्थल पर जानकारी लेते (बाएं से) डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता और एएसपी शशि शेखर सिंह • जागरण



मतगणना स्थल के मुख्य द्वार पर तैनात अर्धसैनिक बल के जवान • जागरण

प्रत्येक विधानसभा के लिए 14 टेबल लगे थे। टेबल पर एक पर्यवेक्षक, दो सहायक व एक चतुर्थ श्रेणी कुल चार मतगणना कर्मी लगे रहे। रिजर्व में तीन पार्टी यानी 12 मतगणना कर्मी रहे। असिस्टेंट रिटर्निंग आफिसर (एआरओ) टेबल के लिए दो पार्टी यानी आठ मतगणना कर्मी रहे। एक विधानसभा के लिए कुल 76 मतगणना कर्मी की ड्यूटी लगी थी। वहीं डाक मत पत्र की गिनती के लिए आठ टेबल लगी रहे, रिटर्निंग आफिसर (आरओ) के पास 32 मतगणना कर्मी वहीं रिजर्व में तीन पार्टी रहीं। जिले के मेंहदावल, खलीलाबाद व धनघटा (अनुसूचित जाति) आदि तीन विधानसभा के ईवीएम के लिए 228 व डाक मत पत्र की गिनती के लिए 48 कुल 276 मतगणना कर्मियों की ड्यूटी लगी रही। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए, मतगणना स्थल एचआरपीजी-कालेज खलीलाबाद में पीएसी-एक कंपनी, सेंट्रल पैरा मिलिट्री फोर्स (सीपीएमएफ)-एक कंपनी, इंस्पेक्टर व थानाध्यक्ष-17, उप निरीक्षक-79, मुख्य आरक्षी व आरक्षी-446, महिला आरक्षी-56 के साथ ही जनपद के एसडीएम, एएसपी, सभी सीओ मुस्तैद रहे। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतों की गिनती मंगलवार की सुबह आठ बजे से जारी रही।

इन स्थानों पर लगे रहे बैरियर :

### प्रत्याशी व अभिकर्ता की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम से निकाले गए ईवीएम, अर्धसैनिक बल व पुलिस कर्मी संभाले थे सुरक्षा की कमान

एचआरपीजी कालेज-खलीलाबाद के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे मेटल डिटेक्टर डोर के पास जवानों व पुलिस कर्मियों के अलावा स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआइयू) के कर्मी तैनात रहे। यहां पर तैनात सुरक्षा कर्मी व एलआइयू के कर्मी तलाशी ले रहे थे। मोबाइल, लैपटाप, ज्वलनशील पदार्थ, माचिस सहित अन्य सामग्री लेकर अंदर प्रवेश करने पर रोक लगी रही। मतगणना स्थल के परिसर में भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। खलीलाबाद शहर के बोरखल, मोती तिराहा, एचआरपीजी कालेज के मुख्य गेट के पहले, सरैया बाईपास आदि के पास बैरियर लगे रहे। वहां पर सुरक्षा कर्मी तैनात रहे।

# सकुशल मतगणना कराने के लिए दिन भर जुटे रहे अधिकारी



मतगणना में जुटे अधिकारी और कर्मचारी • जागरण

जासं, संतकबीर नगर: मतगणना कार्य को सकुशलपूर्वक संपन्न कराने के लिए एचआरपीजी कालेज खलीलाबाद में मंगलवार प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी दिन भर जुटे रहे। जनपद के मेंहदावल के अरुण कुमार, खलीलाबाद के शैलेश दूबे व विधानसभा धनघटा के असिस्टेंट रिटर्निंग आफिसर (एआरओ) उत्कर्ष श्रीवास्तव लगे रहे। गोरखपुर के खजनी व अंबेडकरनगर जिले के विधानसभा आलापुर के एआरओ से अधिकारी लगातार संपर्क में बने रहे। मतगणना कार्य पर एसडीएम न्यायिक संजीव कुमार राय व डा. सुनील कुमार भी नजर टिकाए रहे। एडीएम वित्त व राजस्व जय प्रकाश व एएसपी शशि शेखर सिंह लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे। डीएम महेंद्र सिंह तंवर कभी सीडीओ संत कुमार से तो कभी डीडीओ सुरेश चंद्र केसरवानी जानकारी लेते रहे। इसके अलावा सभी अधिकारी मुस्तैदी से दायित्वों का निर्वहन करते रहे।

# मेटल डिटेक्टर से सभी प्रत्याशियों की हुई तलाशी




मतगणना कराने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद (मध्य में) • जागरण



मतगणना स्थल पर सपा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद की जांच करता सुरक्षाकर्मी • जागरण

**जासं, संतकबीर नगर:** मतगणना स्थल एचआरपीजी कालेज-खलीलाबाद के मुख्य प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर डोर लगाया गया था। यहां पर पीएसी, सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स (सीपीएमएफ) के जवानों के अलावा पुलिसकर्मी व स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआइयू) के कर्मी प्रत्येक व्यक्ति की जांच करते रहे। इनके पास जिला प्रशासन द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र है या नहीं, थैली में मोबाइल, ज्वलनशील पदार्थ सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री तो नहीं है, इसके लिए तलाशी लेते रहे।

आइएनडीआइए के सपा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत निषाद उर्फ पप्पू, भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद, बसपा प्रत्याशी नदीम अशरफ सहित सभी प्रत्याशियों व उनके अभिकर्ताओं की तलाशी ली गयी। इसके बाद उन्हें अंदर प्रवेश करने दिया गया। इसी तरह मतगणना कार्य में लगे कलेक्ट्रेट, विकास भवन सहित अन्य विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों की भी तलाशी लेने के बाद ही सुरक्षा कर्मियों ने इन्हें अंदर जाने दिया।

**सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा, मोबाइल पर देखते रहे रुझान:** जनपद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में मंगलवार को सुबह से शाम तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। बाजारों में काफी कम हलचल रही। शहर व देहात के लोग एंड्रायड मोबाइल पर चुनाव आयोग के वेबसाइट पर संतकबीर नगर क्षेत्र के अलावा प्रदेश व देश के अन्य सीटों का घर, दुकान व अन्य स्थानों पर बैठे मतगणना रुझान से वाकिफ होते रहे। मतों के आंकड़े से तमाम लोगों के चेहरे पर खुशी छायी रही तो कई लोग अपने दल के प्रत्याशी के जल्द बढ़त मिलने की आस में नजर टिकाए रहे। जैसे-जैसे समय गुजरता रहा, वैसे-वैसे उनकी उत्सुकता बढ़ती रही। मतों के बढ़ते अंतर के बाद भी उम्मीदें कायम रहीं।

# छावनी में तब्दील रहा मतगणना स्थल, पासधारकों को मिला प्रवेश

## सघन जांच के बाद मतगणना स्थल पर जाने की मिली अनुमति

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद शहर के हीरालाल रामनिवास डिग्री कॉलेज में लोकसभा चुनाव मतगणना स्थल परिसर मंगलवार को पूरी तरह से छावनी में तब्दील रहा। सिर्फ पास धारकों को ही सघन जांच के बाद मतगणना स्थल के भीतर जाने की अनुमति दिया गया। डिग्री कॉलेज रोड पर पुलिस व केंद्रीय बल के ही जवान नजर आए। सुगर मिल रोड से लेकर सरैया बाईपास पर बने बैरियर से आगे जन सामान्य को जाने की अनुमति नहीं दी गई।



बैरियर पर लोगों की तलाशी लेते पुलिसकर्मी। संवाद

मतगणना स्थल व आसपास के ड्यूटी प्वाइंट पर निर्धारित समय से पुलिस कर्मी पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल लिए। सुबह ही एसपी सत्यजीत गुप्ता और एएसपी शशिशेखर सिंह मतगणना स्थल एचआरपीजी कॉलेज पहुंचकर सभी को चेक करते हुए मुस्तैद रहने का निर्देश दिया। साथ ही सिर्फ पासधारकों को जांच के बाद अंदर जाने के लिए आदेशित किया। परिसर के अंदर मोबाइल ले जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध था। मतगणना स्थल पर सुबह छह बजे से ही मतगणना कर्मी आना शुरु हो गए।

कर्मचारियों की तलाशी लेने के बाद उन्हें अंदर जाने की अनुमति दिया गया। यदि किसी कर्मचारी के पास मोबाइल अथवा अन्य सामान मिलता था तो उसे बाहर रखकर ही आने के लिए कहा गया।

रिसर के अंदर प्रत्याशी व उनके मतगणना एजेंट के अतिरिक्त किसी को नहीं जाने दिया गया। मतगणना शुरु होने से पहले की डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्था की जानकारी ली। दिन में लगभग दस बजे के आसपास आईजी बस्ती और कमिश्नर बस्ती ने भी पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था व मतगणना के प्रगति की जानकारी ली।

b

# GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2024

# पुलिस ने असलहे के साथ युवक को गिरफ्तार किया

छपिया। पुलिस ने युवक को रिवाल्वर, देशी तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर दूसरा युवक भागने में कामयाब रहा।

चौकी प्रभारी मसकनवा दिलीप कुमार सिंह ने बताया की बीती रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान मसकनवा हरिजन कॉलोनी के पास पल्सर बाइक से आ रहे दो लोगसंदिग्ध अवस्था में नजर आए। पुलिस ने रोका तो बाइक सवार बभनान मार्ग पर तेजी से भागने लगे। बाइक सवार को कुछ दूरी पर पकड़ा गया। पकड़े गए युवक की पहचान प्रमोद गौतम निवासी चकिया के रूप में हुई। युवक के पास रिवाल्वर, एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। दूसरा युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा।

## शांतिभंग में गिरफ्तार

गोंडा। वजीरगंज पुलिस ने मनकापुर थानाक्षेत्र के 4 लोगो को शांतिभंग की आशंका में पाबन्द करते हुए न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि रवि कुमार निवासी कुड़वा जंगली थाना मनकापुर के साथ रोहित, रवि निवासी लोहराडांड़ तथा महेंद्र निवासी चढ़ौवा को पाबन्द कर न्यायालयके समक्ष पेश किया है।

# दो पक्षों में हुई मारपीट, 17 पर केस दर्ज

मनकापुर। प्रधान प्रतिनिधि के कार में टक्कर मारने के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई । इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 17 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मनकापुर कोतवाली अंतर्गत बैरीपुर रामनाथ निवासी प्रधान प्रतिनिधि अतुल कुमार पांडेय ने मंगलवार को दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि सोमवार की रात 9 बजे कार से वह गायत्री नगर निवासी अमित कुमार पांडेय के साथ मनकापुर बाजार से घर की तरफ जा रहे थे। इस बीच गायत्री नगर तिराहे के पास विपक्षी आशू त्रिपाठी, विवेक त्रिपाठी, महेंद्र नाथ त्रिपाठी उर्फ भाईजी निवासी गण गायत्री नगर कस्बा मनकापुर, अतुल त्रिपाठी निवासी बैरीपुर राम नाथ, विभू त्रिपाठी निवासी पटेल नगर कस्बा मनकापुर, विवेक मिश्रा ने पुरानी रंजिश को लेकर कार में अपने वाहन से टक्कर मार कर रोक लिया और लाठी-डंडा, लोहे की रॉड से पीट कर काफी चोटें पहुंचाई। विपक्षीगणों ने कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया ।

वहीं दूसरे पक्ष के विवेक त्रिपाठी को मारपीट के दौरान गंभीर चोट आयी है। जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। इस मामले में दूसरे पक्ष की तरफ अतुल कुमार पान्डेय निवासी बैरीपुर रामनाथ सहित ग्यारह लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ है। कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि एक तरफ से छह तथा दूसरे तरफ से 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## भूमि विवादः मारपीट में मां-बेटे सहित तीन घायल

परसपुर। थानाक्षेत्र के ग्राम तेलहा की निर्मला तिवारी ने भूमि विवाद में गांव के अरुण कुमार तिवारी, विनोद शंकर, गिरिजा शंकर व लक्ष्मी नारायण पर धमकी देने के साथ पिटाई का आरोप लगाया है। बचाव में आए उसके पुत्र इन्द्र कुमार भी घायल हुए है। वहीं दूसरे पक्ष के ग्राम तेलहा निवासी विनोद शंकर तिवारी ने गांव के इंद्र कुमार तिवारी, निर्मला व सुशीला पर आम के पेड़ के पास कचरा जलाने से मना करने पर पिटाई का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया की दोनों पक्षों के तहरीर पर सात आरोपियों के विरुद्ध थाने में मारपीट का केस दर्ज हुआ है।

# देवर पर मारपीट करने का मुकदमा

धानेपुर। मेहनौन गांकी रहने वाली महिला ने देवर पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है । धानेपुर थाना क्षेत्र के मेहनौन गांव की रहने वाली महिला नूरुल वरा पत्नी नूर आलम के मुताबिक घरेलू विवाद को लेकर के देवर ने उसके व बहन के साथ मारपीट की है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ल ने बताया कि आरोपी परवेज आलम के मुकदमा दर्ज कराया गया है।

**मारपीट का केस दर्जः** क्रिकेट खेलने को लेकर दो खिलाड़ियों के बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने केस दर्ज किया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उज्जैनी कला मजरा भगनपुरवा के रहने वाले कन्हैयालाल मौर्य के मुताबिक क्रिकेट खेलने को लेकर कलेरिया नामक खिलाड़ी ने उनके साथ मारपीट की है जिससे चोटें आई है। पुलिस ने बताया कि केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# गोंडा में छह व कैसरगंज में दो की जमानत जब्त

■ संजीव

गोंडा। जिले में मंगलवार को नवीन गल्ला मंडी में गोंडा और कैसरगंज लोकसभा सीट के वोटों की गिनती हुई। गोंडा से कुल आठ और चार उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे।

गोंडा लोकसभा सीट पर 9.51लाख 263 मत पड़े थे। कैसरगंज मे 10.60 लाख 576 मत वोटों की गिनती हुई है। लोकसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को 25 हजार रुपये की जमानत राशि जमा करनी पड़ती है। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी कुल पड़े मतों का छठा हिस्सा पाने पर ही जमानत राशि वापस ले सकते हैं। ऐसे में गोंडा सीट से आठ में से बीजेपी और सपा को छोड़कर छह प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई है।

इनकी जब्त हुई जमानत : गोंडा संसदीय क्षेत्र से बीएसपी के सौरभ को 29,429, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राघवेंद्र को 2028, भारतीय उदय निर्माण पार्टी के विनोद कुमार सिंह को 1483 मत, निर्दल राजकुमार को 1989, राम उजागर को 3535, अरुणिमा पांडे को 3073 वोट पाकर जमानत जब्त मानी गई है। कैसरगंज लोकसभा सीट पर चार उम्मीदवारों में से बीएसपी के नरेंद्र पांडे को 44,279 और अरुणिमा पांडे को 9250 की जमानत जब्त हुई है।

गोंडा में पांच और कैसरगंज में एक प्रत्याशियों से जीता नोटा : जिले में बीस मई को गोंडा और कैसरगंज संसदीय सीट पर पांचवे चरण में वोट डाले गए थे। नवीन गल्ला मंडी में मंगलवार को हुई वोटों की मतगणना में दोनों सीटों पर नोटा के उंगली की चोट का असर दिखाई दिया।

चुनाव में वोट देना लोकतंत्र की ताकत है। लेकिन पार्टी और प्रत्याशियों के मन पसंद न होने से चुनाव आयोग ने नोटा का विकल्प दिया है। कैसरगंज में 14887 और गोंडा संसदीय सीट पर 9046 वोटरों ने नोटा का बटन दबाया है।

गोंडा लोकसभा सीट पर पांच प्रत्याशी और कैसरगंज में एक प्रत्याशी से अधिक वोट नोटा के हिस्से में आया है। गोंडा में निर्दल प्रत्याशी राम उजागर, अरुणिमा पांडे, राघवेंद्र, राज कुमार, विनोद कुमार सिंह और कैसरगंज में अरुणिमा पांडे को नोटा ने पीछे छोड़ दिया है।

# जनसुलभ हों निर्वाचित हुए सांसद

**प्रतिक्रिया**

■ एसएन शर्मा


राम प्रकाश शुक्ला


राम प्रकाश गुप्ता


हर्षिता श्रीवास्तव


प्रमोद कुमार

गोण्डा। जिले के विकास के लिए उद्योगों के लिए माहौल बने और नव निर्वाचित सांसदों को जनसुलभ होना चाहिए। लोकसभा चुनाव में जिले की दो संसदीय सीटों गोण्डा से भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह को तीसरी बार और कैसरगंज से करण भूषण शरण सिंह के चुने जाने पर प्रबुद्ध वर्ग के वकील, उद्योगपति व सियासी दलों के नेता व नारी शक्ति ने अपनी त्वरित प्रतिक्रिया दी है।

लघु उद्योग भारती के अवध प्रांत के महामंत्री राम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि उद्योगों के विकास के लिए मुख्यालय के 12-15 किमी परिक्षेत्र में औद्योगिक विकास परिसर का निर्माण किया जाना चाहिए, इसके अलावा जिले में एक ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना अत्यंत जरुरी है। बार एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष राम कृपाल शुक्ला ने कहा कि जल निकासी के लिए सीवर लाइन बनवाने और नालों का सुधार किया जाए। राजधानी से जिले के लिए मेमू व पैसेंजर ट्रेनों का जल्द संचालन होना चाहिए। ट्रांसपोर्ट दुरुस्त करने के लिए सड़क मार्ग पर करनैलगंज के दोनो क्रासिंग पर उपरिपुल का निर्माण जल्द से जल्द हो। वहीं सोनी गुमटी उपरिपुल व अन्य पुलों को निर्माण अतिशीघ्र पूरा कराया जाना चाहिए। नारी शक्ति हर्षिता श्रीवास्तव ने कहा कि विभिन्न योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी बने व कारोबार के क्षेत्र में बैंकों आदि से प्रोत्साहन दिए जाएं। वहीं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि नव निर्मित राजा देवी बख्श सिंह मेडिकल कालेज में जल्द से जल्द संसाधनों और डाक्टरों की उपलब्धता मुहैया हो, इंजीनियरिंग कालेज में प्रवेश के अलावा अन्य संस्थानों को खोला जाए।



रुपईडीह में टीवी पर चुनाव का रुझान देखते लोग।

# मतगणना शुरू होते ही टीवी से चिपके रहे लोग

रुपईडीह/धानेपुर/परसपुर, हिटी। जिले की दोनों सीटो की मतगणना की शुरुआत होने के साथ ही हर कोई नतीजों को जानने के लिए उत्सुक दिखाई दिया। लोकसभा चुनाव की मतगणना शुरू होते ही लोग टीवी व मोबाइल के सामने बैठकर रुझान लेने लगे। ब्लॉक मुख्यालय रुपईडीह के सामने एक दुकान पर स्थानीय लोगों ने बैठकर मतगणना देख रहे थे। जहां पर उत्तर प्रदेश में इंडिया एवं एनडीए में कडा मुकाबला देखने में लोग काफी उत्साहित रहे। परसपुर में मतगणना रूझान जानने के लिए मंगलवार की सुबह होटलों पर जमावड़े के साथ क्षेत्रीय लोगों की निगाहें मोबाइल स्क्रीन पर टिकी रही।



मतगणना स्थल के बाहर चेकिंग करते पुलिस अफसर।

# बाहर जाने पर पुलिस की गेट पर दिखी सख्ती

गोंडा। मतगणना के अंदर जाने के लिए मेन गेट पर प्रवेश करने वाले सभी लोगों की पुलिस तलाशी ले रही थी। इस दौरान मीडियाकर्मियों को कड़ी तलाशी के बाद इंट्री की गई। इसके बाद अगर किसी को बाहर जाना पड़ा तो पुलिस ने उसके पास जमा करवाए। यहां तक एक बार अंदर इंट्री लेने के बाद किसी को बाहर नही निकलने दिया गया। कई लोग किसी काम से बाहर निकलना चाहे तो पुलिस ने उन्हें जाने से रोका और कहा अगर बाहर जाना है तो दोबारा इंट्री नही दी जाएगी।



मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी विनीत जायसवाल।

# खाकी के पहरे में रहा बड़गांव चौराहा

गोंडा। बड़गांव चौराहा से मंडी की ओर जाने वाले रास्तों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। मिश्रौलियां चौकी से बडगांव चौराहे के बीच लगभग एक किलोमीटर के दायरे में आम लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई। यही बडगांव और ओवरब्रिज ओवरब्रिज पर दोनों ओर खाकी का पहरा ही रहा। पास धारकों और अधिकारियों को ही इन रास्तों से प्रवेश दिया गया।

# मनकापुर राजघराने को नौवीं बार मिली सांसदी

■ रंजीत तिवारी

गोंडा। जिले की गोंडा संसदीय सीट पर मंगलवार को हुई वोटों की गिनती के बाद मनकापुर राजघराने की सियासत का दबदबा दिखा। भाजपा सांसद और उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह इस पर लोकसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाई है। इसके साथ मनकापुर राजघराने से नौवीं बार सांसद चुने जाने का रिकॉर्ड भी बना है।

मनकापुर राजघराने के कुंवर आनंद सिंह कांग्रेस के टिकट पर चार बार गोंडा सीट से सांसद चुने जा चुके हैं। उनके बेटे कीर्तिवर्धन सिंह ने 18वीं लोकसभा में पांचवी बार सांसद चुने गए। इसी के साथ उन्होंने अपने पिता का रिकार्ड तोड़ दिया। इससे भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह ने 2014 और साल 2019 में भी जीत हासिल की थी। लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी ने एक बार फिर पुराने चेहरे पर भरोसा जताया था। उनके सामने सपा ने पूर्व मंत्री बेनी वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। बेनी प्रसाद वर्मा साल 2009 में गोंडा लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे।

- कीर्तिवर्धन सिंह रिकॉर्ड पांचवीं बार चुनाव जीते
- मनकापुर राजघराने की सियासत का दबदबा दिखा

जिले में गोंडा संसदीय सीट पर 18 बार लोकसभा चुनाव हुए हैं। जिसमे से नौ बार मनकापुर के राजघराने का दबदबा रहा है। पहला चुनाव 1952 हैदर हुसैन कांग्रेस से जीतकर सांसद चुने गए। इसके बाद 1957 में कांग्रेस से दिनेश प्रताप सिंह, 1962 में राम रत्न गुप्ता कांग्रेस, 1967 में कांग्रेस से सुचेता कृपलानी चुनाव जीती हैं। वहीं 1971 में मनकापुर राजघराने के कुंवर आनंद सिंह पहली बार कांग्रेस से जीतकर सांसद बने। 1977 में लोकदल से सत्यदेव सिंह, 1980, 1984,1989 में कांग्रेस से आनंद सिंह सांसद बने। आनंद सिंह की जीत का सिलसिला 1991 में बृजभूषण शरण सिंह ने रोका। उनके बेटे कीर्तिवर्धन सिंह ने 1998 में सपा के टिकट पर जीत हासिल की। इसके बाद 1999 में बृजभूषण सिंह सांसद चुने गए। कीर्तिवर्धन सिंह ने 2004 में फिर सपा के टिकट से गोंडा सीट पर जीत दर्ज की। वहीं, 2009 मे कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव जीतकर कांग्रेस सरकार में कैबिनेट मंत्री बने थे। मोदी लहर में भाजपा मे शामिल हुए कीर्तिवर्धन सिंह ने 2014, 2019 और 2024 में लगातार चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाई है।

# उत्साह संग मारी एंट्री हार ने दिलाई मायूसी

गोंडा। जीत की उम्मीद और उत्साह के साथ प्रत्याशी और समर्थकों ने मतगणना परिसर में मंगलवार सुबह प्रवेश किया। जैसे-जैसे दिन ढलता गया कुछ की उम्मीद ओझल होती गई तो उत्साह भी ठंडा पड़ता गया। दोनों सीटों पर जीत की खुशी पर भाजपाई खुश दिखे। जबकि, सपाई हार करीब देखकर मायूस हो गए।

मतगणना परिसर में सुबह से ही काफी गहमागहमी रही। मतगणना एजेंट के साथ ड्यूटी पर लगे कार्मिक भी काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। भाजपा, सपा और अन्य दलों के प्रत्याशियों में जीत की उम्मीद हिलोरे मार रही थी। मतगणना परिसर में सुबह जैसे पहले चक्र का रिजल्ट आया।

# मतगणना स्थल पर मुस्तैद रहे अफसर

गोंडा। लोकसभा चुनाव की मतगणना कराने के लिए मंगलवार सुबह से मतगणना स्थल पर पुलिस और प्रशासनिक अफसर मुस्तैद रहे।

डीईओ/ डीएम नेहा शर्मा, एसपी विनीत जायसवाल के साथ एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत व एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय, एडीएम चन्द्र शेखर, सीआरओ महेश प्रकाश, डीडी एग्रीकल्चर प्रेम कुमार ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी जगदीश यादव, डीआईओएस राकेश कुमार, एआरओ आरके सिंह सहित जिला व तहसील स्तरीय तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# परिणाम जानने के लिए दिखी बेताबी

■ इरफान अंसारी

- सुबह सात बजे से ही भीड़ उमड़ने लग गई थी
- मतगणना स्थल पर बिना पास के इंट्री नहीं दी गई

गोण्डा, संवाददाता। शहर के बहराइच रोड नवीन गल्ला मंडी मतगणना स्थल में सुबह आठ बजे मतगणना शुरू होने से पहले ही समर्थक बेताब दिखे। लेकिन उन्हें बडगांव चौराहे और मिश्रौलिया ओवरब्रिज के पास ही रोक दिया गया। बड़गांव चौराहे पर बैरिकेडिंग पर सुबह सात बजे से ही भीड़ उमड़ने लगी।

सुबह से ही वडगांव चौराहे से लेकर मंडी तक खाकी का पहरा नजर आया। हर आने जाने वाले पर निगाह रखी गई। बिना पास के किसी को इंट्री नहीं दी गई। मंडी की ओर हर आने जाने वालों को जांच पड़ताल से गुजरना पड़ा। मंडी परिसर के अंदर मतगणना स्थल के अलावा बाहर परिसर में अन्य कर्मचारी सहित बैरियर पर रुके सभी लोग प्रथम चक्र का परिणाम आने के इंतजार में रहे। जैसे ही पहले चक्र का परिणाम आया वैसे ही समर्थकों के चेहरे खिलने शुरू हो गए। लेकिन मौजूद फोर्स ने समर्थकों को जाने नही दिया। लोगो में रुझान मिलने का उत्साह देखते ही बना। सभी अपने प्रत्याशी की जीत हार पर नजर बनाए हुए थे। तमाम प्रयासों के बाद प्रत्याशी के समर्थकों को परिसर तक में आने जाने में मशक्कत झेलनी पड़ी। मतगणना केंद्र में मीडिया कर्मियों के लिए किए गए प्रवंध नाकाफी रहे : मतगणना केंद्र में मीडिया कर्मियों के लिए एक मीडिया सेंटर बनाया गया। अंदर न तो मीडिया कर्मियों के लिए चार्जिंग प्वाइंट लगाए गए। और न ही इंटरनेट की कोई सुविधा दी गई है। इसको लेकर मीडिया कर्मियों ने विभाग के खिलाफ रोष जाताया। उसके बाद चार-चार लोगों को संबंधित अधिकारी के साथ मतगणना सेंटर तक जाने दिया गया।

# रुझानों संग चुनावी मुद्दों पर बात करते रहे लोग

■ सच्चिदानंद शुक्ला

गोण्डा। मतगणना के रुझान सुबह शुरू होते ही चर्चाओं और कयासों का दौर शुरू हो गया। जैसे-जैसे सूरज चढ़ता गया और चक्रनानुसार मतगणना आगे बढ़ी वैसे - वैसे मुद्दों पर चर्चा तेज होती गई। लोग आरक्षण से लेकर राम मंदिर तक की चर्चा करने लगे। जिले की दो संसदीय सीट गोण्डा और कैसरगंज की मतगणना नवीन गल्ला मंडी स्थल पर चल रही थी लेकिन परिणामों की चर्चा ढाबों और दुकानों पर जोर पकड़े हुए थी। लोग बार-बार अपने मोबाइल से मतगणना में मौजूद मीडिया कर्मियों से या फिर आयोग कमीशन की वेबसाइट पर रुझान का अपडेट देखते रहे। हर किसी में जिले की दोनों सीटों के परिणाम जानने की उत्सुकता दिखाई दे रही थी।



शहर में लखनऊ रोड पर चाय की दुकान पर चर्चा करते लोग।

**महिलाओं में भी परिणाम जानने की उत्सुकता :** सबसे बड़ी बात तो यह रही कि महिलाओं में भी चुनाव परिणाम जानने की उत्सुकता देखी गई। शहरों में तो महिलाएं अपने घर से निकलकर बाहर पार्कों में बैठकर चुनाव पर चर्चा करती देखी गई। वह अपने परिजनों से परिणाम के बारे में पूंछतीं नजर आई। कुल मिलाकर वह भी मतदान के बाद चुनाव के रिजल्ट के बारे में उत्सुक देखी गई।

**दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा, टीवी से चिपके रहे लोग :** देश के जनादेश को जानने के लिए लोग टीवी से चिपके रहे। हालत यह हो गई कि सडकों पर दोपहर में सन्नाटा नजर आया। एनडीए व इंडिया गठबंधन में कांटे की टक्कर होने के कारण लोगों में काफी उत्सुकता देखनी को मिली। कई सीटों पर पल - पल बदलते चुनाव रुझानों के कारण लोग मतगणना समाप्ति तक टीवी से अपनी निगाहें नहीं हटाई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोग फोन से परिणाम के बारे में पूछते नजर आए।

# कैसरगंज में कायम रहा बृजभूषण का दबदबा

- ज्येष्ठ का दूसरा बड़ा मंगल निवर्तमान सांसद के लिए रहा मंगलदायक
- अपने छोटे बेटे करण भूषण सिंह को अपनी विरासत सौंपने में सफल

**विजय शंकर शुक्ल**

गोंडा। कुश्ती को लेकर विवादों में घिरे कैसरगंज सीट से निवर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह के लिए ज्येष्ठ का दूसरा बड़ा मंगल बहुत ही मंगलदायक रहा। वह अपने छोटे बेटे करण भूषण सिंह को सियासी विरासत सौंपने में सफल हो गए। उनके बड़े प्रतीक भूषण सिंह गोंडा सदर से भाजपा विधायक हैं। काफी जद्दोजहद के बाद भाजपा ने पांचवें चरण में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन से एक दिन पहले बृजभूषण के बेटे करण को मैदान में उतारा था। करण भूषण ने सपा उम्मीदवार भगतराम मिश्र को 148843 वोटों से करारी शिकस्त दी है।

देवीपाटन मंडल के सियासी चाणक्य कहे जाने वाले निवर्तमान सांसद बृजभूषण सिंह की छवि बाहुबली की है। बीते साल कुश्ती को लेकर हुए विवादों साया आज भी उनका पीछा नहीं छोड़ रहा है। माना जा रहा है कि महिला पहलवानों की ओर से लगाए आरोपों के चलते भाजपा नेतृत्व ने इस बार उनको टिकट नहीं देने का मन बना लिया था। पार्टी उनके बदले किसी सदस्य को टिकट देने पर राजी थी लेकिन बृजभूषण खुद अपने टिकट पर अड़े थे। आखिरकार नामांकन के एक दिन पार्टी ने उन्हें मनाकर बेटे करण भूषण सिंह को टिकट देने का ऐलान किया। भाजपा के पत्ते खोलने के बाद सपा ने भी बहराइच के अधिवक्ता भगतराम मिश्र को यहां से मैदान में उतार दिया।



मंगलवार को मतगणना के लिए निकलने से पूर्व अपने पिता बृजभूषण शरण सिंह का पैर छूते करण भूषण सिंह।

## 1999 के बाद पहली बार लोकसभा में नहीं दिखेंगे बृजभूषण

करीब तीन दशकों की देवीपाटन मंडल की सियासी धुरी बन चुके बृजभूषण 1999 के बाद पहली बार 18वीं लोकसभा में सदस्य के तौर पर सदन में नहीं दिखेंगे। गोंडा सीट से 1991 में रामलहर के दौरान बृजभूषण सिंह गोंडा से पहली बार सांसद बने थे। 1996 में उनकी पत्नी केतकी देवी सिंह सांसद चुनी गईं। हालांकि, 1998 में बृजभूषण को गोंडा सीट से सपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह से हार सामना करना पड़ा। 1999 में गोंडा से भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए। इसके बाद बलरामपुर सीट से 2004 में सांसद बने। इसके बाद पाला बदलकर सपा में शामिल हुए 2009 में कैसरगंज सीट से जीत का परचम लहराया। इसके बाद मोदी लहर के दौरान भाजपा में लौटे बृजभूषण शरण सिंह ने 2014 और 2019 में कैसरगंज से शानदार जीत दर्ज की।

**करीब बीस दिन प्रचार कर दिलाई बेटे को जीत:** टिकट का ऐलान होने से पहले बृजभूषण सिंह जीत को लेकर आश्वत थे। उन्होंने कई बार कहा कि एक घंटा पहले भी टिकट मिला तो भाजपा उम्मीदवार कैसरगंज से चुनाव जीतकर जाएगा। उनकी यह बात सौ प्रतिशत सही साबित हुई। उन्होंने अपने छोटे बेटे और उप्र प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष करण भूषण सिंह को विजय श्री दिलाकर अपनी सियासी ताकत का लोहा मनवा दिया है।

## कीर्तिवर्धन की जीत पर उड़ाया अबीर-गुलाल

गोण्डा सीट से भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने लगातार तीसरी पर जीत का परचम लहराया है। जीत के बाद उन्होंने इसका श्रेय पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को दिया। कहा कि यह सब भाजपा परिवार व उनके कार्यकर्ताओं की मेहनत है। सांसद जीत का प्रमाण पत्र लेकर पहले शहर के जय महल पहुंचे। उनके पहुंचते ही समर्थकों ने नारेबाजी करने शुरू कर दी। लोग अबीर गुलाल लगाकर ढोल-नगाड़े की थाप पर थिरकते दिखे। वहीं, ज्योतिषाचार्य पंडित लल्लू तिवारी की भविष्यवाणी भी सच निकली। बताते चलें कि इस बार चुनाव में जहां कीर्तिवर्धन सिंह ने जमकर प्रचार किया था। उनकी माता रानी वीना सिंह अपने कुछ चुनिंदा लोगों को क्षेत्र में भेजकर बेटे के लिए वोट मांगती रही। यही नहीं कीर्तिवर्धन सिंह की मां मंदिर में प्रतिदिन जाकर देवी मां से जीत के लिए बराबर पूजन-अर्चन करके अपने बेटे की जीत की कामना करती थीं।

# करण भूषण ने जीत को बताया पिता व जनता का आशीर्वाद



सांसदी का चुनाव जीतकर घर पहुंचे बेटे करण की आरती उतारतीं उनकी मां।

■ राकेश सिंह

- कहा, लोगों के सुख-दुख में हमेशा शामिल रहूंगा
- प्राचीन मन्दिर पहलवान वीर का दर्शन भी किया

नवाबगंज। महज 33 वर्ष की उम्र में लोकसभा का चुनाव जीतकर देश के सबसे बड़े सदन मे पहुंचे नवनिर्वाचित सांसद करण भूषण सिंह ने अपनी जीत की श्रेय पिता बृजभूषण शरण सिंह का मार्गदर्शन और कैसरगंज की जनता का आशीर्वाद तथा कार्यकर्ताओं के समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि लोगों के सुख-दुख में हमेशा शामिल रहूंगा। साथ ही क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए सतत काम करूंगा। करण भूषण नवाबगंज के चेयरमैन डॉ. सत्येन्द्र सिंह समेत अन्य सहयोगियों के साथ जिला मुख्यालय के लिए लगभग नौ बजे रवाना हुए।

चुनाव जीतकर घर पहुचने पर माता और पूर्व सांसद केतकी देवी सिंह ने बेटे का आरती उतार कर स्वागत किया। घर की सभी बहुओं ने उनका मुंह मीठा कराया। सांसद के आवास परिसर मे जश्न का माहौल रहा। हर कोई एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई देता नजर आया। मंगलवार की सुबह मतगणना स्थल के लिए रवाना होने से पहले करन भूषण अपने आवासीय परिसर स्थित मन्दिर में पहुंच कर पूजन दर्शन किया। इसके बाद माता-पिता का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। बेटी ने दही-गुड़ खिलाया तो मां केतकी सिंह ने माथे पर चंदन का तिलक लगाकर जीत का आशीर्वाद दिया।

कस्बे के तरबगंज रोड पर स्थित बजरंग बली के प्राचीन मन्दिर पहलवान वीर का दर्शन भी किया। बेटे के रवाना होने के कुछ देर बाद पिता सांसद बृजभूषण शरण सिंह भी जिला मुख्यालय के तरफ कूच कर गए।

# आरोपित की जमानत निरस्त

**गोंडा :** प्रभारी विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सूर्य प्रकाश सिंह ने जेजे कालोनी, बवाना थाना औद्योगिक क्षेत्र नरेला, जिला रोहिणी नई दिल्ली निवासी अरुण कुमार का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी मनमोहन मिश्र ने बताया कि आरोपित ने कोतवाली कर्नलगंज के एक गांव से पांच मई 2024 को एक किशोरी का अपहरण किया था। (संसू)

# इस वार भी टूटीं आधी आवादी की उम्मीदें

गोंडा : गोनर्द की धरती (त्रेतायुग में यहां भगवान श्रीराम की गायें चरती थीं) पर आधी आबादी जीत के लिए तरस रही है। गोंडा लोकसभा सीट पर आजादी के बाद से अबतक 17 चुनावों में सिर्फ दो बार महिलाओं ने जीत दर्ज की है। वहीं, कैसरगंज में सिर्फ तीन बार महिलाओं ने जीत दर्ज की है। यहां से 1971 में हुए चुनाव के बाद आधी आबादी को मौका न्हीं मिला। (संसू)

# बड़ा बेटा विधायक व छोटा बना सांसद



कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बधाई देते समर्थक • जागरण

गोंडा : सांसद बृजभूषण शरण सिंह का इकलौता परिवार है जिनके परिवार के लोग विधानसभा व लोकसभा में सदस्य हैं। गोंडा सदर सीट से बृजभूषण शरण सिंह के बड़े बेटे प्रतीक भूषण सिंह गोंडा सदर सीट से भाजपा से विधायक हैं। वहीं, छोटे बेटे करण भूषण सिंह लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने हैं। इससे पहले 2014 में कुंवर आनंद सिंह गौरा विस सीट से सपा से विधायक थे और कीर्तिवर्धन सिंह भाजपा से सांसद। (संसू)

## एक नजर में

# गोमाता को गुड़ खिलाकर सांसद ने लिया आशीर्वाद



गोशाला में गाय को गुड़ खिलाते सांसद बृजभूषण शरण ● जागरण

गोंडा : रघुकुल विद्यापीठ में कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह अपने समर्थकों के साथ बैठे मतगणना के बारे में पल-पल की जानकारी लेते रहे। साथ ही वह पदाधिकारियों से समीक्षा भी करते रहे। कैसरगंज की जीत के बाद वह अपने समर्थकों के साथ विश्नोहरपुर अपने आवास को रवाना हो गए। वहां पहुंचने के बाद गोशाला में गोमाता को गुड़ खिलाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। इंटरनेट मीडिया पर उनको बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। (संसू)

# शाह व योगी ने बनाया जीत का माहौल





गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी। स्रोत सोशल मीडिया

गोंडा। जिले की दोनों सीटों पर भाजपा की बड़ी जीत के नायक गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रहे। सभी ने जनसभा कर केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई और जनता का सहयोग मांगा। इसी का नतीजा रहा कि जिले में जातीय समीकरण ध्वस्त हो गए। हर तबके ने दिल खोलकर भाजपा को वोट दिया। भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए दिग्गज नेताओं ने भी पूरी ताकत झोंक दी। कैसरगंज से प्रत्याशी करण भूषण सिंह के नामांकन में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने शामिल होकर हर तबके के मतदाताओं को साधने का प्रयास किया। उन्होंने अपनी सभा में राम मंदिर व आतंकवाद जैसे मुद्दों पर विपक्ष को जमकर घेरा।

**जीत के नायकों ने ध्वस्त किए गोंडा-कैसरगंज के जातीय समीकरण**

वहीं, 12 मई को शहर के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने पीओके, तीन तलाक, यूनीफॉर्म सिविल कोड जैसे मुद्दों पर जन सहयोग मांगा। उन्होंने कारसेवकों पर गोली चलाने की घटना का जिक्र करते हुए हिंदू मतदाताओं को एकजुट करने का प्रयास किया। वहीं, चुनाव के तीन दिन पहले 17 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैसरगंज संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण शरण सिंह के लिए वहराइच के पयागपुर में व गोंडा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह के लिए बलरामपुर के रेहरा बाजार में आयोजित जनसभा में मतदाताओं को साधने का प्रयास किया।

उन्होंने विकास व राममंदिर के नाम पर वोट देने की अपील की। इन बड़े नेताओं के जादू के अलावा स्थानीय स्तर पर कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से निवर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह का माइक्रो मैनेजमेंट भी बहुत काम आया। उन्होंने बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग के लिए अपने समर्थकों को भी लगा रखा था। बृजभूषण शरण सिंह के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के शिक्षकों ने प्रबुद्ध लोगों से संवाद कर भाजपा की नीतियों से अवगत कराया। राष्ट्रवाद का मुद्दा, विकसित भारत का संकल्प आदि मुद्दे भाजपा की जीत में कारगर साबित हुए। (संवाद)

# कीर्तिवर्धन ने लगाई जीत की हैट ट्रिक, तोड़ दिया पिता का रिकार्ड

वरुण यादव • जागरण

गोंडा : लोकसभा चुनाव में लगातार जीत की हैट ट्रिक लगाकर कीर्तिवर्धन सिंह ने सिर्फ नया रिकार्ड नहीं बनाया है, बल्कि पिता के चार बार जीत के कीर्तिमान को भी तोड़ दिया है। वह पांचवीं बार सांसद चुने गए हैं।

कीर्तिवर्धन सिंह के पिता आनंद सिंह पहली बार कांग्रेस के टिकट पर 1971 में सांसद चुने गए थे। 1980, 1984 व 1989 के बीच हुए तीन चुनावों में आनंद सिंह ने लगातार जीत दर्ज करके हैट ट्रिक लगाई थी। 1991 में वह भाजपा के बृजभूषण शरण सिंह से चुनाव हार गए। 1996 में बृजभूषण सपा के टिकट पर चुनाव लड़े, इस बार भी उन्हें सांसद बृजभूषण शरण सिंह की पत्नी केतकी देवी सिंह से हार का सामना करना पड़ा। लगातार दो चुनाव में हार के बाद आनंद सिंह ने अपनी राजनीतिक विरासत बेटे कीर्तिवर्धन सिंह को सौंप दी। कीर्तिवर्धन सिंह सपा के टिकट पर 1998 में बृजभूषण शरण सिंह को हराकर पहली बार संसद पहुंचे। कीर्तिवर्धन सिंह ने भाजपा के टिकट पर वर्ष 2014 और 2019 का चुनाव लगातार जीत चुके थे, इस बार भी उन्होंने जीत दर्ज कर हैट ट्रिक लगाई है।



नवीन गल्ला मंडी स्थित मंदिर में कीर्तिवर्धन सिंह को पंचामृत देते डा.कृष्ण मुरारी त्रिपाठी • जागरण

### कीर्तिवर्धन के नाम रिकार्ड दर्ज

गोंडा लोकसभा सीट पर अब तक 17 चुनाव हो चुके हैं। सबसे ज्यादा बार इस सीट से चुने जाने का रिकार्ड अब कीर्तिवर्धन सिंह के नाम दर्ज हो गया है। कीर्तिवर्धन सिंह ने पांचवी बार और कुंवर आनंद सिंह ने चार बार लोकसभा में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। वहीं बृजभूषण शरण सिंह ने इस सीट से दो बार जीत दर्ज की है, जबकि एक बार उनकी पत्नी केतकी देवी सिंह सांसद चुनी गई हैं।

### गोंडा लोकसभा सीट से चुने गए सांसद

| वर्ष | सांसद | दल |
|---|---|---|
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | कांग्रेस |
| 1964 | नारायण दांडेकर | स्वतंत्र पार्टी |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | कांग्रेस |
| 1971 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | जनता पार्टी |
| 1980 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 1996 | केतकी देवी सिंह | भाजपा |
| 1998 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | कांग्रेस |
| 2014 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |
| 2019 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |
| 2024 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |

# कैसरगंज व गोंडा लोकसभा सीट का दुर्ग नहीं भेद सकी बसपा

जासं • गोंडा : बहुजन समाज पार्टी (बसपा) 1984 में अस्तित्व में आई। 14 अप्रैल 1984 को कांशीराम ने बसपा का गठन किया था। पार्टी गठन के पांच वर्ष बाद 1989 के लोकसभा चुनाव में भले ही बसपा ने जीत का खाता यूपी से खोला हो लेकिन, देवीपाटन मंडल की कैसरगंज व गोंडा लोकसभा सीट अभी तक उसके लिए अभेद दुर्ग बनी हुई है। इस बार भी चुनाव में बसपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। किसी भी सीट पर उसके उम्मीदवार 50 हजार मत भी नहीं पा सके।

**बहराइच व श्रावस्ती में एक-एक बार मिली बसपा को जीत:** बहराइच लोकसभा सीट पर 1998 में हुए चुनाव में बसपा को पहली बार जीत मिली थी। बसपा उम्मीदवार आरिफ मोहम्मद खान ने भाजपा के पदमसेन चौधरी को 38 हजार 376 वोटों से हराया था। हालांकि, एक वर्ष बाद 1999 में हुए चुनाव में भाजपा के पदमसेन चौधरी ने बसपा के आरिफ मोहम्मद खान को हरा दिया। 2019 के लोकसभा चुनाव में श्रावस्ती लोकसभा सीट से बसपा के राम शिरोमणि वर्मा ने भाजपा के दद्दन मिश्र को 5320 वोट से हराकर जीत दर्ज की थी।

• पैर जमाना तो दूर 50 हजार वोट भी नहीं हासिल कर पाई पार्टी

**गठबंधन के बावजूद कैसरगंज नहीं जीत पाई बसपा :** वर्ष 2019 चुनाव में सपा व बसपा का गठबंधन था। गठबंधन के तहत देवीपाटन मंडल की श्रावस्ती व कैसरगंज सीट बसपा को दी गई थी। गठबंधन के बावजूद बसपा कैसरगंज लोकसभा सीट से चुनाव नहीं जीत सकी। इस बार बसपा अकेले चुनाव मैदान में थी, लेकिन कोई फायदा नहीं मिला।

## बसपा समेत आठ प्रत्याशियों की जमानत जब्त

संवादसूत्र, जागरण • गोंडा : लोकसभा चुनाव में बसपा समेत आठ प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। ये उम्मीदवार 50 हजार मत भी हासिल नहीं कर सके। कैसरगंज में दो और गोंडा लोकसभा सीट पर आठ उम्मीदवारों ने जमानत गंवाई है।

लोकसभा चुनाव में इस बार 12 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे थे। कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा ने करण भूषण सिंह, सपा ने भगतराम मिश्र और बसपा ने नरेंद्र पांडेय को मैदान में उतारा था। जबकि निर्दल उम्मीदवार के रूप में अरुणिमा पांडेय चुनाव लड़ रही थीं। गोंडा लोकसभा सीट से सबसे ज्यादा 12 उम्मीदवार मैदान में थे। भाजपा से कीर्तिवर्धन सिंह, सपा से श्रेया वर्मा, बसपा से सौरभ मिश्र के अलावा पांच निर्दल उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे। जमानत बचाने के लिए कुल पड़े मतों का 20 प्रतिशत मत प्राप्त करना उम्मीदवार के लिए आवश्यक है। कैसरगंज व गोंडा लोकसभा सीट पर भाजपा व सपा को छोड़कर अन्य सभी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। बसपा समेत आठ उम्मीदवार जमानत बचाना तो दूर 50 हजार मत भी प्राप्त नहीं कर सके। ऐसे में इन उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो चुकी है।

### कैसरगंज लोकसभा सीट से किसकी जब्त हुई जमानत

| प्रत्याशी | दल | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| नरेंद्र पांडेय | बसपा | 44279 |
| अरुणिमा पांडेय | निर्दल | 9250 |

### गोंडा लोकसभा सीट से किसकी जब्त हुई जमानत

| प्रत्याशी | दल | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| सौरभ मिश्र | बसपा | 29372 |
| राम उजागर | निर्दल | 3533 |
| अरुणिमा पांडेय | निर्दल | 3068 |
| राघवेंद्र | भाशवेपा | 2026 |
| राजकुमार | निर्दल | 1987 |
| विनोद सिंह | भाउनिपा | 1482 |

# बढ़त पर बजीं तालियां तो कहीं मुरझाए चेहरे

**भाजपा कार्यालय में सुबह से ही दिखी चहल-पहल, जबकि सपा, बसपा व कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में कम दिखी रौनक**



भाजपा कार्यालय में विधायक व पदाधिकारियों से मतगणना पर चर्चा करते जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप • जागरण

**संसू, जागरण • गोंडा :** लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान राजनीतिक दलों के कार्यालयों पर कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा। कोई मोबाइल तो कोई एलईडी टीवी पर मतगणना के रुझानों को देखने में व्यस्त दिखा। उम्मीदवार की बढ़त पर कहीं तालियां बज रही थीं तो कहीं मायूसी छा गई। परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

**जय श्रीराम का हुआ उद्घोष:** दोपहर के दो बजे रहे थे। जानकीनगर स्थित भाजपा कार्यालय में चहल-पहल अधिक दिखी। गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा, मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी, जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप एलईडी पर मतगणना का रुझान देख रहे थे।

गोंडा व कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी की बढ़ते पर कार्यकर्ता जय श्रीराम का उद्घोष कर रहे थे। महामंत्री आशीष त्रिपाठी, दीपक गुप्ता, जिला कार्य समिति सदस्य राजकुमार दुबे, राघवेंद्र ओझा ने जश्न मनाया। वहीं, सपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन समर्थकों के साथ जुटे थे।

पार्टी प्रत्याशी के पिछड़ने पर मायूस दिखे। यही दृश्य महराजगंज स्थित कांग्रेस भवन व आवास विकास कालोनी स्थित बसपा कार्यालय में देखने को मिला।

# जनता ने माथे पर लगाया जीत का चंदन, किया अभिनंदन





करण भूषण सिंह को दही खिलाती मां व पूर्व सांसद केतकी सिंह और गदा उठाकर अभिवादन करते सदर विधायक प्रतीक भूषण • जागरण

**संसू, जागरण • गोंडा :** दूसरे बड़े मंगल ने गोनर्द की धरती पर भाजपा के लिए मंगल कर दिया। जनता ने भाजपा के उम्मीदवारों के माथे पर जीत का चंदन लगाया तो घर पहुंचने पर स्वजन ने अभिनंदन किया। किसी को मां ने दही व गुड़ खिलाकर शगुन तो किया तो किसी की पत्नी ने आरती उतारकर अभिनंदन किया।

मतगणना के लिए निकलने से पहले कैसरगंज से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह ने बजरंगबली की आराधना की। मां केतकी सिंह ने गुड़ व दही खिलाकर शगुन किया। भाभी राजश्री सिंह ने माथे पर टीका लगाया और सिर पर हाथकर आशीर्वाद दिया। पत्नी नेहा सिंह ने पति की आरती उतारकर जीत के लिए शुभकामनाएं दी। पिता बृजभूषण शरण सिंह का पैर छूकर करण भूषण घर से बाहर निकले। जीत के बाद जब वह घर पहुंचे तो स्वजनों ने अभिनंदन किया। मुंह मिठाई कराने के साथ ही विजय का तिलक लगाया। बच्चे हों या बुजुर्ग, हर कोई करण भूषण पर प्यार लुटाता दिखा। युवाओं का जोश तो देखने लायक था। हर कोई अपने चहेते सांसद के साथ सेल्फी लेने के लिए बेताब दिखा। सांसद बृजभूषण सिंह व प्रतीक भूषण सिंह समर्थकों से घिरे रहे। किसी ने उन्हें गदा भेंट किया तो किसी ने माला पहना स्वागत किया।

**बजरंगबली का सांसद ने लिया आशीर्वाद:** कैसरगंज सांसद कीर्तिवर्धन सिंह घर में ईश्वर की आराधना करके निकले थे। मतगणना के दौरान जीत मिलने पर वह नवीन गल्ला मंडी स्थित मंदिर में गए और बजरंगबली का आशीर्वाद व प्रसाद लिया। घर पहुंचने पर पत्नी मधुश्री सिंह ने स्वागत किया। गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा, मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री, मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने सांसद का माला पहनाकर स्वागत किया।

**कार्यकर्ताओं ने फोड़े पटाखे, बांटी मिठाई :** भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी और पटाखे फोड़े। जयमहल स्थित सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह, रमाशंकर मिश्र, कमलेश पांडेय, पूर्व प्रमुख बाबूराम यादव, झींगे महराज ने मिठाई बांटी।

# गोनर्द की धरती पर अभेद्य रहा भाजपा का किला

## कैसरगंज लोकसभा सीट से करण भूषण सिंह व गोंडा लोस सीट से कीर्तिवर्धन सिंह ने फहराई विजय पताका

जासं • गोंडा : गोनर्द की धरती (गोंडा) में भाजपा का किला इस बार भी अभेद्य रहा। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह व गोंडा लोकसभा सीट से कीर्तिवर्धन सिंह ने एक बार फिर जीत दर्ज की। करण भूषण सिंह ने डेढ़ लाख व कीर्तिवर्धन सिंह ने 50 हजार मतों से जीत दर्ज की। वर्ष 2014 से भाजपा लगातार इन सीटों पर चुनाव जीत रही है।

कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह ने सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र को एक लाख 48 हजार 843 लाख मतों से हराया। करण भूषण सिंह को पांच लाख 71 हजार 263 व भगतराम मिश्र को चार लाख 22 हजार 420 मत मिले।

वहीं, गोंडा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह ने सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा को 46 हजार 224 मतों से पराजित किया। कीर्तिवर्धन सिंह को चार लाख 74 हजार 258 व श्रेया वर्मा को चार लाख 28 हजार 34 मत मिले। आरओ गोंडा नेहा शर्मा ने गोंडा लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व आरओ कैसरगंज एम. अरून्मोली ने गोंडा लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद करण भूषण सिंह को प्रमाण पत्र दिया।



नवीन गल्ला मंडी स्थित मतगणना स्थल पर नवनिर्वाचित सांसद करण भूषण सिंह को प्रमाण पत्र देती आरओ कैसरगंज एम अरून्मोली • जागरण



नवीन गल्ला मंडी स्थित मतगणना स्थल पर नवनिर्वाचित सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को प्रमाणपत्र देती आरओ गोंडा लोकसभा नेहा शर्मा • जागरण

### कैसरगंज लोस सीट

| प्रत्याशी | दल | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| करण भूषण सिंह | भाजपा | 571263 |
| भगतराम मिश्र | सपा | 422420 |
| नरेंद्र पांडेय | बसपा | 44279 |
| अरुणिमा पांडेय | निर्दल | 9250 |

नोटा-14887

### कैसरगंज लोस सीट 2019

जीते : बृजभूषण शरण सिंह (बीजेपी) : 5,81,358 वोट

चंद्रदेव राम यादव (गठबंधन) : 3,19,757 वोट

विनय कुमार पांडेय बिन्नू (कांग्रेस) : 37,132वोट

जीत का अंतर-261601

### गोंडा लोकसभा सीट

| प्रत्याशी | दल | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा | 474258 |
| श्रेया वर्मा | सपा | 428034 |
| सौरभ मिश्र | बसपा | 29429 |
| राम उजागर | निर्दल | 3535 |
| अरुणिमा पांडेय | निर्दल | 3073 |
| राघवेंद्र | भशवेपा | 2028 |
| राजकुमार | निर्दल | 2028 |
| विनोद सिंह | भाउनिपा | 1483 |

नोटा-9055

### गोंडा लोस सीट 2019

जीते : कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया (बीजेपी) : 5,07,276 वोट

विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह (गठबंधन) : 3,41,179 वोट

कृष्णा पटेल (कांग्रेस) : 25,646 वोट

जीत का अंतर-166097

### गोंडा लोसचुनाव 2014

जीते : कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया (बीजेपी) : 3,59,643 वोट

नंदिता शुक्ला (सपा) : 1,99,227 मत

अकबर अहमद डंपी (बसपा) : 1,16,178 वोट

बेनी प्रसाद वर्मा (कांग्रेस) : 1,02,254 वोट मिले

### लोस चुनाव 2014

जीते : बृजभूषण शरण सिंह (बीजेपी) : 3,81,500 वोट

विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह (सपा) : 3,03,282 वोट

कृष्ण कुमार ओझा (बसपा) : 1,46,726 वोट

मुकेश श्रीवास्तव (कांग्रेस) : 57,401 वोट

**पिता की विरासत संभालेंगे करण भूषण:** जिस सदन में छह बार पिता व एक बार माता ने जिले का प्रतिनिधित्व किया है, उस सदन में इस बार करण भूषण माता-पिता की राजनीतिक विरासत आगे बढ़ाएंगे। बृजभूषण शरण सिंह के परिवार से वह तीसरे सदस्य हैं, जिन्हें 18वीं लोकसभा के लिए सांसद चुना गया है। तरबगंज के विश्नोहरपुर में जन्मे बृजभूषण शरण सिंह ने राजनीतिक सफर की शुरुआत अयोध्या में छात्रसंघ चुनाव से की थी। पहली बार वह 1991 की रामलहर में गोंडा लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे। इस चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के सांसद कुंवर आनंद सिंह को एक लाख तीन हजार मतों से हराया था। 1996 में बृजभूषण शरण सिंह के जेल में निरुद्ध होने पर उनकी पत्नी केतकी देवी सिंह ने राजनीतिक विरासत संभाली और वह 11वीं लोकसभा के लिए सांसद चुनी गईं। 1999 में वह फिर गोंडा से सांसद चुने गए। इसके बाद उनके जीत का सिलसिला जारी रहा। 2004 में बलरामपुर (अब श्रावस्ती) लोकसभा सीट, 2009, 2014 व 2019 में वह कैसरगंज लोकसभा सीट से सांसद चुने गए।

---

### गोण्डा से भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह ने दर्ज की जीत, कैसरगंज से बृजभूषण सिंह के बेटे करण भूषण हुए कामयाब

# कैसरगंज-गोंडा सीट पर भाजपा का कब्जा बरकरार

**खुशी**

गोंडा, प्रमुख संवाददाता। गोंडा और कैसरगंज लोकसभा सीट पर मंगलवार शाम मतगणना पूरी होने के बाद नतीजों का ऐलान कर दिया गया है। देशभर में चर्चित कैसरगंज सीट पर निवर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण ने 148843 वोटों से जीत दर्ज की है। वहीं, गोंडा से सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने भाजपा के टिकट पर हैट्रिक लगाकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने सपा उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को 46224 मतों से पराजित किया।

कैसरगंज से भाजपा उम्मीदवार करण भूषण सिंह को 571263 वोट मिले। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सपा उम्मीदवार भगत राम मिश्र को 148843 वोटों से पराजित किया। भगतराम को 422420 मत मिले हैं। इस सीट से बसपा उम्मीदवार नरेंद्र पांडेय को 44279 वोट मिले हैं। परिणाम की घोषणा के बाद कैसरगंज से विजयी प्रत्याशी करण भूषण सिंह को रिटर्निंग ऑफिसर/सीडीओ एम. अरुन्मौलि ने प्रेक्षक की मौजूदगी में जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। दोनों सीटों पर सपा और भाजपा उम्मीदवार को छोड़कर बाकी उम्मीदवार अपनी जमानत भी नहीं बचा सके हैं। गोंडा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार और सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने 474258 वोट हासिल कर लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की है। उन्होंने सपा उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को 46224 मतों से हराया। श्रेया वर्मा को 428034 मत मिले हैं। परिणाम की घोषणा होने के बाद नवनिर्वाचित सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को गोंडा की आरओ/डीएम नेहा शर्मा ने प्रेक्षक की मौजूदगी में जीत का प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस जीत के साथ कीर्तिवर्धन से गोंडा सीट से पांच बार सांसद बन अपने पिता आनंद सिंह का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। आनंद सिंह गोंडा से चार बार सांसद रह चुके हैं। दोनों सीटों पर पांचवे चरण में बीते 20 मई को मतदान हुआ था। गोंडा सीट पर 51.45 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। गोंडा संसदीय क्षेत्र की पांच विधानसभा क्षेत्र में 9 लाख 51 हजार 394 मत पड़े थे। कैसरगंज लोकसभा सीट पर 55.68 प्रतिशत मतदान हुआ था। यहां कुल 10 लाख 60 हजार 576 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।



मंगलवार को गोंडा सीट से नवनिर्वाचित सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को जीत का प्रमाणपत्र देती आरओ/डीएम नेहा शर्मा।



मंगलवार को कैसरगंज से नवनिर्वाचित सांसद करणभूषण सिंह को जीत का प्रमाणपत्र देती आरओ/सीडीओ एम. अरुन्मौलि।

- करण भूषण ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भगतराम को 148843 वोटों से पराजित किया
- कीर्तिवर्धन सिंह ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री बेनी वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को 46224 मतों से हराया

### गोंडा लोकसभा विस क्षेत्रवार पड़े थे मत

| विस | वोट पड़े |
|---|---|
| उतरौला | 1,94,701 |
| मेहनौन | 2,11,861 |
| गौरा | 1,75,460 |
| मनकापुर | 1,81,572 |
| गोंडा सदर | 1,87,800 |

### कैसरगंज लोकसभा में पड़े थे मत

| विस | वोट पड़े |
|---|---|
| करनैलगंज | 1,79,941 |
| कटरा बाजार | 2,26,212 |
| तरबगंज | 2,07,850 |
| पयागपुर | 2,23,695 |
| कैसरगंज | 2,22,878 |

### कैसरगंज सीट पर किसको कितने मिले वोट

| प्रत्याशी | पार्टी | मिले मत |
|---|---|---|
| करण भूषण सिंह | भाजपा | 571263 |
| भगत राम | सपा | 422420 |
| नरेंद्र पांडे | बसपा | 44279 |
| अरुणिमा पांडे | निर्दल | 9250 |
| नोटा | | 14887 |

### गोंडा सीट पर कितने मिले मत

| प्रत्याशी | पार्टी | मिले मत |
|---|---|---|
| कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा | 4,74,258 |
| श्रेया वर्मा | सपा | 4,28,034 |
| सौरभ | बसपा | 29,429 |
| राघवेंद्र | भा.श. | 2028 |
| राज कुमार | निर्दल | 1989 |
| विनोद कुमार सिंह | भा.उ. | 1483 |
| (नोटा) | | 9055 |

# अंतर्कलह, कमजोर संगठन ने डुबो दी सपा की नैया

वरुण यादव/एसपी तिवारी • जागरण

**2019 की तुलना में बढ़े मत, फिर भी एक भी सीट नहीं जीत पाई सपा**

गोंडा : लोकसभा चुनाव में इस बार अंतर्कलह व कमजोर संगठन ने सपा की नैया फिर डुबो दी। गोंडा लोकसभा सीट सपा के हाथ से फिसल गई, जबकि कैसरगंज में सपा का वोट तो बढ़ा, लेकिन चुनाव हार गई। हार के बाद संगठन में बदलाव की आहट सुनाई देने लगी है।

लोकसभा चुनाव को लेकर इस बार आइएनडीआइए के तहत सपा के खाते में जिले की दोनों सीटें आई थीं। सपा ने गोंडा लोकसभा सीट से चुनाव की अधिसूचना लागू होने के पहले ही पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को उम्मीदवार तय कर दिया था। जबकि, कैसरगंज लोकसभा सीट से उम्मीदवार के नाम की घोषणा नामांकन की अंतिम तिथि से एक दिन पहले की गई। बहराइच के पयागपुर निवासी अधिवक्ता भगतराम मिश्र को उम्मीदवार बनाने से नाराज जिले के सपाइयों ने टिकट बदलवाने के लिए लखनऊ में डेरा डाल दिया था। यही नहीं, उम्मीदवार के नामांकन में भी जिले के सपा के बड़े नेता नहीं दिखे। नामांकन के बाद पहले नेताओं का मान-मनौव्वल हुआ, इसके बाद प्रचार शुरू हुआ। कैसरगंज लोकसभा सीट के प्रत्याशी के समर्थन में सपा के बड़े नेताओं ने गोंडा में एक भी सभा नहीं की। जबकि गोंडा लोकसभा में सांसद डिंपल यादव ने रोड शो किया था। पार्टी सूत्र के मुताबिक, बहराइच व बाराबंकी के उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने से जिले के नेताओं में एकता नहीं रही। दिन में सपा के लिए प्रचार करने वाले नेता रात में विपक्ष के उम्मीदवार को फीडबैक दे देते थे। जिले के नेताओं को इस बात का डर था कि यदि दूसरे जिले के उम्मीदवार कामयाब हो गए तो उन्हें आने वाले दिनों में मौका नहीं मिलेगा। हालात ये रहे कि कैसरगंज व गोंडा लोकसभा सीट पर सपा सभी बूथों पर अपने एजेंट तैनात नहीं कर सकी। ऐसे में किसी सीट पर जीत मिलते-मिलते फिसल गई तो कहीं बड़ी हार का सामना करना पड़ा।



मतगणना स्थल से बाहर जाती सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा • जागरण

# मतगणना स्थल पर मुस्तैद रहे 32 निरीक्षक, 1217 जवान

संसू, जागरण • गोंडा : नवीन गल्ला मंडी स्थित मतगणना स्थल की सुरक्षा को लेकर पुलिस चौकस रही। 32 निरीक्षक समेत 1217 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। चुनाव के दौरान पाबंद किए गए संदिग्धों पर नजर रखने के लिए थानाध्यक्ष सतर्क रहे। इसके अलावा एक हजार हिस्ट्रीशीटर की निगरानी के लिए बीट पुलिस अधिकारियों को लगाया गया था। स्थानीय अभिसूचना इकाई के साथ ही डायल 112 पुलिस को सक्रिय किया गया है, जिससे कि मतगणना में कोई व्यवधान न हो।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने नवीन गल्ला मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सभी ड्यूटी प्वाइंट का हाल देखा। त्रिस्तरीय सुरक्षा आइसोलेशन कोर्डन, इनर कोर्डन, आउटर कोर्डन का निरीक्षण किया। मतगणना के लिए लगे बैरियर व पार्किंग स्थल पर लगे सुरक्षा बल के जवानों को सक्रिय रहने का निर्देश दिया। मतगणना स्थल के 150 मीटर परिधि तक किसी भी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध था। मतगणना स्थल पर पान, मसाला, सिगरेट, माचिस, इलेक्ट्रानिक डिवाइस व ज्वलनशील पदार्थ ले जाना प्रतिबंधित था, जिसका सख्ती से पालन कराया गया। एसपी ने कहा कि दो अपर पुलिस अधीक्षक, पांच क्षेत्राधिकारी, छह प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, 32 निरीक्षक, 134 उप निरीक्षक, पांच महिला उप निरीक्षक, 214 मुख्य आरक्षी, 611 आरक्षी, 187 महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। 21 पुलिस कर्मी यातायात व्यवस्था के लिए लगाए गए थे। पीएसी व सीएपीएफ के जवानों की भी तैनाती की गई थी। क्विक रिस्पांस टीम के साथ ही स्थानीय अभिसूचना इकाई को अराजक तत्वों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना कार्य संपन्न कराया गया है।




बड़गांव पुलिस चौकी के पास स्कूटी सवार से पूछताछ करते पुलिस कर्मी और मतगणना स्थल पर पैदल मार्च करते जवान • जागरण

# जोश-जज्बे के साथ दिखा गुस्सा, फिर माना जनादेश

संसू, जागरण • गोंडा : सुबह के करीब सवा सात बजे थे। बहराइच रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति के बाहर पुलिस कर्मी खड़े थे। मतगणना केंद्र में प्रवेश के लिए अभिकर्ता व प्रत्याशी अनुमति मिलने का इंतजार कर रहे थे। थोड़ी देर बाद पुलिस कर्मियों ने तलाशी के साथ जब प्रवेश दिया तो हर किसी में चुनाव जीतने को लेकर जोश दिखा।

मतगणना शुरू होने के बाद ऐसा लगा कि जीत के लिए कोई कुछ भी कर सकता है। परिणाम जब अनुकूल नहीं दिखे तो गुस्सा भी देखने को मिला। यही नहीं, जब मतगणना के दौरान दोपहर बाद गोंडा लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा व भाजपा प्रत्याशी एक साथ पहुंचे तो राजनीतिक गरमाहट बढ़ गई, इसको लेकर सुरक्षा कर्मी सतर्क हो गए। मतगणना के दौरान अभिकर्ताओं में भी नोंकझोंक देखने को मिली। आखिर में सभी को जनता का जनादेश स्वीकार करते हुए मतगणना केंद्र से जाना पड़ा।

**बाहर जमे रहे समर्थक, परिणाम के साथ ही बढ़ता रहा शोर:** नवीन गल्ला मंडी में मतगणना के लिए केंद्र बनाया गया था। यहां गोंडा लोकसभा सीट के गोंडा सदर, मेहनौन, गौरा व मनकापुर, कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के कटराबाजार, कर्नलगंज व तरबगंज विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती हुई। चुनाव में लड़ाई भाजपा व सपा के बीच दिखी। सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने बड़गांव पुलिस चौकी से मिश्रौलिया पुलिस चौकी के बीच आवागमन प्रतिबंधित कर रखा था। ऐसे में मतगणना का रुझान जानने के लिए भाजपा व सपा के समर्थक मिश्रौलिया व बड़गांव पुलिस चौकी के समीप खड़े थे। शुरुआत रुझान में गोंडा से भले ही श्रेया वर्मा आगे रहीं हो, लेकिन वक्त के साथ वह पिछड़ती चली गईं जबकि, कैसरगंज में भाजपा ने सुबह से ही बढ़त बना ली थी। सबसे कठिन लड़ाई गोंडा लोकसभा सीट पर देखने को मिली। मतगणना का रुझान आते ही समर्थक पूरे जोश से नारेबाजी करते दिखे।



ईवीएम में पड़े मत की गिनती करते कार्मिक • जागरण

### भाजपा ने कैसरगंज में 31 गोंडा में 27 चक्र की मतगणना में बनाई बढ़त

लोकसभा चुनाव की मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कैसरगंज में 32 व गोंडा लोकसभा सीट के वोटों की गिनती 38 चक्र में पूरी हुई। कैसरगंज में सपा एक व गोंडा में 11 चक्र में ही सिर्फ बढ़त बना सकी। जबकि, भाजपा ने कैसरगंज में 31 व गोंडा में 27 चक्र की मतगणना में बढ़त बनाए रखी।

# राजनीतिक दलों के दफ्तरों में डटे रहे कार्यकर्ता

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। मतगणना का रुझान जानने के लिए प्रमुख राजनीतिक दलों के कार्यालय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से गुलजार रहे। मतगणना के हर चक्र के नतीजों पर कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा होती रही।

बहराइच रोड स्थित भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, दीपक गुप्ता, नंदकिशोर समेत तमाम कार्यकर्ता एलईडी पर मतगणना के रुझान देखते रहे। कार्यकर्ताओं के बीच चक्रवार वोटों को लेकर चर्चा के दौरान हार-जीत पर चर्चा होती रही। कैसरगंज और गोंडा लोकसभा क्षेत्र के आए रुझान से कार्यकर्ताओं के चेहरों पर चमक नजर आई।

जिला महिला अस्पताल के सामने स्थित सपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, विनोद श्रीवास्तव, मुकेश सोनी, सरफराज हुसैन के साथ कार्यकर्ता मोबाइल पर चुनावी नतीजों का पल-पल अपडेट लेते नजर आए। हालांकि, चुनावी नतीजों के रुझान में पहले चक्र से ही कार्यकर्ताओं में मायूसी दिखी। सुबह शुरू हुई काउंटिंग के बाद आ रहे रुझान में सपा प्रत्याशी श्रेया भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह से दूसरे चक्र में पीछे हो गईं। सपा कार्यकर्ताओं को





भाजपा कार्यालय में टीवी पर चुनाव परिणाम देखते कार्यकर्ता व सपा कार्यालय में मोबाइल पर परिणाम देखते पदाधिकारी। संवाद



बसपा कार्यालय पर टीवी पर चुनाव के रुझान देखते पदाधिकारी। - संवाद

गौरा, उतरौला और मेहनौन से बड़े अंतर से जीत की उम्मीद थी। मगर यह उम्मीद भी टूट गई।

आवास विकास कॉलोनी स्थित बसपा कार्यालय में मंडल प्रभारी राजकुमार कुरील, जिला प्रभारी हरिश्चंद गौतम व जिलाध्यक्ष मनोज कनौजिया चुनावी नतीजों का रुझान लेते नजर आए। हालांकि, यहां कार्यकर्ताओं की भीड़ कम रही। राजा मोहल्ला स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र, शाहिद अल राईनी, चांद हुसैन समेत कार्यकर्ता इंडिय गठबंधन की प्रत्याशी श्रेया वर्मा क चक्रवार मिले वोटों पर चर्चा करते रहे यहां श्रेया की हार-जीत पर कार्यकर्ताओं । बहस छिड़ी रही।

## कोई टीवी तो कोई मोबाइल पर लेता रहा अपडेट

- लोकसभा चुनाव के रुझान जानने के लिए पूरे दिन लोग टीवी से चिपके रहे। यही नहीं अधिकांश लोग मोबाइल पर पल-पल का अपडेट लेते रहे। गोंडा लोकसभा के साथ ही सांसद बृजभूषण शरण सिंह की प्रतिष्ठा वाली कैसरगंज सीट पर लोगों की नजर टिकी रही। महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के बाद भाजपा ने बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके बेटे करण भूषण को कैसरगंज से प्रत्याशी बनाया। इसलिए लोगों की नजर कैसरगंज सीट पर रही।

# पेड़ जलाने का आरोप, केस दर्ज

मनकापुर(गोंडा)। बेनीपुर पांडेय पुरवा निवासी माधव प्रसाद शुक्ल के मुताबिक बघमरवा बेनीपुर निवासी गुड्डू ने बंटाई पर दूसरे का खेत ले रखा है। गुड्डू ने शुक्रवार को खेत में गेहूं का डंठल फूंक दिया, जिससे उनके बाग में लगे सागौन के 22 व नींबू के दो पेड़ जल गए। इसकी शिकायत लेकर जब वह गुड्डू के घर गया तो उसने अभद्रता करते हुए धमकी दी। इंस्पेक्टर संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि गुड्डू के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# रिवाल्वर व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

मसकनवां (गोंडा)। मसकनवां कॉलोनी के पास सोमवार रात पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को रोका। एक युवक मौके से भाग निकला। दूसरे के पास से 32 बोर की रिवाल्वर, 12 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद किए गए। (संवाद)

# मतगणना के साथ बढ़ती रही धड़कन

## सुबह आठ बजे से शुरू हुई काउंटिंग, दिनभर डटे रहे असफर

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** नवीन गल्ला मंडी परिसर में मंगलवार सुबह आठ बजे से मतगणना चक्र के अनुसार वोटों की गिनती शुरू हुई। सबसे पहले पोस्टल वोटों की गिनती की गई। इसके बाद दिन चढ़ने के साथ ही प्रत्याशियों की धड़कन तेज होती गई। कांटे की टक्कर वाली गोंडा लोकसभा सीट पर 38 चक्र जबकि कैसरगंज के लिए 32 चक्रों में मतगणना पूरी हुई।

सुबह छह बजे से ही मतगणना केंद्र में प्रशासनिक अफसरों व कर्मियों की आमद शुरू हो गई। मिश्रौलिया पुलिस चौकी चौराहे व बड़गांव पुलिस चौकी चौराहे पर बैरिकेडिंग के साथ ही सुरक्षा के मजबूत इंतजाम किए गए थे। जानकारों ने बताया कि गोंडा लोकसभा सीट की शुरुआती दो घंटे तक काउंटिंग धीमी हुई। मगर बाद में मतगणना चक्रवार काउंटिंग के बाद परिणाम घोषित किए गए। मतगणना चक्रों के साथ ही प्रत्याशियों व समर्थकों की धड़कन तेज होती गई। भाजपा और सपा प्रत्याशियों के बीच ही सीधा मुकाबला रहा। गोंडा में कुल 38 राउंड की मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए। वहीं, कैसरगंज में 32 राउंड काउंटिंग के बाद परिणाम घोषित किया गया।

पूर्वाह्न 11 बजे सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा मतगणना स्थल पहुंच गईं। उन्होंने विधानसभा वार काउंटरों पर नजर बनाए रखी। इसी तरह 12:30 बजे गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह मतगणना स्थल पर पहुंचे। अपराह्न करीब तीन बजे श्रेया वर्मा मायूस होकर लौट गईं।

### कुछ घंटों तक ध्वस्त रहा प्रशासन का सूचना तंत्र

सुबह करीब 10 बजे तक प्रशासन का सूचना तंत्र ध्वस्त रहा। एलईडी के साथ ही स्पीकर समेत अन्य इंतजाम किए गए थे। मगर सुबह के दो घंटे तक सुचारू रूप से सूचनाएं मिलने में दिक्कतें रहीं। पुलिस-प्रशासन के कर्मी गेटों पर लगाए गए थे। बड़गांव, मिश्रौलिया पुलिस चौकी के साथ ही जगह-जगह बैरीकेडिंग की व्यवस्था की गई थी। रूट डायर्वजन के साथ ही व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहीं।

### दिनभर दौड़ती रहीं पुलिस की गाड़ियां



चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से चौकन्ना रहा। मतगणना स्थल के आसपास जहां पुलिसकर्मियों व एसएसबी के जवानों को तैनात किया गया है। वहीं, एसपी विनीत जायसवाल, एएसपी मनोज रावत और राधेश्याम राय समेत अन्य अफसर दिनभर मतगणना स्थल से लेकर बाहर तक निगरानी करते रहे। इसके अलावा जिलाधिकारी नेहा शर्मा और सीडीओ एम. अरुन्मोली के साथ ही प्रेक्षक भी मतगणना स्थल पर देर शाम तक डटे रहे।

# युवती को फोन पर धमकाने में दो पर केस

तरबगंज (गोंडा)। क्षेत्र के एक गांव की युवती को फोन कर अभद्रता करने के मामले में क्षेत्र के दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दर्ज कराई रिपोर्ट में युवती ने बताया कि किंधौरा निवासी ललित मिश्र व छोटू उर्फ विशाल वर्मा ने बीते सोमवार को उसकी सहेली के नंबर पर फोन कर दोनों से अभद्रता करते हुए धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक समशेर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# शाखा प्रबंधक पर बदसलूकी का आरोप

इटियाथोक (गोंडा)। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक पर बीसी सखी ने बदसलूकी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने क्षेत्रीय प्रबंधक से मामले की शिकायत की है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने बताया कि प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की परासराय शाखा में उनका अकाउंट है। वह बैंक के बीसी सखी कार्य से भी जुड़ी है। 24 मई की रात तकरीबन 8:30 बजे प्रबंधक ने फोन कर उनसे बदसलूकी की। 31 मई को जब वह बैंक गईं तो प्रबंधक उन्हें अश्लील फोटो दिखाने लगे। उन्होंने अपने भाई को फोन करके बैंक बुला लिया। आरोप है कि प्रबंधक ने उनके भाई को धमकी दी। उधर, शाखा प्रबंधक का कहना है कि युवती के आरोप निराधार हैं। (संवाद)

# कीर्तिवर्धन ने लगाई हैट्रिक, करण भूषण ने बचाई साख

## गोंडा से भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह ने तीसरी बार लहराया परचम, कैसरगंज से करण भूषण को पहली बार में मिल गई सफलता

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। गोंडा और कैसरगंज सीटों पर एक बार फिर कमल खिला है। एक तरफ गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने भाजपा के टिकट पर हैट्रिक लगाई तो दूसरी ओर कैसरगंज से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह ने अपना पहला चुनाव जीतकर पिता बृजभूषण शरण सिंह की साख बचा ली।

गोंडा लोकसभा सीट से कीर्तिवर्धन सिंह ने 2014 के चुनाव में सपा प्रत्याशी नंदिता शुक्ला को 1.60 लाख वोटों से हराकर पहली बार भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा के विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह को 1.66 लाख मतों के अंतर से हराया था। इस बार इंडी गठबंधन ने सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा था। माना जा रहा था कि श्रेया जीत दर्ज कर अपने दादा बेनी प्रसाद वर्मा की हार का बदला ले सकेंगी। कुर्मी, यादव और मुस्लिम वोटों की बदौलत वह संसद तक पहुंचेंगी। मगर जातीय जुगलबंदी भी उन्हें जीत नहीं दिला पाई। ऐसे में कीर्तिवर्धन सिंह तीसरी बार जीत हासिल करने में सफल हो गए।

इसी तरह कैसरगंज से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर भाजपा ने इस बार उनके बेटे करण भूषण सिंह को चुनाव मैदान में उतारा। करण भूषण ने पहली बार में ही सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र को शिकस्त दी है। यहां भी सपा की ब्राह्मण वोटों की सेंधमारी कोई खास असर नहीं डाल पाई। करण भूषण ने देवीपाटन मंडल में सबसे अधिक वोटों से जीत दर्ज कराई है।



कैसरगंज से नवनिर्वाचित भाजपा सांसद करण भूषण सिंह का नवाबगंज में स्वागत करते समर्थक। संवाद



जीत के बाद मंगलवार रात मनकापुर पहुंचे सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व विधायक प्रभात वर्मा। संवाद

### गोंडा के अब तक के सांसदों की सूची

| वर्ष | सांसद | दल |
|---|---|---|
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1964 | नारायण दांडेकर | स्वतंत्र पार्टी |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | आनंद सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | जनता पार्टी |
| 1980 | आनंद सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | आनंद सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | आनंद सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | केतकी देवी सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | कीर्तिवर्धन सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | कीर्तिवर्धन सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | कीर्तिवर्धन सिंह | भारतीय जनता पार्टी |

### कैसरगंज के सांसदों की सूची

| वर्ष | सांसद | दल |
|---|---|---|
| 1952 | शकुंतला नायर | हिंदू महासभा |
| 1957 | भगवानदीन मिश्र | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | बसंत कुंवरि | स्वतंत्र पार्टी |
| 1967 | शकुंतला नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | शकुंतला नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | रुद्रसेन चौधरी | जनता पार्टी |
| 1980 | राणावीर सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | राणावीर सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | रुद्रसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1991 | लक्ष्मीनारायण मणि त्रिपाठी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | बृजभूषण शरण सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 2014 | बृजभूषण शरण सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | बृजभूषण शरण सिंह | भारतीय जनता पार्टी |

### गोलबंदी हुई पर वोटों में नहीं बदल पाए

सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र ने कैसरगंज सीट से ब्राह्मणों के सहारे साइकिल से संसद भवन तक पहुंचने की पुरजोर कोशिशें कीं। मगर ब्राह्मण मतदाता सपा पर पूरा एतबार नहीं कर सके। इतना ही नहीं सपा ने भाजपा की तर्ज पर अंत तक सस्पेंस बनाए रखा और नामांकन के अंतिम दिन टिकट की घोषणा की। कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह के चुनाव प्रबंधन के आगे सपाई फेल हो गए। बृजभूषण अपने बेटे करण भूषण को टिकट के साथ ही जीत दिलाने में कामयाब रहे। विश्वविद्यालय समेत अन्य मुद्दों के जरिए युवाओं को जोड़ने साधने में भी सपा नाकाम रही। इस तरह से सपा प्रत्याशी को करारी शिकस्त मिली है।

# जमीन के विवाद में मारपीट, सात पर केस दर्ज

नवाबगंज (गोंडा)। इस्माइलपुर गांव जमीनी विवाद को लेकर मारपीट के मामले में सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। गांव की बिंदू सिंह ने बताया कि रविवार देर शाम सुभाष सिंह, अखिलेश सिंह और प्रीति सिंह उनसे गाली गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आई ननद गोल्डी सिंह को भी मारापीटा। दूसरे पक्ष के अखिलेश सिंह ने बताया कि गांव के विनय सिंह, राम सिंह, श्याम सिंह और गुड़िया सिंह ने जमीन विवाद को लेकर गाली देते हुए मारपीट की। जिसमें अखिलेश, उनकी पत्नी प्रीति, ससुर सुभाष सिंह घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई है। (संवाद)

# बैंक में ग्राहक की जेब से निकाले रुपये

गोंडा। पंजाब नेशनल बैंक की शाखा बड़गांव में सोमवार को रुपये निकालने गए खाताधारक की जेब से एक युवक ने 12 हजार रुपये पार कर दिए। छत्तीसगढ़ के विश्रामपुर के रहने वाले हरीश पांडेय ने बताया कि वह शहर के बड़गांव इलाके में रहते हैं। उनका पंजाब नेशनल बैंक की बड़गांव शाखा में खाता है। सोमवार को उन्होंने बैंक से 12 हजार रुपये निकाले। बैंक में भीड़ का फायदा उठाते हुए एक युवक ने उनकी जेब में रखे धनराशि पार कर दी। बाद में जब उन्होंने जेब चेक की तो घटना का पता चला। हरीश पांडेय की शिकायत पर पुलिस ने बैंक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें काले रंग की टीशर्ट व पैंट पहने एक युवक हरीश की जेब से रुपये निकालते दिखा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोर को पकड़ने के लिए टीमें लगाई गई हैं। (संवाद)

# प्रधान प्रतिनिधि और उनके साथी पर जानलेवा हमला, एफआईआर दर्ज

मनकापुर (गोंडा)। पुरानी रंजिश के चलते सोमवार रात बैरीपुर रामनाथ गांव के प्रधान प्रतिनिधि और उनके साथी पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। मनकापुर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मनकापुर के बैरीपुर रामनाथ गांव के प्रधान प्रतिनिधि अतुल कुमार पांडेय सोमवार रात लगभग नौ बजे अपने साथी गायत्री नगर के अमित कुमार पांडेय के साथ कार से बाजार से वापस घर आ रहे थे। गायत्री नगर तिराहे के पास विपक्षियों ने कार से उन्हें टक्कर मार दी। अतुल और अमित जैसे ही कार से उतरे, विपक्षियों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से उन पर हमला कर दिया। उनकी कार भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े, जिसके बाद हमलावर भाग निकले। अतुल ने गायत्री नगर के आशू त्रिपाठी, विवेक त्रिपाठी, महेंद्र नाथ त्रिपाठी, बैरीपुर के अतुल त्रिपाठी, पटेल नगर के विभू त्रिपाठी और विवेक मिश्रा के खिलाफ पुरानी रंजिश को लेकर हमला करने का आरोप लगाया है। कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

# दंपती को पीटा, चार पर केस

खोड़ारे (गोंडा)। बनगांव तिलखोरिया निवासी वाजिद अली अंसारी ने बताया कि दो जून की शाम सात बजे वह गांव के पुराने रास्ते से अपने घर आ रहे थे। गांव के ही हकीकुल्लाह बिना किसी बात के उन्हें गाली देने लगे। विरोध करने पर उसने मारपीट शुरू कर दी। चीख पुकार पर उन्हें बचाने दौड़ी पत्नी को भी हकीकुल्लाह, उसकी पत्नी अफसाना बेगम, बेटी परवीन व आफरीन ने मारापीटा। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# गैसड़ी उपचुनाव में सपा के राकेश की जीत

## डॉ. एसपी यादव के निधन से रिक्त सीट पर सपा ने उनके बेटे को दिया था टिकट

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। गैसड़ी विधानसभा के लिए हुए उपचुनाव में सपा के राकेश यादव ने 9,437 मतों से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह उर्फ शैलू को पराजित किया। उनके पिता डॉ. एसपी यादव के निधन से यह सीट रिक्त हुई थी। सपा प्रत्याशी को 87,120 व भाजपा प्रत्याशी को 77,683 मत हासिल हुए। वहीं, बसपा के प्रत्याशी मो. हारिस खान फिदा बाबा को 16,983 मत मिले।

सपा से डॉ. एसपी यादव ने विधानसभा चुनाव 2022 में गैसड़ी से जीत दर्ज की थी। उन्होंने भी भाजपा के शैलेश कुमार सिंह को पराजित किया था। उनके निधन पर सपा ने उनके बेटे राकेश यादव को प्रत्याशी बनाया था। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने यहां जनसभा कर लोगों से अपील की थी कि यह सीट सपा की है, उसे ही जिताएं। चुनाव में सपा व भाजपा में सीधी लड़ाई देखने को मिली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी गैसड़ी और पचपेड़वा में दो जनसभा करके विधानसभा प्रत्याशी शैलेश सिंह को जिताने की कोशिश की, लेकिन उनका जादू नहीं चल सका। यहां के मतदाता संवेदना और भावनाओं की ओर मुड़ते नजर आए। संसदीय सीट के साथ विधानसभा उप चुनाव में मिली जीत ने पार्टी समर्थकों के उत्साह को दोगुना कर दिया। पार्टी जिलाध्यक्ष माणिक लाल कश्यप के साथ पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।



**9,437**

मतों से भाजपा प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह उर्फ शैलू को दी शिकस्त

मंडी समिति में गैसड़ी के प्रत्याशी राकेश यादव को जीत का प्रमाणपत्र देते अधिकारी। स्रोत: सपा

### उपचुनाव में प्रत्याशियों की स्थिति पर एक नजर

| प्रत्याशी | पार्टी | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| राकेश कुमार यादव | सपा | 87,120 | 46.76 |
| शैलेश कुमार सिंह शैलू | भाजपा | 77,683 | 41.7 |
| मो. हारिस खान | बसपा | 16,983 | 9.12 |
| मो. गुलजार अहमद | पीस पार्टी | 1,307 | 0.7 |
| रामदुलारे | निर्दलीय | 485 | 0.26 |
| लक्ष्मण लाल | निर्दलीय | 507 | 0.27 |
| शंपराम | निर्दलीय | 855 | 0.46 |
| नोटा | | 1364 | 0.73 |
| योग | | 186304 | 100 |

### क्षेत्र का विकास और जनता की करेंगे सेवा : राकेश यादव

गैसड़ी के नवनिर्वाचित विधायक राकेश यादव ने जीतने के बाद कहा कि आप जनता के आशीर्वाद से उन्हें जीत मिली है। कहा कि गैसड़ी क्षेत्र के विकास में वह कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। सड़कों के विकास के साथ ही उनके पिता के प्रयासों से स्थापित हुए सरकारी शैक्षिक संस्थानों के संचालन के लिए आवाज उठाएंगे। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए प्रयास करेंगे। किसी भी जनता का उत्पीड़न नहीं होने देंगे और हर वक्त आम जनता के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने पूरे क्षेत्र के लिए जो भी कार्य योजना बनाई थी, उसे पूरा कराने के लिए जी जान लगा देंगे।

### पिता के रुतबे को रखा बरकरार

डॉ. एसपी यादव एक कुशल नेता होने के साथ ही एमएलके पीजी कॉलेज में प्रोफेसर थे। वह गोंडा व बलरामपुर में विभाजन से पहले सपा की स्थापना के समय जिलाध्यक्ष थे। वे गैसड़ी से चार बार (1993, 1997, 2012, 2022) विधायक रहे और मुलायम सिंह की सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। उनका निधन इसी साल 26 जनवरी को हुआ था। वे अपने बेटे राकेश को सियासत में लाने के लिए प्रयासरत रहे। उनके निधन के बाद उपचुनाव में जीत दर्ज कर राकेश यादव ने अपने पिता के रुतबे को बरकरार रखने के साथ सियासी विरासत को भी संभाला।

# मोदी और योगी के चेहरे पर भाजपा को मिले वोट

ोंडा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और
ुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चेहरे पर
ाजपा के पक्ष में अधिक वोट पड़े। वहीं,
ोंडा में भाजपा सांसद को एक बार फिर
ंगठन की मेहनत का फायदा मिला है।
सके अतिरिक्त शहर के मिश्रौलिया,
हादेवा और सोनी गुमटी पर फ्लाईओवर
 साथ ही मेडिकल कॉलेज निर्माण
राया गया।

सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने आखिरी
क्त तक अपने लोगों को साधे रखा।
पा प्रत्याशी श्रेया वर्मा ने जातीय
मीकरण साधने की भरसक कोशिशें
ीं, मगर कई वर्ग के समर्थन के
ावजूद एकमुश्त वोटों में उन्हें तब्दील
हीं करा पाई। (संवाद)

# किशोरी को अगवा करने वाले आरोपी की जमानत याचिका खारिज

गोंडा। किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपी का जमानत प्रार्थनापत्र न्यायालय ने खारिज कर दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार करनैलगंज क्षेत्र के एक व्यक्ति ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 05 मई 2024 को उसकी 14 साल की बेटी को शादी करने के उद्देश्य से दक्षिणी दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्र नरेला की जेजे कॉलोनी भवाना निवासी अरुण कुमार बहलाकर अपने साथ ले गया। वह फोन पर उनकी बेटी से बात करता था। करनैलगंज पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान मुकदमे के साक्ष्य व अपराध की गंभीरता देखते हुए प्रभारी विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सूर्यप्रकाश सिंह ने आरोपी अरुण कुमार का

# 23,942 वोटरों ने दबाया नोटा का बटन

संवाद न्यूज एजेंसी

### 2.35 प्रतिशत वोटरों ने भीषण गर्मी में पोलिंग बूथ जाकर भी किसी प्रत्याशी को नहीं दिया वोट

गोंडा। लोकतंत्र के महापर्व में गोंडा और कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के 23,942 मतदाताओं को कोई भी प्रत्याशी पसंद नहीं आया। लोकतंत्र की जीत के लिए इन्होंने भीषण गर्मी में पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा (नॉन ऑफ द एबव) यानी इनमें से कोई नहीं... का बटन दबाया। दोनों सीटों पर छोटे दल व निर्दलीय उम्मीदवारों से ज्यादा वोट नोटा के खाते में दर्ज किया गया है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता को लेकर करीब दो महीने तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अभियान चलाया। इसके बाद भी वोट प्रतिशत तो नहीं बढ़ सका लेकिन कुछ जागरूक लोग प्रत्याशी न पसंद होने के बावजूद वोट करने पहुंचे। जिससे पिछले चुनाव के सापेक्ष नोटा आगे रहा।

हमेशा की तरह इस बार भी राजनीतिक दलों ने जनता को लुभाने के लिए वादों का पिटारा खोल दिया। लेकिन पूर्व के वादों को न पूरा करने के कारण 2.35 प्रतिशत लोगों में नाराजगी देखने को मिली।

### कहां कितने मतदाताओं ने दबाया नोटा

**गोंडा में कुल पड़े वोट :** 952884

**नोटा :** 9055

**कैसरगंज में कुल पड़े वोट :** 1062099

**नोटा :** 14887

### छह प्रत्याशियों को शिकस्त देकर चौथे स्थान पर रहा नोटा

- नोटा गोंडा व कैसरगंज के छह प्रत्याशियों को शिकस्त देकर चौथे स्थान पर काबिज रहा। गोंडा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा, इंडिया गठबंधन व बसपा के बाद चौथा स्थान नोटा का ही रहा। यहां नोटा को 9,055 वोट मिले। भारतीय उदय निर्माण पार्टी के विनोद कुमार सिंह को 1,483, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी राघवेंद्र को 2,028, निर्दल अरुणिमा पांडेय को 3,073, राम उजागर को 3,535 और राजकुमार को 1,989 वोट हासिल हुए। वहीं, कैसरगंज में भी 14,887 वोट पाकर नोटा चौथे स्थान पर काबिज रहा, जबकि यहां से निर्दलीय प्रत्याशी अरुणिमा पांडेय को 9,250 वोट प्राप्त हुए हैं।

# कैसरगंज व गोंडा में भाजपा का कब्जा बरकरार

**1,48,843** मत से जीते करण भूषण **46,224** मत से कीर्तिवर्धन सिंह विजयी | गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने लगाई जीत की हैट्रिक तो करण भूषण अपने पहले चुनाव में ही हुए विजयी




गल्ला मंडी में भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह को जीत का प्रमाणपत्र देतीं रिटर्निंग अफसर एम. अरुन्मोली और गोंडा से जीते कीर्तिवर्धन सिंह को प्रमाणपत्र देतीं डीएम नेहा शर्मा। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। गोंडा और कैसरगंज लोकसभा सीट पर कमल खिलाने में भाजपा प्रत्याशी कामयाब रहे। कैसरगंज से बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह ने भारी मतों से जीत दर्ज कराई। जबकि गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करते हुए हैट्रिक लगाई। जीत के बाद समर्थकों ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ जश्न मनाया। वहीं, शांतिपूर्ण मतदान को लेकर जिला प्रशासन दिनभर सक्रिय रहा।

जिले की कैसरगंज लोकसभा सीट से मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह ने अपने निकट प्रतिद्वंद्वी और इंडी गठबंधन समर्थित सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र को 1,48,843 मतों से पराजित किया। करण भूषण को 5,71,263 और भगतराम को 4,22,420 वोट मिले हैं। दोनों प्रत्याशियों के बीच सुबह मतगणना की शुरुआत में कुछ घंटे तक कांटे की टक्कर रही। मगर बाद में भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह ने लगातार बढ़त बनाए रखी, जो बाद में जीत में तब्दील हो गई। जीत के बाद रिटर्निंग अफसर सीडीओ एम. अरुन्मोली ने करण भूषण सिंह को प्रमाणपत्र देकर बधाई दी।

गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने 46,224 वोटों से जीत दर्ज की है। यह उनकी अब तक की सबसे कम वोटों से जीत है। उनसे मुकाबिल इंडी गठबंधन समर्थित सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा ने कांटे की टक्कर दी। मगर श्रेया बढ़त बनाने में कामयाब नहीं हो पाईं। गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाई है। उन्हें इस बार 4,74,258 वोट मिले हैं। जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा को 4,28,034 वोट मिले। इस तरह से भाजपा ने चुनाव नतीजों के साथ गोंडा व कैसरगंज सीट अपने नाम कर ली।

## पोस्टल बैलेट के वोटों से करण ने बनाई बढ़त

पोस्टल बैलेट के वोटों से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह ने बढ़त से शुरुआत की थी। संसदीय सीट पर 1,332 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें सबसे अधिक 827 डाक मत भाजपा को मिले। जबकि निकटतम सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र को 408, बसपा को 62 और निर्दलीय प्रत्याशी अरविंद पांडेय को 20 वोट पोस्टल बैलेट के रूप में मिले। पोस्टल बैलेट के 15 मतदाताओं ने नोटा को वोट दिया है। इस तरह लोकसभा सीट पर निर्दल प्रत्याशी से अधिक 14,887 वोट नोटा को मिले हैं।

## वादे पूरे करने का करूंगा प्रयास



जीत के लिए कैसरगंज की जनता को बधाई देता हूं। पिता के मार्गदर्शन में पहली बार चुनाव लड़ा। समर्थन के लिए जनता बधाई की पात्र है। जनता से किए गए सभी वादे पूरे करने का प्रयास करूंगा। – **करण भूषण सिंह**, नवनिर्वाचित सांसद कैसरगंज

## विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे



सभी विधायकों को धन्यवाद देता हूं। शीर्ष नेतृत्व के साथ ही जिलाध्यक्ष बधाई के पात्र हैं। ये चुनाव चुनौतीपूर्ण नहीं रहा, काम हुआ है। जनता ने अहम फैसला किया है। सभी को धन्यवाद। विकास कार्यों के तेजी से आगे बढ़ाएंगे। – **कीर्तिवर्धन सिंह**, नवनिर्वाचित सांसद गोंडा

## भगतराम बोले- वोटरों को धन से किया गया प्रभावित

हार के बाद कैसरगंज से सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र ने कहा कि मतदाताओं को धन से प्रभावित किया गया है। मतदाताओं ने पूरे मन से उनका व समाजवादी पार्टी का समर्थन किया है। इनकी कोमल जीवन के अंतिम समय तक चुकाने का प्रयास करेंगे। वहीं, सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा काउंटिंग पूरी होने से पहले ही मतगणना स्थल से बाहर चली गईं। उन्होंने मीडिया समेत किसी से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। गोंडा लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी सौरभ मिश्र ने कहा कि इस बार अपनी बात मतदाताओं तक नहीं पहुंचा पाए।

## डाक मतों में श्रेया वर्मा ने कीर्तिवर्धन को दी मात

गोंडा लोकसभा सीट पर पोस्टल बैलेट के जरिए कुल 1,292 वोट पड़े। इनमें भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह को 567 और सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा को 671 वोट मिले। जबकि बसपा प्रत्याशी सौरभ को 41 डाक मत ही मिले। इस तरह पोस्टल बैलेट से पड़े वोटों से श्रेया वर्मा ने भाजपा प्रत्याशी को मात दी। मगर ईवीएम के वोटों में श्रेया लगातार पीछे होती चली गईं।

## गोंडा लोकसभा सीट

| प्रत्याशी | राजनीतिक दल | प्राप्त मत | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा | 4,74,258 | 49.77 फीसदी |
| श्रेया वर्मा | सपा | 4,28,034 | 44.92 फीसदी |
| सौरभ मिश्र | बसपा | 29,429 | 3.09 फीसदी |
| राम उजागर | निर्दल | 3,535 | 0.37 फीसदी |
| अरविंद पांडेय | निर्दल | 3,073 | 0.32 फीसदी |
| राघवेंद्र | भारतपंथ | 2,028 | 0.21 फीसदी |
| राजकुमार | निर्दल | 1,989 | 0.2 फीसदी |
| विनोद कुमार सिंह | भाजनिपा | 1,483 | 0.16 फीसदी |
| नोटा | इनमें से कोई नहीं | 9,055 | 0.95 फीसदी |

**9,52,884** कुल मत पड़े | **9,51,592** वोट ईवीएम से | **1,292** वोट पोस्टल बैलेट से

## कैसरगंज संसदीय सीट

| प्रत्याशी | दल | प्राप्त मत | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| करण भूषण सिंह | भाजपा | 5,71,263 | 53.79% |
| भगतराम मिश्र | सपा | 4,22,420 | 39.77% |
| नरेंद्र पांडेय | बसपा | 44,279 | 4.17% |
| अरविंद पांडेय | निर्दल | 9,250 | 0.87% |
| नोटा | इनमें से कोई नहीं | 14,887 | 1.4% |

**10,62,099** कुल पड़े वोट

**10,60,767** मत पड़े ईवीएम से

**1,332** पोस्टल बैलेट से वोट

## श्रावस्ती सीट से जीते सपा के राम शिरोमणि वर्मा



राम शिरोमणि वर्मा को जीत का प्रमाणपत्र देते अधिकारी। संवाद मिशन

**511055** मत हासिल कर भाजपा प्रत्याशी को 76,673 वोटों से दी शिकस्त

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। महात्मा बुद्ध की तपोस्थली व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कर्मस्थली श्रावस्ती संसदीय सीट पर भारतीय जनता पार्टी को करारी शिकस्त मिली है। यहां पर समाजवादी पार्टी के राम शिरोमणि वर्मा ने 76,673 मतों से जीत हासिल कर लगातार दूसरी बार सांसद चुने गए हैं। राम शिरोमणि वर्मा को 5,11,055 मत मिले, जबकि निकटतम प्रत्याशी भाजपा के साकेत मिश्र मात्र 4,34,382 मत ही हासिल कर सके। वहां पर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मुईनुद्दीन अहमद उर्फ हाजी दद्दन खां ने 5.6251 मत हासिल कर अपनी जमानत गंवा दी। भाजपा प्रत्याशी की हार से जहां कार्यकर्ता हताश व निराश दिखे, वहीं सपा प्रत्याशी की जीत से समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखा।

श्रावस्ती संसदीय सीट में बलरामपुर, तुलसीपुर, गैसड़ी, श्रावस्ती व भिनगा सहित कुल पांच विधानसभा शामिल हैं। इन पांचों विधानसभा क्षेत्रों के 19,80,381 मतदाताओं में से 10,46,528 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मंगलवार की सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हुई तो पोस्टल बैलेट से ही सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा ने बढ़त बनाने का जो सिलसिला शुरू किया वह अंत तक कायम रहा। तीन राउंड को छोड़कर सपा प्रत्याशी को हर राउंड में बढ़त मिली। मतगणना समाप्त हुई तो सपा प्रत्याशी ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की। संसदीय सीट के मतों की गणना के बाद देर शाम तक मिलान होता रहा। श्रावस्ती जनपद की दो विधानसभाओं के मतों का मिलान करके ही परिणाम जारी किया। इस जीत के साथ राम शिरोमणि वर्मा ने श्रावस्ती सीट से लगातार दूसरी बार सांसद बनने का रिकॉर्ड कायम किया।

## श्रावस्ती संसदीय सीट पर प्रत्याशियों की स्थिति

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| राम शिरोमणि वर्मा | सपा | 5,11,055 | 48.83 |
| साकेत मिश्र | भाजपा | 4,34,382 | 41.51 |
| मुईनुद्दीन खां | बसपा | 5,6251 | 5.38 |
| अहमद किद खां | पीस पार्टी | 15630 | 1.49 |
| शांति देवी | निर्दलीय | 4,011 | 0.38 |
| सुशील कुमार | निर्दलीय | 3,946 | 0.38 |
| युवक किशोर | आजपा | 2,673 | 0.26 |
| कृष्ण मौर्य | जनता पार्टी | 2,267 | 0.22 |
| मालिक राम | निर्दलीय | 2,113 | 0.2 |
| अंकित तिवारी | निर्दलीय | 1,514 | 0.14 |
| हनुमान प्रसाद | किमसंपा | 1,495 | 0.14 |
| कुमारी मीना | राजद | 1,319 | 0.13 |
| नोटा | | 9,872 | 0.94 |

योग - 1,04,6528

## विकास को देंगे गति अधूरे काम होंगे पूरे



श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने जीतने के बाद कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता विकास को रफ्तार देना है। नई रेलवे लाइन के साथ ही प्रस्तावित बलरामपुर-प्रयागराज मार्ग के निर्माण कार्य को शुरू कराएंगे। आम लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए नई व्यवस्था होगी, ताकि लोग अपनी बात सीधे कह सकें। उन्होंने कहा कि यह जीत आम जनता की है। एक बार फिर जिस तरह आम लोगों ने उनपर भरोसा जताया है, उसपर खरा उतरने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। बाढ़ की समस्या से निजात के साथ ही बलरामपुर व श्रावस्ती को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

# कैसरगंज में बृजभूषण की विरासत संभालेंगे करण भूषण

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। कैसरगंज व गोंडा लोकसभा सीट पर इस बार दो बड़े सियासी घरानों की नई पीढ़ियों की परीक्षा थी। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाने वाले मंडल के कद्दावर नेता बृजभूषण शरण सिंह की जगह अब उनके बेटे करण भूषण सिंह कैसरगंज की विरासत संभालेंगे। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की तीसरी पीढ़ी की श्रेया वर्मा को पहले चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

कैसरगंज लोकसभा सीट पर पिछले 28 साल से दो ही राजनीतिक घरानों का दबदबा कायम रहा है। वर्ष 1996 से 2004 तक बेनी प्रसाद वर्मा लगातार चार बार यहां से सांसद रहे। इसके बाद वर्ष 2009 से 2024 तक बृजभूषण शरण सिंह यहां से सांसद रहे। लेकिन वर्ष 2024 में इन दोनों घराने ने पहली बार अपनी अगली पीढ़ी को चुनाव मैदान में उतारकर राजनीतिक विरासत आगे बढ़ाने का प्रयास किया। बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह पहली बार सियासी पारी शुरू करते हुए कैसरगंज लोकसभा सीट से चुनाव लड़े और वह विजयी भी हुए। लेकिन बेनी प्रसाद वर्मा के बेटे व पूर्व मंत्री राकेश वर्मा की बेटी श्रेया वर्मा गोंडा लोकसभा सीट से अपने जीवन का पहला चुनाव हार गईं। उन्हें भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह ने शिकस्त दी।

इस तरह बृजभूषण अपनी अगली पीढ़ी को राजनीतिक विरासत सौंपने में सफल हो गए। जबकि वर्ष 2009 में गोंडा लोकसभा सीट से भी बेनी प्रसाद वर्मा सांसद रह चुके हैं। अब दिवंगत बेनी प्रसाद वर्मा की तीसरी पीढ़ी को अगले चुनाव का इंतजार करना पड़ेगा।




बृजभूषण व बेनी प्रसाद वर्मा। स्रोत सोशल मीडिया

## जातीय दीवारें दरकीं, भाजपा के पक्ष में आया परिणाम

चुनाव परिणाम आने के पहले गोंडा व कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में जातीय समीकरण हावी रहने का कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन भाजपा के विकास के मुद्दे के सामने जातीय दीवारें दरक गईं। गोंडा लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी मतदाताओं की संख्या बहुतायत होने के कारण कयास लगाया जा रहा था कि सजातीय वोट पाकर श्रेया वर्मा को चुनाव में जीत होगी। मगर चुनाव परिणाम उनके साथ नहीं रहे। इसी तरह कैसरगंज में भी ब्राह्मण प्रत्याशी भगतराम मिश्र को सजातीय वोटों की बदौलत पहली बार संसद में पहुंचने का भरोसा था। लेकिन दोनों सीटों पर जातीय फार्मूला फेल रहा और भाजपा के दोनों प्रत्याशी विजयी रहे।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2024

# मतगणना को लेकर चाक चौबंद दिखी व्यवस्था

बलरामपुर, संवाददाता। मतगणना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद दिखी। मतगणना में किसी प्रकार की बाधा न आने पाए इसके लिए रूट डायवर्जन किया गया था। भगवतीगंज चौराहे से मंडी समिति तक तीन स्थानों पर वैरिकेडिंग की गई थी। प्रत्येक वैरिकेडिंग पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जो आने जाने वाले लोगों की सघन जांच करने के बाद ही मतगणना स्थल की ओर जाने दिया जाता था। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार सुबह से ही कमान संभाले थे।

सोमवार रात में ही भगवतीगंज चौराहे से लेकर मंडी समिति तक तीन स्थानों पर वैरिकेडिंग की गई थी। गोंडा की ओर जाने वाले वाहनों को रूट डायवर्जन कर नहरबालागंज से होकर फुलवरिया बाईपास पर निकाला जाता था। मंडी समिति गेट पर मतगणना स्थल पर जाने वाले लोगों की सघन जांच की जाती थी। समिति परिसर में पुलिस कर्मियों के साथ-साथ अर्द्धसैनिक बलों के जवान भी तैनात किए गए थे। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के साथ-साथ एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, योगेश कुमार, क्षेत्राधिकारी बृजनंद राय व नगर कोतवाल शैलेश सिंह, कोतवाल देहात दुर्गेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ भ्रमण कर रहे थे।

# आंधी से हो गई अव्यवस्था, सुस्त रही मतगणना की रफ्तार

जासं • बलरामपुरः महासमर के अंतिम चरण मतगणना की घड़ी मंगलवार को आई तो मौसम का रंग भी बदल गया। जनमत पर मानो प्रकृति भी अपनी मुहर लगाने पहुंची हो। मतगणना स्थल पर पुलिस व पैरामिलिट्री के जवान मुस्तैद थे। प्रेक्षक, निर्वाचन अधिकारी व मतगणना कार्मिक उत्साह से लबरेज होकर प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम से बाहर निकालने पहुंचे। इसी बीच तेज आंधी से अफरातफरी मच गई।

मंडी समिति में लगी कुर्सियां इधर-उधर बिखर गईं। पंडालों पर लगे तिरपाल बंधन तोड़कर उड़ जाने को बेताब थे। आपाधापी के बीच मतगणना निर्धारित समय सुबह आठ बजे नहीं शुरू हो पाई। हवाओं की रफ्तार कम होने के बाद लोकसभा श्रावस्ती की तीन विधानसभाओं

**साउंड सिस्टम दुरुस्त न होने से सूचना प्रसारण में आई बाधा आपाधापी के बीच मतगणना समय से नहीं हो सकी शुरू**

बलरामपुर, तुलसीपुर, गैंसड़ी व गोंडा संसदीय क्षेत्र के उतरौला व गैंसड़ी विस उप चुनाव के ईवीएम मतगणना टेबल पर विलंब से पहुंचाए गए। इसके बाद कार्मिकों ने मतों की गिनती शुरू की।

**सूचनाओं के प्रसार में रही बाधाः** मतगणना स्थल मंडी समिति में बनाए गए मीडिया सेंटर में मतों की गिनती की सूचना नहीं पहुंच पा रही थी। किस विधानसभा में कितने राउंड गिनती हुई, कौन प्रत्याशी आगे या पीछे है, यह जानने को मीडियाकर्मियों को मतगणना पंडाल तक जाना पड़ता था। कारण विधानसभावार जो साउंड सिस्टम लगाए गए थे, उनकी आवाज मीडिया सेंटर तक स्पष्ट रूप से नहीं पहुंच पा रही थी। इसे लेकर मीडियाकर्मियों में असंतोष रहा। आपाधापी में मीडियाकर्मी मतगणना की सूचना संकलित कर अफसरों को अपडेट करते रहे।

**मतगणना की रफ्तार रही सुस्तः** मतगणना की रफ्तार मौसम ठीक होने के बाद भी सुस्त रही। यहां लोकसभा श्रावस्ती के साथ गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के मतों की गिनती की रफ्तार धीमी रही। बलरामपुर के ईवीएम की गणना 31 चक्रों, उतरौला के 33, तुलसीपुर व गैंसड़ी के मतों की गणना 30-30 चक्रों में होनी थी। शाम चार बजे तक किसी विधानसभा के 14, तो किसी के 15 चक्रों की ही मतगणना हो पाई थी।



बलरामपुर के गोंडा रोड पर की गई बैरिकेडिंग। -संवाद

# टीवी व मोबाइल से चिपके रहे लोग, अभेद्य रही सुरक्षा

जासं • बलरामपुर: लोकसभा चुनाव के नतीजे जानने के लिए प्रत्याशी व समर्थकों के साथ आमजन भी उत्साह से लबरेज दिखे। मंगलवार सुबह मंडी समिति भगवतीगंज में संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती की तीन विधानसभा तुलसीपुर, गैंसड़ी, बलरामपुर, गोंडा लोकसभा क्षेत्र के उतरौला विधानसभा व गैंसड़ी विधानसभा उप चुनाव की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू हुई।

लोस श्रावस्ती का परिणाम जानने के लिए लोग मंडी में मौजूद अपने जानने वालों से बराबर मोबाइल से संपर्क करते रहे। यही नहीं, पूरे देश में चुनावी नतीजे जानने को लोग पूरे दिन टेलीविजन व मोबाइल से चिपके रहे। चुनावी नतीजों के साथ ही लोगों के दिल की धड़कनें बढ़ती रहीं। भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्र के चुनाव कार्यालय पर लोग टीवी के सामने बैठे रुझान देखते रहे। मनपसंद प्रत्याशी की बढ़त पर खुशी से लबरेज दिखा तो, कुछ लोगों के चेहरे लटक गए।

**चाय की दुकानों पर होती रही चर्चा:** चुनावी नतीजे आने के साथ ही चाय व पान की दुकानों पर चर्चाओं का बाजार गर्म होता रहा। चाय की चुस्की के साथ ही लोग स्थानीय सीट समेत देश भर में आने वाले रुझानों को लेकर गुफ्तगू में मशगूल दिखे। घटते-बढ़ते मतों को लेकर हार-जीत का गुणा-भाग चलता रहा।





भाजपा कार्यालय अटल भवन में टीवी पर रुझान देखते कार्यकर्ता व मतगणना के दौरान गोंडा मार्ग पर पसरा सन्नाटा • जागरण



नगर स्थित एक होटल पर मोबाइल में चुनाव परिणाम का रुझान देखते लोग • जागरण



भाजपा चुनाव कार्यालय में टेलीविजन व मोबाइल पर रुझान देखते कार्यकर्ता • जागरण

### गोंडा मार्ग पर रहा डायवर्जन

मतगणना को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मतगणना की संवेदनशीलता को देखते हुए शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। दुकानें बंद रहीं। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। गोंडा मार्ग पर डायवर्जन किया गया। गोंडा की तरफ से आने वाले वाहन फुलवरिया बाइपास से घूमकर नहर बालागंज होते हुए बलरामपुर आए। इसी तरह बलरामपुर से गोंडा जाने वाले वाहनों को भगवतीगंज चौराहा पर मोड़ दिया गया, जो उतरौला रोड पर घूमकर फुलवरिया बाइपास होते हुए निकले। इसके अलावा नगर के वीर विनय चौराहा, भगवतीगंज चौराहा, स्टेशन मोड़, चीनी मिल गेट व फुलवरिया बाइपास पर पुलिस बल तैनात रही।

# गोंडा मार्ग पर रहा डायवर्जन

मतगणना को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मतगणना की संवेदनशीलता को देखते हुए शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। दुकानें बंद रहीं। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। गोंडा मार्ग पर डायवर्जन किया गया। गोंडा की तरफ से आने वाले वाहन फुलवरिया बाइपास से घूमकर नहर बालागंज होते हुए बलरामपुर आए। इसी तरह बलरामपुर से गोंडा जाने वाले वाहनों को भगवतीगंज चौराहा पर मोड़ दिया गया, जो उतरौला रोड पर घूमकर फुलवरिया बाइपास होते हुए निकले। इसके अलावा नगर के वीर विनय चौराहा, भगवतीगंज चौराहा, स्टेशन मोड़, चीनी मिल गेट व फुलवरिया बाइपास पर पुलिस बल तैनात रही।

# हाईटेक रिजल्ट ने फीकी की मतगणना स्थल की रौनक

**बलरामपुर।** निर्वाचन आयोग के हाईटेक तरीकों की वजह से मतगणना स्थल बेहद फीका नजर आया। न तो मतगणना स्थल के बाहर समर्थकों की भीड़ दिखी और न ही चक्रवार घोषणा को लेकर मीडियाकर्मियों व प्रशासन में रुचि नजर आई। लोगों की निगाहें मोबाइल पर टिकी रहीं। वहीं आयोग की वेबसाइट पर भी हर कोई देशभर का परिणाम देखता नजर आया।

हर बार मतगणना का दिन बेहद रोचक होता था। गिनती शुरू होते ही मतगणना स्थल के बाहर लोगों का हुजूम एकत्र होता था। यहीं से चक्रवार परिणाम की घोषणा के बाद जिंदाबाद के जोशीले नारे सुनने को मिलते थे। वहीं परिणाम जानने के लिए लोग लाउडस्पीकर पर कान लगाए रहते थे। इस बार नतीजे जानने के लिए हाईटेक सिस्टम का काफी असर देखने को मिला। (संवाद)

# अधिक डीजल खर्च दिखाने में फंसे 15 चालक

**बलरामपुर।** मानक से अधिक डीजल की खपत करने के मामले में बलरामपुर डिपो के 15 चालकों को नोटिस दिया गया है। अप्रैल व मई माह में इन चालकों ने निर्धारित रूट पर बसों का संचालन करते हुए ज्यादा डीजल का खर्च दिखाया था। जून माह में डीजल की खपत कम न होने पर इन चालकों के वेतन से एकमुश्त रिकवरी की जाएगी। इन चालकों ने अलग-अलग दिन बस चलाकर तीन से 19 लीटर तक अधिक डीजल की खपत की है। डिपो की प्रभारी तरन्नुम ने बताया कि सभी रोडवेज बसों की डीजल खपत का औसत सामान्य है। 15 चालकों ने डीजल की अधिक खपत दर्शायी है, जो दोषपूर्ण है। स्थिति न सुधरने पर इन चालकों के वेतन से एकमुस्त रिकवरी की चेतावनी भी दी गई है। (संवाद)

# आंदोलन की दी चेतावनी

**बलरामपुर।** सदर तहसील परिसर में मंगलवार को प्रधान संघ की बैठक हुई। बैठक में ग्राम प्रधानों ने अपनी समस्याओं पर चर्चा की। अखिल भारतीय पंचायत परिषद के जिलाध्यक्ष शांतिभूषण शुक्ल ने कहा कि पंचायत सहायकों के डिजिटल स्वीकृति के बाद भुगतान होने के शासनादेश का ग्राम प्रधान पुरजोर विरोध करेंगे। जब तक इस शासनादेश को वापस नहीं लिया जाता है तब तक ग्राम प्रधान गांव के विकास कार्यों में भी सहयोग नहीं करेंगे। (संवाद)

# मतगणना को लेकर मुस्तैद रहा प्रशासन

**संवाद न्यूज एजेंसी**





मतगणना स्थल का निरीक्षण करते प्रेक्षक। ड्यूटी पर्ची का वितरण करवाते सीडीओ। संवाद

**बलरामपुर।** श्रावस्ती व गोंडा लोकसभा सीट की मतगणना के साथ गैसड़ी विधानसभा के उपचुनाव की काउंटिंग को लेकर कृषि उत्पादन गल्ला मंडी परिसर में मंगलवार को सुबह से ही पुलिस प्रशासन ने छावनी में तब्दील कर दिया। मुख्य गेट से अंदर जाने के लिए लोगों को पुलिस की चाक-चौबंद सुरक्षा घेरे से होकर गुजरना पड़ा। कोई भी प्रत्याशी हो या फिर आम कार्यकर्ता, सभी को मेटल डिटेक्टर की सघन चेकिंग के बाद ही अंदर जाने की इजाजत दी गई। यहां तक कि गेट के सामने दूर-दूर तक किसी भी निजी वाहन को खड़ा नहीं होने दिया गया।

तेज आंधी व बारिश के चलते निर्धारित समय से करीब सवा घंटे देरी से मतगणना शुरू हो सकी। यहां पर श्रावस्ती लोकसभा सीट के तीन विधानसभा क्षेत्रों सदर, तुलसीपुर, गैसड़ी की मतगणना कराई गई। साथ में गोंडा लोकसभा सीट से जुड़ा उतरौला विधानसभा चुनाव के साथ गैसड़ी विधानसभा के उपचुनाव की भी मतगणना कराई गई। प्रेक्षक किशोर कुमार, संघ मित्रा गौतम, जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम अरविंद सिंह, एसपी केशव कुमार, प्रभारी मतदान कार्मिक व सीडीओ संजीव कुमार मौर्य, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव व योगेश कुमार मतगणना स्थल पर दिनभर डटे रहे और पल-पल की स्थिति पर लगातार निगाहें बनाए रहे।

सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन की तरफ से कड़े इंतजाम किए गए थे। गेट नंबर एक पर छह प्रभारी निरीक्षकों के साथ फौज के जवान व महिला कांस्टेबल तैनात रहे। इससे शांतिपूर्ण व पारदर्शिता से मतगणना को संपन्न कराया गया।

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2024

हिन्दुस्तान

# ट्रेन में लूट और हमले की एफआईआर दर्ज

- रेलवे के एसपी ने किया निरीक्षण, खुलासा करने के दिए निर्देश
- रेलवे स्टेशन पर दरगाह की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लिया जायजा

बहराइच, संवाददाता। रिटायर वन दरोगा से मेमो ट्रेन में चाकू मारकर लूट के मामले में जीआरपी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जीआरपी एसपी डॉ. अवधेश सिंह ने सोमवार रात शहर पहुंचकर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने लूट की घटना के खुलासा के निर्देश दिए हैं।

नगर कोतवाली के घसियारीपुरा निवासी रिटायर वन दरोगा पांच दिनों पूर्व सुरेश चंद्र द्विवेदी गोंडा के कौड़िया बाजार जा रहे थे। बहराइच -गोंडा रेल प्रखंड के चिलवरिया रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन पहुंचने पर सामने खड़े युवक से दरोगा ने हटने की बात कही।

इससे युवक ने नाराज रिटायर वन दरोगा को चाकू मारकर घायल कर दिया था। इसके बाद युवक ने ट्रेन में बैठे सेवानिवृत्त वन दरोगा से मोबाइल और नकदी छीन कर कूद कर फरार हो गया था। घायल वन दरोगा को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया था। ट्रेन में लूट की घटना और हमले की जानकारी होने पर रेलवे गोरखपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. अवधेश सिंह और पुलिस उपाधीक्षक विनोद कुमार बहराइच रेलवे स्टेशन पहुंच कर निरीक्षण किया।

हिन्दुस्तान

# वोटों की गिनती के दौरान कड़ी सुरक्षा

## मुस्तैदी

- चारों ओर पसरा रहा सन्नाटा, जमुनहा व भिनगा मार्ग ब्लाक रहा
- पैदल यात्रियों को भी नहीं रही आवागमन की अनुमति

बहराइच, संवाददाता। अठाहरवीं लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर मंगलवार को गल्ला मंडी परिसर के बहराइच- भिनगा व बहराइच- मल्हीपुर मार्ग पर कड़ी सुरक्षा व दोनों रोड ब्लाक होने की वजह से सन्नाटा पसरा रहा। खास बात यह रही न तो आसाम हाईवे के मल्हीपुर व भिनगा चौराहा, और न ही पोद्दार पेट्रोल पम्प की ओर ही लोगों का जमावड़ा दिखा। दरगाह जेठ मेला के बावजूद पैदल यात्रियों को भी इस ओर आवागमन की अनुमति नहीं रही।

लोकसभा हो या विधानसभा चुनाव गल्ला मंडी ही चुनाव प्रक्रियाओं के संपादन का केन्द्र रहता आया है। आस-पास के लोगों का कहना रहा कि मतगणना को लेकर जितने कड़े सुरक्षा इंतजाम इस बार दिखा, वैसी कड़ी सुरक्षा पहले नहीं देखा। इसकी परेशानी भिनगा, जमुनहा व नानपारा की ओर जाने वाले यात्रियों को हुई।

आसाम चौराहे से शहर या रोडवेज बस स्टैंड जाने के लिए लोगों को भिनगा चौराहे से आगे बाईपास, दुनक्का होकर आना- जाना पड़ा। मतगणना परिसर के अंदर भी सुरक्षा व्यवस्था काफी चुस्त- दुरुस्त रहा।



मतगणना स्थल पर भारी मात्रा में तैनात रहा सुरक्षा बल • हिन्दुस्तान

**बस स्टैंडों व रेलवे स्टेशन पर रहा सन्नाटा : बहराइच।** मतगणना के मद्देनजर मंगलवार को शहर के सभी बस स्टैंडों व रेलवे स्टेशन पर सन्नाटा पसरा रहा। नाममात्र यात्री शहर की ओर आए। लोग घरों में टीवी के सामने डटे रहे।

शहर के रोडवेज, महसी, कठाईघाट, नानपारा, रामगांव, हुजूरपुर, भिनगा व जमुनहा बस स्टैंड पर मंगलवार को सन्नाटा पसरा रहा। यही नजारा बहराइच रेलवे स्टेशन का भी रहा।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। पयागपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को ककरहवां दिगितपुरवा से दुष्कर्म, पाक्सो, एससीएसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में वांछित चल रहे उमेश चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (संवाद)

# दुष्कर्मी युवक को 10 वर्ष की सजा, 20 हजार जुर्माना

**जासं ● बहराइच :** विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीपकांत मणि ने दुष्कर्म के आरोपित युवक को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर तीन माह अतिरिक्त जेल काटनी पड़ेगी।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजन संतोष कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि मामला जरवलरोड थाना क्षेत्र के एक गांव का है। 12 जनवरी 2016 को एक व्यक्ति की 15 वर्षीय बेटी शौच के लिए गई थी। आरोपित अजय कुमार ने उसको जबरदस्ती गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया था और वहीं बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गया था। घंटों बाद जब पीड़िता घर नहीं लौटी तो स्वजन ने उसकी तलाश शुरू की तो गन्ने के खेत में निर्वस्त्र बेहोशी की हालत में पड़ी मिली। पीड़िता को घर लाकर पूछने पर उसने बताया कि अजय कुमार ने दुष्कर्म किया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया और अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मंगलवार को अभियोजन व बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपित अजय कुमार को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की सजा दी है। अदालत ने पीड़िता की उम्र व अपराध की प्रकृति को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रतिकर धनराशि दिलाए जाने की संस्तुति की है। दोषी अजय कुमार का सजायाबी वारंट बनाकर सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया गया।

## अदालत से

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# दुष्कर्मी को दस वर्ष की कैद

**बहराइच।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो दीपकांत मणि ने मंगलवार को दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश ने दोषी पर 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना जरवल के एक गांव निवासी पिता ने 12 जनवरी 2016 को अजय कुमार पर 15 वर्षीय बेटी से दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए जरवल थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। (संवाद)

हिन्दुस्तान

# दिन के साथ ही चढ़ता गया बहराइच का सियासी पारा

**उत्साह**

- रुझान की खबर बाहर आने पर लोगों का बढ़ता गया जोश, लगते रहे नारे
- दूर-दराज गांवों में बैठे लोग अपडेट जानने को बेताब रहे

■ प्रमोद शुक्ल

**बहराइच।** लोकसभा चुनाव की मतगणना की वजह से जेठ का दूसरा मंगलवार बहुत खास रहा। इस दिन हनुमान जी की आराधना के साथ ही चुनावी रिजल्ट का लोग बेसब्री से इन्तजार कर रहे थे। जेठ कृष्ण त्रयोदशी की भोर से ही तेज हवाएं चलने लगीं, कुछ ही छड़ों में रिमझिम बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं के चलने से मंडी स्थित मतगणना पंडाल के आस-पास लगे टेंट उड़ने लगे। अचानक हुए इस परिवर्तन से मौसम सुहाना हो गया, जिससे कुछ छड़ों के लिए लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। इसके साथ ही पोस्टल बैलेट की गणना शुरू हुई। दिन चढ़ने के साथ ही तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, इसके साथ ही सियासी पारा चढ़ता रहा। लोग जीत और हार का आकलन करते रहे।

सुबह के आठ बजते ही लोगों में चुनाव परिणाम जानने की आकांक्षा हिलोरें मारने लगीं। पार्टियों के मतगणना एजेंटों ने तो सुबह ही मतगणना स्थल पहुंचकर अपना दायित्व ग्रहण कर लिया था। पार्टी के समर्थकों के जत्थे भी आठ बजते ही मंडी की ओर जाने को निकल पड़े। कई लोगों के वाहनों को जगह-जगह बनाए गए बैरियर से ही वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने लौटा दिया। जो लोग अपने वाहनों को दूर-दराज इलाकों में छोड़कर वहां पहुंचे वे पार्टी प्रत्याशियों की ओर से बनाए गए वेटिंग पंडालों में बैठकर रुझान व रिजल्ट आने का इंतजार करते रहे। दिन चढ़ने के साथ ही मौसम ने फिर करवट ली, और तेज धूप खिल आई। जिससे टेंट के नीचे बैठे पार्टियों के समर्थक पसीना-पसीना हो रहे थे, फिर भी उनमें रुझाने जानने की ऐसी अभिलाषा रही, कि ये भीषण गर्मी की परवाह किए बिना सुखद समाचार जानने को डटे रहे।



मतगणना का जायजा लेती एसपी।

पहले चरण की मतगणना में भाजपा प्रत्याशी मामूली अंतर से आगे रहे, यह खबर बाहर आते ही लोगों की खुशी का ठिकाना न रहा। प्रत्याशी व पार्टी के पक्ष में नारे लगा कर लोगों ने अपनी खुशी का इजहार करते रहे। दूर-दराज गांवों में बैठे लोग इन पंडालों में मौजूद अपने परिचितों के मोबाइल फोन पर लगातार कॉल कर अपडेट लेते रहे। लोग मोबाइल व टीवी पर चिपके रहे और देश व विभिन्न प्रदेशों के दिग्गज प्रत्याशियों का रुझान लेते रहे। दोपहर बाद जब बहराइच सुरक्षित व कैसरगंज आंशिक लोकसभा सीट के रुझान से भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हो गई, तो दूसरे दलों के लोगों की भीड़ छटने लगी, कुछ ही देर में उनके पंडाल खाली हो गए।

कैसरगंज सीट के भाजपा प्रत्याशी की बढ़त देख उनके समर्थकों ने भी राहत की सांस ली। बहराइच सीट के भाजपा के समर्थक एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करने लगे। वह अपने प्रत्याशी आनंद गोंड से मिलकर उन्हें माला पहनाने व बधाई देने में व्यस्त रहे। यह सिलसिला रात तक चलता रहा।

# दबंगों ने ग्रामीण को पीटा, चार पर केस

**जरवलरोड (बहराइच)।** थानाक्षेत्र के भक्तिनपुरवा रेवढ़ा निवासी विजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि घूरनपुर अटवा निवासी राजेश, देशराज, पेशकार, रामचंदर बीती 31 मई को ट्रैक्टर लेकर आए। इसके बाद उसके घर को जाने वाले रास्ते को जोतने लगे और कंटीले तार लगाने लगे। विरोध जताने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2024

# छावनी में तब्दील रहा कलेक्ट्रेट, त्रिस्तरीय सुरक्षा

**श्रावस्ती, संवाददाता।** मंगलवार को हुई लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पूरे कलेक्ट्रेट को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। तीन स्तर की सुरक्षा की गई थी। जिसमें कलेक्ट्रेट के बाहर चारो ओर सुरक्षा कर्मी तैनात रहे।

मंगलवार सुबह तेज आंधी और बरसात ने मतगणना को कुछ देर के लिए प्रभावित किया। लेकिन तय समय पर मतगणना शुरू कर दी गई। मतगणना को शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए कलेक्ट्रेट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। कलेक्ट्रेट के बाहर चारो ओर सुरक्षा कर्मी तैनात रहे। इसके बाद गेट पर भी कड़ी सुरक्षा रही। सुरक्षा कर्मी बिना प्रवेश पत्र के कलेक्ट्रेट के अंदर नहीं जाने दे रहे थे। इसके साथ ही मतगणना स्थल के चारो ओर सुरक्षा कर्मियों का कड़ा पहरा रहा। मतगणना स्थल पर भी बिना प्रवेश पत्र के अंदर नहीं जाने दिया जा रहा था।



कलेक्ट्रेट गेट पर मौजूद सुरक्षा कर्मी।

# महिलाओं को दी साइबर अपराध की जानकारी

**श्रावस्ती।** थानों में गठित एंटी रोमियो टीम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं व युवतियों को जागरूक कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को सिरसिया के बेलहरी, फरचलवा, सिरसिया बाजार, इकौना बाजार, सोनवा के बैभी सहित कई स्थानों पर चौपाल लगाई गई।

फरचलवा में आयोजित चौपाल में महिलाओं व युवतियों को हेल्पलाइन नंबर ट्वीटर सेवा, डायल-112, वूमेन पावर लाइन-1090, सीएम हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेंटर-181 तथा जनसुनवाई पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केंद्र आदि योजनाओं की भी जानकारी दी। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं व युवतियां मौजूद रहीं। (संवाद)

अमर उजाला
Classified